स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

कानपुर, बृहस्पतिवार
19 जून, 2025
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष 8
सं. 2082 वि.
वर्ष 36, अंक - 297 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

मुख्य कोच गौतम गंभीर लीड्स में दोबारा टीम से जुड़े



## 'एक्सिओम मिशन 4' की लॉन्चिंग में फिर देरी

**वॉशिंगटन।** एक्सिओम मिशन 4 के प्रक्षेपण में एक बार फिर देरी होगी। मिशन अब पहले से तय 19 जून को लॉन्च नहीं होगा। बताया गया कि नासा, एक्सिओम स्पेस और स्पेसएक्स अब रविवार, 22 जून से

### 22 जून से पहले प्रक्षेपण की कोई तैयारी नहीं

पहले अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए चौथे निजी अंतरिक्ष यात्री अभियान 'एक्सिओम मिशन 4' के प्रक्षेपण का लक्ष्य नहीं बना रहे हैं। प्रक्षेपण तिथि में बदलाव से नासा को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के ज्वेज्दा सेवा मॉड्यूल के सबसे पिछले हिस्से में हाल ही में किए गए मरम्मत कार्य के बाद स्टेशन संचालन का मूल्यांकन जारी रखने का समय मिलेगा। 19 जून वाली लॉन्चिंग टालने से पहले एक्सिओम स्पेस मिशन को 11 जून को फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च किया जाना था।

# 'अब आतंकवाद को प्रॉक्सी वॉर नहीं, युद्ध की तरह देखता है भारत'

**कनानास्किस (कनाडा)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ 35 मिनट तक फोन पर बात की। इस दौरान पीएम मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति को पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों के खिलाफ भारत की

### डोनाल्ड ट्रंप को पीएम मोदी की दो टूक

### कहा तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार नहीं

ओर से शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी और साफ किया कि आतंकवाद का समर्थन करने वाले देशों को इसके परिणाम भुगतने होंगे। इस दौरान पीएम मोदी ने यह भी कहा कि भारत अब आतंकवाद को प्रॉक्सी वॉर की तरह नहीं देखेगा, वह इसे युद्ध कार्रवाई की तरह देखता है।
विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने मोदी-ट्रंप फोन कॉल पर एक बयान में कहा,



पीएम मोदी ने स्पष्ट किया कि ऑपरेशन सिंदूर के संबंध में व्यापार से संबंधित किसी भी विषय पर चर्चा नहीं की गई। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत ने कभी भी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को स्वीकार नहीं की है और भविष्य में भी इस तरह की मध्यस्थता को स्वीकार नहीं करेगा।
उन्होंने कहा कि ट्रंप ने जी-7 बैठक में भाग लेने के लिए यहां आए पीएम मोदी को कनाडा से लौटते समय अमेरिका आने का निमंत्रण दिया।
हालांकि, पीएम मोदी ने कहा कि वह पहले से तय कार्यक्रम के कारण निमंत्रण स्वीकार नहीं कर सकते।

पीएम मोदी ने इस साल के अंत में संभावित क्वाड शिखर सम्मेलन के लिए ट्रंप को भारत आने का निमंत्रण दिया। इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष के बीच ट्रंप ने बैठक बीच में ही छोड़ दी थी। दोनों नेताओं ने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद बात की थी, जब ट्रंप ने अपनी संवेदना व्यक्त की थी और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत का समर्थन किया था।
फोन कॉल के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भारत ने 9-10 मई की रात को पाकिस्तान के हमले का कड़ा जवाब दिया, जिससे पाकिस्तान के सैन्य बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान हुआ और उनके एयरबेस बेकार हो गए। पीएम मोदी ने ट्रंप से कहा कि पाकिस्तान को भारत की कड़ी प्रतिक्रिया ने उन्हें भारत से सैन्य अभियान रोकने का आग्रह करने पर मजबूर किया।
विदेश सचिव ने बताया कि प्रधानमंत्री ने ट्रंप से साफ कहा कि इस पूरी घटनाक्रम में भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर कोई चर्चा नहीं हुई और भारत और पाकिस्तान के बीच अमेरिकी मध्यस्थता का कोई संदर्भ नहीं था। पीएम मोदी ने स्पष्ट किया कि सैन्य कार्रवाई रोकने का फैसला भारत और पाकिस्तान के बीच मौजूदा चैनलों का उपयोग करते हुए सीधी बातचीत से और पाकिस्तान के आग्रह पर लिया गया था। प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट रूप से स्पष्ट किया कि भारत पाकिस्तान के साथ अपने व्यवहार में किसी भी मध्यस्थता को स्वीकार नहीं करेगा और इस मुद्दे पर द्विदलीय या राजनीतिक एकता है। मिस्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की बात सुनने के बाद ट्रंप ने मुद्दे को समझा और आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के लिए समर्थन किया। उन्होंने कहा, पीएम मोदी ने ट्रंप से कहा कि अब से भारत आतंकवाद को प्रॉक्सी वॉर (छद्म युद्ध) के रूप में नहीं, बल्कि युद्ध की कार्रवाई के रूप में देखेगा और ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है।

# सरेंडर नहीं करेंगे : खामेनेई

**तेहरान/तेल अवीव।** ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई ने बुधवार को अपने एक मैसेज में कहा

### अमेरिकी दखल मंजूर नहीं

### ईरान के नागरिकों को वॉट्सएप डिलीट करने के आदेश

### इजराइली हमले में 600 मौतें

### तेहरान में लोगों ने घर छोड़े

### इजरायल ने तेज किए हवाई हमले

कि अमेरिका सुन ले, हम सरेंडर नहीं करेंगे। खामेनेई ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को चेतावनी देते हुए कहा, अगर इजराइल के खिलाफ जंग में अमेरिकी सेना ने दखल दिया, तो अंजाम बुरा होगा।



### इजरायल को ईरान से बचाने में सक्रिय हुआ अमेरिका

**वॉशिंगटन।** ईरान के परमाणु संयंत्र को खत्म करने के लिए जरूरी हथियार पहुंचाने के लिए इस्राइल के पास जरूरी विमान नहीं है। ऐसा विमान केवल अमेरिका पर है। इस बीच अमेरिका इजरायल के सैनिक और अड्डे सुरक्षित करने के लिए काम रहा है। इस बीच अमेरिकी सैन्य विमानों और जहाजों की लगातार पश्चिम एशिया की ओर बढ़ रहे हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि अमेरिकी सेना ने ईरान के खिलाफ कोई आक्रामक कार्रवाई नहीं की है, बल्कि इजरायल की रक्षा के लिए ईरानी मिसाइलों को नष्ट करने के लिए केवल रक्षात्मक हमले किए हैं। इसके अलावा पश्चिम एशिया में अमेरिका ने अतिरिक्त अमेरिकी लड़ाकू विमान और एयर-रिफ्यूलिंग टैंकर्स (हवा में ईंधन भरने वाले विमान) तैनात किए गए हैं।

खामेनेई का यह मैसेज ईरान की नेशनल टीवी पर प्रेजेंटर ने पढ़ा गया। खामेनेई ने कहा, जो लोग ईरान का इतिहास जानते हैं, उनको पता है कि ईरानी किसी की धमकियां नहीं सुनता। इजराइल ने बहुत बड़ी गलती की है और उसे इसकी सजा मिलेगी। ईरान थोपी गई शांति या युद्ध को नहीं मानेगा। इससे पहले खामेनेई ने मंगलवार देर रात इजराइल के खिलाफ जंग का ऐलान किया था। उन्होंने एक्स पर लिखा- जंग शुरू होती है। हम आतंकी इजराइल को कड़ा जवाब देंगे। उन पर कोई दया नहीं दिखाएंगे। इस ऐलान के बाद ईरान ने इजराइल पर 25 मिसाइलें दागीं। दरअसल, ट्रम्प ने मंगलवार को खामेनेई से सरेंडर करने की मांग की थी। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर लिखा- अनकंडीशनल सरेंडर (बिना शर्त सरेंडर)। एक पोस्ट में उन्होंने लिखा, ईरान के आसमान पर हमारा कब्जा है। हम जानते हैं कि सुप्रीम लीडर कहां छिपा है, लेकिन हम उसे मारेंगे नहीं। उधर, इजरायल ने बुधवार को सुबह ही ईरान की राजधानी तेहरान पर हवाई हमले तेज कर दिए। इजराइल ने तेहरान के एक अन्य क्षेत्र पर हमले की चेतावनी जारी की थी, जिसके बाद ये हमले किए गए। इसके चलते पूरे मिडिल ईस्ट क्षेत्र में अनिश्चितता का माहौल है। इजरायल की ओर से ईरान के सैन्य एवं परमाणु ठिकानों को निशाना बनाकर किए जा रहे हवाई हमलों के छठे दिन तेहरान में रह रहे ज्यादातर लोग अपने घरों को छोड़कर चले गए हैं। इससे पहले आज ईरान ने इजराइल पर मिसाइल हमलों की दो लहरें चलाई, जिससे तेल अवीव में विस्फोट हो गए। जवाब में, इजराइली वायु सेना ने ईरानी राजधानी के पास हवाई हमले किए। तेहरान के डिस्ट्रिक्ट 18 के निवासियों को हमलों से पहले कथित तौर पर खाली करने का आदेश दिया गया था। ईरानी मीडिया ने तेहरान और करज दोनों में विस्फोटों की पुष्टि की है।
ईरान ने मंगलवार को नागरिकों को अपने स्मार्टफोन से वॉट्सएप हटाने का आदेश दिया है।

## यूपी में दी मॉनसून ने दस्तक

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** इंतजार की घड़ियां खत्म हुई। उत्तर प्रदेश में आखिरकार बुधवार को मानसून ने दस्तक दे दी। बुधवार को सोनभद्र की ओर से दाखिल मानसून


### तपिश और लू से मिलेगी राहत, होगी झमाझम बारिश

के असर से प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों सोनभद्र, गाजीपुर, वाराणसी आदि में मानसूनी बारिश की शुरुआत हो चुकी है। जल्द ही पूर्वी यूपी से शुरू हुई इस मानसूनी बारिश का असर पश्चिम तक देखने को मिलेगा। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, गाजीपुर, बलिया, देवरिया, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, बलरामपुर, श्रावस्ती एवं आसपास के इलाकों में। प्रयागराज, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच व आसपास के इलाकों में।

### केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की बड़ी घोषणा

## फास्टैग : 3000 का वार्षिक पास लाएगी सरकार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को 3000 रुपये के वार्षिक फास्टैग आधारित पास का ऐलान किया। यह पास 15 अगस्त से प्रभावी होगा। इससे निजी वाहनों को विशेष रूप से फायदा होगा। गडकरी ने कहा, हम 3,000 रुपये की कीमत वाला फास्टैग-आधारित



### 15 अगस्त से होगा प्रभावी

वार्षिक पास पेश कर रहे हैं, जो 15 अगस्त 2025 से प्रभावी होगा। यह एक्टिव होने की तारीख से एक साल या 200 यात्राओं तक के लिए वैध रहेगा। सक्रिय होने की तारीख से एक साल या 200 यात्रा, में से जो भी पहले होगा, तब तक यह मान्य होगा। यह पास विशेष रूप से गैर-व्यावसायिक निजी वाहनों जैसे कार, जीप और वैन के लिए डिजाइन किया गया है। गडकरी ने एक्स पर लिखा, एक ऐतिहासिक पहल के तहत 15 अगस्त 2025 से रु. 3,000 की कीमत वाला फास्टैग आधारित वार्षिक पास शुरू किया जा है। यह पास सक्रिय होने की तिथि से एक वर्ष तक या 200 यात्राओं तक, जो भी पहले हो, वैध रहेगा। यह पास केवल गैर-व्यावसायिक निजी वाहनों (कार, जीप, वैन आदि) के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है। यह देशभर के राष्ट्रीय राजमार्गों पर निर्बाध यात्रा को संभव बनाएगा। उन्होंने आगे लिखा, वार्षिक पास को सक्रिय करने, नवीनीकरण के लिए जल्द ही राजमार्ग यात्रा एप और NHAI या MoRTH की वेबसाइट्स पर एक अलग लिंक उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे प्रक्रिया सरल और सुगम होगी। उन्होंने लिखा, यह नीति 60 किलोमीटर की सीमा के भीतर स्थित टोल प्लाजा के बारे में लंबे समय से चली आ रही चिंताओं को संबोधित करती है और एक ही सुलभ लेनदेन के माध्यम से टोल भुगतान को सहज बनाएगी।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

## पुलिया से टकराकर पलटी कार में लगी आग

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** बुलंदशहर जिले में एक कार पुलिया से टकराकर पलट गई और फिर आग लग गई। हादसे में कार सवार पांच लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई।

### मासूम समेत पांच लोग जिंदा जले

जहांगीराबाद थाना इलाके में जहांगीराबाद-बुलंदशहर मार्ग पर गांव चांदीक चौराहे के पास बदायूं की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार अनियंत्रित एक पुलिया से टकरा गई थी। इसके बाद कार में आग लग गई। हादसे में कार सवार एक मासूम समेत कुल पांच लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। जबकि, हादसे में एक युवती की हालत गंभीर है। जिसका उपचार चल रहा है। ये सभी बदायूं में शादी समारोह से दिल्ली लौट रहे थे। हादसे की वजह ड्राइवर को नींद की झपकी आना बताई जा रही है। बदायूं जिले के थाना सहसवान के गांव चमनपुरा निवासी



तनवीर अहमद दिल्ली में रहते हैं। देर रात उनकी पुत्रियां गुलनाज, मोमिना, पुत्र तनवीज अहमद, एक अन्य किशोरी निदा उर्फ जेवा और जुबेर अली निवासी खैरपुर बख्शी थाना सहसवान के साथ उनका दो वर्षीय पुत्र जैनुल बुधवार सुबह कार से दिल्ली जाने के लिए निकले थे। जहांगीराबाद थाना इलाके में कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें मोमिना, तनवीज, निदा, जुबेर अली और दो वर्षीय जैनुल की जिंदा जलकर मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से झुलसी गुलनाज का उपचार चल रहा है।

## तेज रफ्तार ने ले ली सुबह की सैर को निकले तीन बुजुर्गों की जान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** आगरा के थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र के शाहदरा फ्लाई ओवर पर दर्दनाक हादसा हुआ। बुधवार सुबह लखनऊ मंडी से मैक्स में आम भरकर ला रही गाड़ी हादसे का शिकार हो गई। अचानक तेज रफ्तार मैक्स गाड़ी अनियंत्रित हो गई। चालक उसे संभाल नहीं पाया। मैक्स डिवाइडर में टकराकर पलट गई। इस दौरान हाईवे किनारे सुबह-सुबह टहलने के लिए निकले तीन लोग दब गए। वहीं चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे को देख मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। गंभीर घायलों को उपचार के लिए जब तक अस्पताल भेजा जाता, तब तक चार की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं



मैक्स गाड़ी का परिचालक गंभीर रूप से घायल है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। हादसे में शाहदरा निवासी 65 वर्षीय राजेश पुत्र लाखन सिंह, 60 वर्षीय रामेश्वर पुत्र बुद्धराम, 63 वर्षीय हरीबाबू पुत्र स्व. धुरीलाल, वहीं गाड़ी चालक कृष्णा की मौत हो गई।

## मणिपुर में तीन उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के विभिन्न इलाकों से जबरन वसूली के आरोप में तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। बिष्णुपुर जिले के निंगथौखोंग खा खुनौ से कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीडब्ल्यूजी) के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। वे स्थानीय कारोबारियों से जबरन वसूली करने में शामिल थे। उनके पास से एक खाली मैगजीन के साथ .32 बोर की पिस्तौल जब्त की गई। पुलिस के मुताबिक, केसीपी-मायमल फौंगंग लनमि (एमएफएल) के एक सदस्य को इंफाल ईस्ट जिले के चिंगमेइरोंग से गिरफ्तार किया गया और उसकी पहचान युमनाम जेनिका (22) के रूप में हुई।

# क्लासरूम घोटाला मामले में ईडी का एक्शन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय ने क्लासरूम निर्माण घोटाला मामले में 37 ठिकानों पर छापेमारी की। प्रवर्तन निदेशालय ने घोटाले की मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत कई ठिकानों पर छापा मारा है। यह घोटाला कथित तौर पर पिछली आप सरकार के दौरान हुआ था। ईडी ने दिल्ली भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

### 1214 शौचालय बनाए और उन्हें ही बता दिया कक्षा

जांच में यह भी पता चला कि 193 स्कूलों में 160 शौचालय बनाए जाने थे, लेकिन 37 करोड़ रुपये अधिक खर्च कर 1214 शौचालय बनाए गए। दिल्ली सरकार ने इन शौचालयों को कक्षा बताया और 141 स्कूलों में सिर्फ 4027 कक्षाएं ही बनाई।

### कॉन्ट्रैक्टर्स और ठेकेदारों के 37 ठिकानों पर रेड



(एसीबी) की एफआईआर पर संज्ञान लेते हुए पीएमएलए के तहत आपराधिक मामला दर्ज करने के बाद छापेमारी की। ईडी ठेकेदारों और निजी संस्थाओं के कम से कम 37 ठिकानों पर तलाशी कर रही है।
बता दें कि ईडी ने 30 अप्रैल को दर्ज अपनी एफआईआर में आप के नेता और अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार में पूर्व मंत्री मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के खिलाफ मामला दर्ज किया था। एफआईआर में आरोप लगाया गया था कि दिल्ली सरकार के स्कूलों में 12,000 से अधिक कक्षाओं या अर्ध-स्थायी संरचनाओं के निर्माण में 2,000 करोड़ रुपये की वित्तीय अनियमितताएं की गई थीं।
दिल्ली सरकार में शिक्षा मंत्री रहे मनीष सिसोदिया ने सरकारी स्कूलों का कायाकल्प करने की योजना के अंतर्गत 193 स्कूलों में 2400 से अधिक कक्षाओं का निर्माण कराया था। निर्माण की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी को सौंपी गई थी। केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) ने 17 फरवरी 2020 की एक रिपोर्ट में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की ओर से दिल्ली सरकार के स्कूलों में 2,400 से अधिक कक्षाओं के निर्माण में घोर अनियमितताओं को उजागर किया।

**बिना निविदा के दे दिए 500 करोड़**

सतर्कता आयोग ने भ्रष्टाचार की शिकायत के बाद जांच में पाया कि दिल्ली सरकार ने बिना निविदा के ही प्रोजेक्ट को 500 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी मंजूर कर दी थी।

## '6.5 प्रतिशत से ज्यादा रहेगी भारत की जीडीपी ग्रोथ'

**कोलकाता।** प्रमुख रेटिंग एजेंसी आईसीआईआए ने अपने ताजा अनुमान में कहा है कि 2025-26 वित्त वर्ष में भारत की असली सकल घरेलू उत्पाद बढ़ोतरी 6.5 प्रतिशत से अधिक रह सकती है। वहीं, सकल मूल्य वर्धन (ग्रॉस वैल्यू एडेड) की बढ़ोतरी 6.3 प्रतिशत से ऊपर रहने की संभावना जताई गई है। आईसीआईआए ने बताया कि ग्रामीण मांग मजबूत बनी रहेगी, जिसका कारण रबी की फसलों से होने वाली आमदनी और जलाशयों का सामान्य से अधिक जलस्तर है। आईसीआईआए के अनुसार, खुदरा महंगाई 4.2 प्रतिशत से ऊपर रह सकती है। वहीं थोक महंगाई 2.7 प्रतिशत से अधिक रह सकती है। इस दौरान राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

# विमान हादसा : 190 पीड़ितों के डीएनए नमूने परिवार के सदस्यों के साथ मेल खाए

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद विमान हादसे में 190 पीड़ितों के डीएनए नमूने परिवार के सदस्यों से मेल खा गए हैं। अब तक 159 शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं। एअर इंडिया विमान दुर्घटना पर अहमदाबाद

### 159 शव परिजनों को सौंपे गए

सिविल अस्पताल के अधीक्षक राकेश जोशी ने कहा, आज 10.45 बजे तक 190 डीएनए नमूने मेल खा चुके हैं। 159 मृतकों के पार्थिव अवशेष उनके परिवारों को सौंप दिए गए हैं। 190 डीएनए नमूनों में से जो मेल खाए हैं, उनमें 123 भारतीय, सात पुर्तगाली, 27 ब्रिटेन, चार गैर-यात्री और एक व्यक्ति कनाडा से हैं। एकमात्र जीवित बचे विश्वास को



छुट्टी दे दी गई है। उसे उसके परिवार के साथ घर वापस भेज दिया गया है। 12 जून को 242 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को लेकर लंदन जा रहा एअर इंडिया का विमान एआई-171 अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। विमान के एक मेडिकल कॉम्प्लेक्स में दुर्घटनाग्रस्त होने से विमान में सवार एक व्यक्ति को छोड़कर सभी की मौत हो गई थी। इस दौरान जमीन पर मौजूद लगभग 29 लोगों की भी मौत हो गई थी। अधिकारी पीड़ितों की पहचान करने के लिए डीएनए परीक्षण कर रहे हैं, क्योंकि कई शव पहचान नहीं हो पा रहे हैं।

## मोटरसाइकिल स्कूटी में टक्कर तीन घायल

**सफीपुर उन्नाव** स्कूटी मोटरसाइकिल की आमने सामने भिड़ंत में तीन लोग घायल हो गएण्सभी घायलों को नजदीकी सी एच सी में भर्ती कराया गया जहां सभी घायलों का उपचार किया जा रहा है फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ऊगू मिट्ठू खेड़ा मार्ग पर स्कूटी और मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर हो जाने से ऊगू निवासी स्कूटी सवार शिक्षिका अपूर्वा पटेल 24 वर्ष पुत्री रूपराम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गई जो मिट्ठू खेड़ा गांव के प्राइमरी विद्यालय से वापस घर जा रही थीण् शिक्षिका के साथ उसके बड़ी बहन को 3 वर्षीय पुत्री आव्या भी चोटिल हो गई वहीं हरदोई जनपद के थाना अल्लागंज क्षेत्र के गांव बंसी पुरवा निवासी मोटरसाइकिल सवार युवक राजा 20 वर्ष पुत्र गंगादीन भी घायल हो गया वहीं उसका साथी अनुज मौके से भाग निकलाण्तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सफीपुर पहुंचाया गया जहां आव्या के मामूली छोटे थी और शिक्षिका तथा बाइक सवार युवक का उपचार किया जा रहा हैण्घायल बाइक सवार राजा ने बताया कि वह काली मिट्टी चौराहे पर बाउंड्रीवाल की फैक्टरी में मजदूरी करता है जो साथी का मोबाइल खो जाने के कारण जानकारी करने के लिए ऊगू गया था जहां से वापस आते समय दुर्घटना हो गई

## क़तर में गूँजेंगे स्वयं के गीत

### जिले के गीतकार स्वयं श्रीवास्तव विदेश में छोड़ेंगे साहित्यिक नगरी की छाप

उन्नाव। साऊदी अरब के दोहा क़तर में 20 जून को आयोजित हो रहे अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन और मुशायरा ष्अर्ज़ किया हैष् में उन्नाव के बहुचर्चित व लोकप्रिय युवा गीतकार स्वयं श्रीवास्तव अपनी अनूठी शैली के साथ मंच साझा करेंगे। साथ होगा विश्व स्तरीय हस्ताक्षरों शबीना अदीबए अज़हर इक़बालए अरुण जेमिनी और अमन अक्षर का। तीसरी बार विदेश में उन्नाव के साहित्य को स्थापित करने जा रहे अभ्युदय सेवा संस्थान के कोषाध्यक्ष स्वयं श्रीवास्तव की इस उपलब्धि पर डॉ प्रभात सिन्हाए अनिरुद्ध सौरभए डॉ मनोज श्रीवास्तवए ओ पी तिवारीए डॉ मनीष सिंह सेंगरए पवन निगमए प्रेम कुमार सिंहए अरविंद श्रीवास्तवए अखिलेश ओमरए राहुल कश्यप आदि सहित बड़ी संख्या में शुभचिन्तकों ने बधाइयाँ दीं।

## तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मारी

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव।** स्कूल से घर जा रही शिक्षिका की स्कूटी में तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे शिक्षिका गम्भीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने शिक्षिका को सी एच सी में भर्ती कराया। जहां गंभीर हालत देख प्राथमिक उपचार के बाद जिलाअस्पताल रेफर कर दिया गया। क्षेत्र की ग्रामपंचायत ऊगू ग्रामीण के परिषदीय में विद्यालय में कार्यरत शिक्षिका अपूर्वा उर्फ लक्ष्मी बुधवार दोपहर छुट्टी के बाद अपनी बहन की तीन वर्षीय बेटी आव्या के साथ स्कूटी से कस्बा ऊगू स्थित अपने घर लौट रही थी। अभी वह ऊगू के पास ही पहुंची थी तभी तेज रफ्तार बाइक सवार ने स्कूटी में टक्कर मार दी जिससे शिक्षिका गम्भीर रूप से घायल हो गई तथा शिक्षिका की भतीजी आव्या बाल बाल बच गई। आसपास के लोगों ने शिक्षिका के परिजनों को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल शिक्षिका को सफीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद शिक्षिका शिक्षिका की हालत देख डॉक्टर ने शिक्षिका को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

## स्कूटी में तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मारी

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव।** बीते दिवस साथी के साथ स्कूटी से कस्बा बांगरमऊ गए क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण की स्कूटी में तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी थी।जिससे स्कूटी चला रहे ग्रामीण की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी।जबकि पीछे बैठा साथी गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस ने मंगलवार को शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचने पर गांव में कोहराम मच गया।परिजनों ने बुधवार को नानामऊ घाट पर शव का अन्तिम संस्कार कर दिया। फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के ग्राम बरुआघाट निवासी लगभग पचास वर्षीय नरेशचंद्र पुत्र मूलचंद्र मंगलवार दोपहर गांव के ही महेश को स्कूटी पर बिठाकर कस्बा बांगरमऊ सरसों का तेल लेने गये थे। अभी वह कस्बा बांगरमऊ के लखनऊ रोड चौराहे के पास पहुंचे थी तभी उन्नाव की ओर से आ रहे लकड़ी लदे ट्रक ने उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी।जिससे स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायलों को बांगरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने घायल नरेश को मृत घोषित कर दिया तथा घायल महेश को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। जहां से उसे कानपुर रेफर कर दिया गया था।घायल का कानपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।वहीं पुलिस ने नरेश के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।पोटमार्टम के बाद बुधवार को जैसे ही नरेश का शव गांव पहुंचा गांव में शोक की लहर छा गई। वहीं मृतक की पत्नी मीना देवी के साथ परिजनों में चीख पुकार मच गई।मृतक अपने पीछे एक बेटे शुभम तथा तीन बेटियों कंचनएवंदना और शालू को रोता बिलखता छोड़ गया है।वह गांव में मोबाइल की दुकान चलाता था।परजनो ने मृतक का बुधवार को नानामऊ घाट पर अंतिम संस्कार दिया।

# तेज रफ्तार अनियंत्रित डम्फर ने तीन वाहनों में मारी टक्कर दो की मौत

**स्वतंत्र भारत पुरवा उन्नाव** पुरवा कोतवाली क्षेत्र में रफ्तार का कहर देखने को मिला है । पुरवा कोतवाली क्षेत्र के बिल्लेश्वर मंदिर के पास डंपरए ट्रैक्टर.ट्रालीए बाइक और ई.रिक्शा के बीच जोरदार टक्कर हो गई । इस हादसे में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई । जबकि 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए । घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है । वहीं मृतक पिता पुत्र के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है । आपको बता दें की बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार डंपर ने आगे चल रही ट्रैक्टर.ट्राली में जोरदार टक्कर मार दी । वहीं ट्रैक्टर.ट्राली से टकराने के बाद अनियंत्रित डंपर ने सामने से आ रही बाइक में टक्कर मारी । घटना में एक ई रिक्शा भी चपेट में आ गया । घटना के बाद चीख पुकार मच गई । हादसे की सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तवए सीओ अजय सिंह और नायब तहसीलदार आशुतोष पांडे भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे । एसडीएम और सीओ ने तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ;सीएचसीद्ध भिजवाया ।



सीएचसी में डॉक्टरों ने बाइक सवार आशीष ;निवासी पूरनदास खेड़ा थाना पुरवाद्ध को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल उसकी पत्नी ममता का इलाज जारी है। हादसे में घायल उनके मासूम बेटे अंशुमान की उपचार के दौरान मौत हो गई। ई.रिक्शा चालक अमन अवस्थी को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है । ई.रिक्शा में सवार अन्य लोगों को भी हल्की चोटें आईंए जिनका उपचार सीएचसी में किया जा रहा है । वहीं गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है । वहीं जिला अस्पताल में हादसे में मृतक आशीष के बेटे अंशुमान को भी डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया । वहीं अन्य घायलों का जिला अस्पताल में इलाज जारी है । वहीं हादसे के बाद ट्रैक्टर.ट्राली और डंपर चालक मौके से फरार हो गए। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है ।

# दिनदहाड़े लूट की वारदात, आरोपी सीसीटीवी में कैद

**स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नाव** तीन नकाबपोश बदमाश घर में दाखिल हुए और दो महिलाओं व नौकरानी को कमरे में बंदकर बाहर से कुंडी लगा दी । इस दौरान तमंचा दिखाकर अलमारी की चाबी कब्जे में लेते हुए 40 हजार की नगदी और चांदी के ज्वेलरी लूटकर फरार हो गए । लुटेरे नौकरानी का मोबाइल फोन भी लूटकर साथ ले गए । वहीं लुटेरों का लूट के बाद भागते समय फुटेज सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है । लूट की वारदात से हड़कंप मच गया । एसपी दीपक भूकर ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जल्द खुलासा का अल्टीमेटम दिया । एसपी ने खुलासे के लिए 5 टीमें गठित की है। एसपी ने बताया कि घटना के खुलासे में 5 टीमों को लगाया गया हैए जल्द खुलासा किया जाएगा । उन्नाव के गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गोपीनाथ पुरम की रहने वाली कुसुम श्रीवास्तव मंगलवार की दोपहर करीब 1 बजे अपनी बुजुर्ग मां व नौकरानी के साथ घर पर मौजूद थी। इस दौरान 3 नकाबपोश बदमाश घर में दाखिल हुए और तीनों महिलाओं को तमंचे की दम पर एक कमरे में बंधक बनाकर अलमारी की चाबी कब्जे में ली । इसके बाद कमरे के दरवाजे को बाहर से बंदकर अलमारी में रखी 40 हजार की नगदी व ज्वेलरी लूटकर फरार हो गए । दिनदहाड़े लूट की वारदात से सनसनी फैल गई । वहीं लुटेरों का लूट के बाद भागते समय फुटेज सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है । एसपी दीपक भूकर ए एडिशनल एसपी अखिलेश सिंह व फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और गहन जांच पड़ताल की । महिलाओं के बयान भी दर्ज किए है । नौकरानी की भूमिका पर पुलिस की नजर है । एसपी दीपक भूकर ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जल्द खुलासे का अल्टीमेटम दिया। एस पी ने बताया कि खुलासे के लिए 5 टीमें गठित की गई है। पूरी घटना का जल्द खुलासा किया जाएगा।



# इंजीनियर्स एसोशिएशन के पदाधिकारियों ने आजमगढ़ डीएम के खिलाफ दिया ज्ञापन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**उन्नाव** उत्तर रदेश इंजीनियर्स एसोशिएशन के पदाधिकारियों ने आजमगढ़ डीएम के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है । सिंचाई विभाग के कर्मियों ने काली पट्टी पहनकर उन्नाव कलेक्ट्रेट पहुंचे और को ज्ञापन सौंपा । सिंचाई विभाग कर्मियों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप डीएम आजमगढ़ के खिलाफ कार्रवाई की मांग की । आपको बता दें की आजमगढ़ में बीते दिनों डीएम आजमगढ़ रवींद्र कुमार द्वितीय पर आरोप है की आजमगढ़ के सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियंता के साथ बदसलूकी और जानलेवा हमला करने का आरोप है । जिसको लेकर सिंचाई विभाग कर्मियों ने पैदल मार्च निकालते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे । कलेक्ट्रेट में काली पट्टी बांधकर पहुंचे सिंचाई विभाग कर्मियों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा । सिंचाई विभाग कर्मियों ने आजमगढ़ डीएम के खिलाफ कार्रवाई की मांग की । सिंचाई विभाग के एक्सईएन शैलेश कुमार सिंह ने बताया की आजमगढ़ में एक अधिशासी अभियंता से जिलाधिकारी द्वारा दुर्व्यवहार किया गयाए गाली गलौज किया गया जिसके विरोध में हम लोगों ने ये ज्ञापन दिया है । उन्होंने कहा की अगर कोई कार्रवाई नहीं होगी तो ये विरोध और भी आगे तक जायेगा । उच्चाधिकारियों द्वारा जो भी निर्देश दिया जायेगा उसी हिसाब से ये विरोध किया जायेगा।

## मैनपुरी में महिला स्वरोजगार को बढ़ावा देने हेतु नवज्योति मेले का होगा भव्य आयोजन

मैनपुरी। आज नगर के स्टेशन रोड स्थित पंकज महेश्वरी के आवास पर एक प्रेस वार्ता आयोजित हुई जिसमें सुची माहेश्वरी ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि 12 और 13 जुलाई को नगर के कृष्ण मैरिज हॉल में एक भव्य मेले का आयोजन किया जा रहा है जिसमें महिला स्वरोजगार को बढ़ावा देने हेतु पूरे भारत से हैंडीक्राफ्ट के क्षेत्र में कार्य करने वाली महिलाओं को इंस्टॉल लगाने के लिए बुलाया है जिसमें कोटा की मशहूर साड़ियां मुंबई की चादरए रायपुर की कॉटन सूटए बच्चों के ब्रांडेड कपड़ेए सूरत से गुजराती कुर्ता पजामाए व सूरत की साड़ियां। फर्रुखाबाद से नमकीन एवं सूट और चादर यह सभी लोग इस मेले में आएंगे और अपनी अपनी इंस्टॉल लगाकर अपनी स्वयं की हस्तकला से निर्मित वस्तुओं को मेले में रखेंगे और उनको सेल आउट करेंगे । प्रेसवार्ता में बसंती तापड़िया ने मीडिया को बताया कि इस मेले के आयोजन का मुख्य उद्देश्य यह है कि जो महिलाएं गरीब हैं और अपने घर से ही अपना स्वयं का छोटा रोजगार अपनी मेहनत से करती है जिससे कि उनकी मेहनत का पूरा पैसा नहीं मिल पाता है उन महिलाओं की इन सब परेशानियों को देखते हुए हम लोगों ने इस नवज्योति मेले का आयोजन करने का प्रयास करने का रही हूं ताकि कोविड के समय से बेरोजगार गरीब महिलाएं जो की अपने हाथ का हुनर जानती हैं और अपनी कला को ज्यादा लोगो तक या बड़े प्लेटफॉर्म या नहीं ल पाई है। वो केवल अपने आसपास के क्षेत्र में ही सीमित कर रह जाती है और कम पैसों में ही अपना भरण पोषण करती है। ऐसी महिलाओं के लिए हमने इस मेले का आयोजन रखा है। जिससे उनकी रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। रिया तापड़िया ने बोलते हुए कहा कि आगरा से होम डेकोरए फिरोजाबाद की चूड़ियांए आर्टिफिशियल ज्वेलरीए कायमगंज की बुटीकए इंपोर्टेंट आइटम्स ए मेरठ के सूट ब साड़ीए उरई व जयपुर के आइटमए मैनपुरी से भगवान लड्डू गोपाल जी की पोशाकए ज्वैलरीए साड़ी सूट एवं एक्सपोर्ट क्वालिटी के चावल की शॉपए इंस्टॉल लगाने का पूरा प्रयास है हमारा कुल मिलाकर इस मेले में 25. 30 स्टाल लगाए जाएंगे। यह मेला कृष्ण मैरिज हॉल स्टेशन रोड में 12 जुलाई एवं 13 जुलाई 2025 को 2 दिन के लिए समय 12रू00 बजे से रात 10रू00 बजे तक के लिए लगाया जाएगा जिसमें कि शहर के तमाम प्रतिष्ठित लोग जैसे शहर के डॉक्टरए टीचर्सए प्रिंसिपल आदि लोगों को इसमें बुलाया जाएगा ताकि इन महिलाओं की हस्तकला का प्रदर्शन एवं उनके द्वारा बना गए उत्पाद लोगों तक पहुंचाया जा सके और यह संदेश दूर.दूर तक जा सके। मेले में बच्चों का शो भी आयोजित होगा जिसमें जीरो से 3 साल तक के बच्चों को प्रतिभाग कर जाएगा। महिलाओं के लिए गेम खिलाए जाएंगे। रिया तापड़िया ने इस मेले को सफल बनाने के लिए मीडिया से कहा कि हम लोगों का पूरा प्रयास रहेगा कि इस मेले में ज्यादा से ज्यादा लोग आए और हमारे द्वारा लगाई गई इंस्टॉल से ज्यादा से ज्यादा खरीदारी करें ताकि उन बेरोजगार महिलाओं की मेहनत सफल हो और उन्हें अपनी मेहनत का पूरा पैसा मिल सके ताकि इस तरह की और भी भविष्य में मेले लगाए जा सके जिससे कि इनको स्वरोजगार के अवसर प्रदान किया जा सके। प्रेसवार्ता में मनीष तापड़ियाए पंकज महेश्वरीए बसंती तापड़ियाए शुचि माहेश्वरीए रिया तापड़िया आदि लोग मौजूद रहे।

## पुत्रवधू से परेशान ससुर ने पुलिस को दी तहरीर

मैनपुरीध्किशनी। राजेंद्र सिंह पुत्र रामबख्श शाक्य निवासी बसैत ने पुलिस से शिकायत की है। बताया कि उनका बेटा विक्रम शाक्य फांसी लगाकर खत्म हो गया है। बेटे का पोस्टमार्टम भी हुआ था। आरोप है कि पुत्रवधू भगवान देवी शांति हवन के बाद उसी दिन अपने मायके भाई के साथ चली गई। उनका आरोप है कि जाते समय उनकी पुत्रवधू अपने सारे जेवरात भी ले गई थी। अब पुत्रवधू भगवान देवी और उनके भाई उनसे दो लाख रुपए की मांग कर रहे हैं। जबकि वह पुत्र शोक से दुखी और परेशान है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कानपुर देहात समाचार

## प्रतिभा शुक्ला के प्रयासों से रनिया में शुरू हुआ आधार सुधार का काम

**रनिया कानपुर देहात** रनिया क्षेत्र वासियों की विशेष मांग पर सदर विधायिका श्रीमती प्रतिभा शुक्ला द्वारा कस्बा रनिया के कन्या जूनियर स्कूल में आधार कार्ड सुधार कैंप का आयोजन किया जा रहा है उक्त जानकारी सदर विधायक श्रीमती प्रतिभा शुक्ला द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से दी गई जानकारी के मुताबिक सदर विधायक श्रीमती शुक्ला द्वारा रनिया क्षेत्र वासियों को अवगत कराने के उद्देश्य से सोशल मीडिया के माध्यम से उन्होंने क्षेत्र क्षेत्र वासियों को यह बताया कि कस्बा रनिया के कन्या जूनियर स्कूल में आधार कार्ड सुधार कैंप का आयोजन किया जाएगा जो की 19ध् 6ध् 2025 दिन गुरुवार से लेकर 30ध्6ध्2025 सोमवार तक चलेगा जिसमें सभी उक्त क्षेत्रवासी अपने.अपने आधार कार्ड से संबंधित समस्याओं का निस्तारण कराने हेतु अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कैंप का लाभ उठाएं जिससे क्षेत्र वासियों को किसी भी कठिनाई का सामना न करना पड़े उन्होंने बताया कि खामी होने वाले आधार कार्ड धारकों को खास तौर पर आधार कार्ड पैन कार्ड मोबाइल नंबर जन्म प्रमाण पत्र हाई स्कूल इंटरमीडिएट की मार्कशीट एवं जन्म प्रमाण पत्र सहित अन्य जरूरी कागजात साथ में अवश्य लेकर आए जिससे आधार कार्ड सुधार में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े और उन्होंने क्षेत्र वासियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर आधार कार्ड संबंधित समस्याओं को दूर करने का अनुरोध किया।

## जनपद की सीमा में बहने वाली सभी नदियों की जलधाराओं में 31 अगस्त तक मत्स्य आखेट पूर्णतया प्रतिबन्धित

मैनपुरी। जिला मजिस्ट्रेट अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि जनपद की सीमा के अन्तर्गत बहने वाली सभी नदियों की जलधाराओं में 31 अगस्त तक मत्स्य आखेट को पूर्णतया प्रतिबन्धित किया जाता है तथा उण्प्रण् मत्स्य अधिनियम.1948 के प्राविधानों के अन्तर्गत उण्प्रण् शासनए मत्स्य विभाग के क्रम में 15 जुलाई से 30 सितम्बर की अवधि में मत्स्य फ्राई एवं फिंगरलिंग के पकड़नेए नष्ट करने अथवा बेचने तथा प्रजनन अवधि 15 जून से 30 जुलाई में मछली की शिकारमाही को पूर्णतया प्रतिबन्धित किया जाता है। उन्होने बताया कि उपरोक्तानुसार प्रतिबन्धों के उल्लंघन की स्थिति में उण्प्रण् मत्स्य अधिनियम.1948 में निहित प्राविधानों के तहत दण्डात्मक कार्यवाही होगी।

## डीएम के निर्देशन में बड़ी कार्यवाही अवैध नकली डामर निर्माण प्लान्ट को किया गया सीज

**प्लान्ट से प्राप्त निर्माण सामाग्री व मशीन को किया गया सीज**

**माती कानपुर देहात** जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन में एक बड़ी कार्यवाही तहसील सिकन्दरा अन्तर्गत ग्राम खोजाफूल में की गई। प्राप्त सूचना के आधार पर जिलाधिकारी द्वारा गठित टीम द्वारा सम्बन्धित स्थल पर छापेमारी कर नकली डामर तैयार करने से संबंधित प्लान्ट को पकड़ा गया। यह कार्यवाही जिलाधिकारी द्वारा गठित टीम ;उपायुक्त उद्योग मो0 सउदए इंजीनियर सहिब आलमए एई आरईडी योगेन्द्र शर्माए नायब तहसीलदार अकबरपुर रवीन्द्र मिश्रद्ध द्वारा की गयी। मौके से भारी मात्रा में नकली डामर सामग्रीए कच्चा तेलए केमिकलए मिश्रण उपकरणए मिक्सिंग मशीन तथा अन्य निर्माण उपकरण बरामद किए गए। प्रारंभिक जांच में यह भी पाया



गया कि यह गतिविधि बिना किसी वैध लाइसेंसए पर्यावरणीय स्वीकृति एवं सुरक्षा मानकों के पूरी तरह विरुद्ध चल रही थी। प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए समस्त सामग्री एवं मशीनों को तत्काल प्रभाव से सीज कर दिया। इसके अतिरिक्त संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनपद में किसी भी प्रकार की अवैधए मानकविहीन और जनहित के विरुद्ध गतिविधियों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अवैध धंधों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और यदि कोई भी व्यक्ति या संस्था कानून एवं गुणवत्ता मानकों का उल्लंघन करता पाया गयाए तो उसके विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह कार्यवाही जिले में सुशासनए पारदर्शिता एवं विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की दिशा में प्रयास है। उन्होंने आमजन से भी अपील कीए कि यदि उन्हें इस प्रकार की किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी हो तो तत्काल प्रशासन को अवगत कराएंए जिससे समय रहते कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

## पूर्व सीएम से मिल फैजान ने रखे विकास के प्रस्ताव

**माती कानपुर देहात** पूर्व मुख्यमंत्री सपा मुखिया अखिलेश यादव के बेहद ही करीबी लोकप्रिय युवा सपा नेता हाजी फैजान ख़ान ने रसूलाबाद के विकास का मामला पूर्व सीएम के समक्ष प्रस्तुत करते हुए उनसे अविलंब जनहित से जुड़े कार्यों को सम्पन्न कराए जाने का निवेदन किया गया हैए पूर्व सीएम ने फैजान को जल्द से जल्द उनके द्वारा रखी गई मांगों को पूर्ण किए जाने का आश्वासन दिया गया है फैजान को अखिलेश से मिली बड़ी उपलब्धि पर स्थानीय निवासियों ने उनकी सराहना की है जबकि फैजान द्वारा कहा गया कि समाजवादी पार्टी का यह इतिहास रहा है कि समाज के बिल्कुल आखिरी पायदान तक पर खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जाए बस वह उसी कार्य में समर्पित है। जिले की भोगनीपुर विधानसभा के लोकप्रिय युवा समाजसेवी समर्पित सपा नेता हाजी फैजान खान द्वारा गति दिवस प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सपा मुखिया उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात की गई इस दौरान फैजान द्वारा पूर्व सीएम को बताया गया कि सियालदाह से चलकर राजस्थान को जाने वाली ट्रेन संख्या 12987/12988 का कानपुर देहात के झीझक स्टेशन पर ठहराव अत्यंत आवश्यक है फैजान के मुताबिक जिले से भारी संख्या में लोग श्री मेहंदीपुर बालाजी महाराज के दर्शन को जाते हैं और अजमेर शरीफ भी जाते हैं उपरोक्त ट्रेन का ठहराव होने से यात्रियों को काफी आसानी हो सकेगी इसी प्रकार रसूलाबाद के अधिवक्ता भवन में फर्नीचर सुंदरीकरण एवं टाइल्स इत्यादि लगाई जाने का कार्य सांसद निधि योजना से कराई जाने की मांग फैजान द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री के समक्ष रखी गई है जिसे उन्होंने स्वीकार करते हुए समय रहते उपरोक्त कार्यों को स्वीकृति प्रदान किए जाने का आश्वासन दिया है फैजान को मिली बड़ी उपलब्धि पर क्षेत्र वासियों ने उनकी सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया है जबकि फैजान द्वारा कहा गया कि विकास के मामले में उनके क्षेत्र पीछे न रह सके और किसी के समक्ष किसी प्रकार की कोई परेशानी ना रहे इसे लेकर वह पूरी तरह संजीदा है उन्होंने आवश्यकता पड़ने पर किसी भी वक्त सीधे जाकर संपर्क किए जाने का आवाहन किया है।

## सवाल....आखिर किसके इशारे पर जुएं के अवैध कारोबार पर आंखें मूंदकर बैठे हैं जिम्मेदार

**रूरा कानपुर देहात** क्षेत्र के हुक्मरानों पर भले ही कोई प्रभाव क्यों न पड़ा हो लेकिन जुआरियों ने पूरी सक्रियता का परिचय दिया हैए मामला बढ़ता देख जुआरियों ने स्थान परिवर्तित कर दिया हैए 2 दिन तक रुरा कस्बे में अकबरपुर रोड पर संचालित एक गेस्ट हाउस को अपना ठिकाना बनाने के बाद बीते दो दिनों से उपरोक्त अवैध कारोबार के संचालक सिमरामऊ के मजरा बढ़े पुरवा को अपना मुफीद ठिकाना मान कर जुएं के फड संचालित कर रहे हैंए पूर्व में छूट के नाम पर तेरह हजार रुपए प्रति धंटे और तीन हजार रुपए नाल के वसूलने वालों ने दबाव बढ़ता देख अपने रेट भी बढ़ा दिए हैंए अचानक से गांव में तरह तरह के लोगों के आवागमन से चर्चाओं का बाजार एक बार फिर पूरी तरह गर्म हो गया है यहां भी लोगों के बीच इस बात की चर्चा जोरों से होती दिखाई दे रही है कि ऐसा कैसे संभव है कि इतने बड़े पैमाने पर हो रहे अवैध कारोबार की जानकारी इलाकाई हुक्मरानों तक ना पहुंच रही हो लोग यह भी बोलने में कतई परहेज नहीं कर रहे हैं कि बिना सिस्टम मजबूत किए कोई कार्य संभव नहीं हैए यहां प्रशंसा करनी होगी प्रधान जी के इंतजामों की जो वास्तव में जुआरियों की पहली पसंद साबित हो रहा है जबकि प्रधान जी का खास बाबू भी किसी मामले में खुद को पीछे नहीं रखे हैं और कानपुर देहात ही नहीं बाबू के इशारों पर ही बाहरी जनपदों से भारी संख्या में जुआरियों का आना बदस्तूर जारी है। प्रदेश की राजधानी लखनऊ से प्रकाशित हिंदी दैनिक लोकप्रिय समाचार पत्र स्वतंत्र भारत द्वारा रूरा थाना क्षेत्र में चल रहे अवैध जुएं के कारोबार के मामले को लेकर एक सार्थक मुहिम शुरू की थीए हुक्मरान भले ही मोटा माल प्राप्त करने के बाद अपनी जुबान पर खामोशी का ताला क्यों न लगाए हो लेकिन स्वतंत्र भारत की मुहिम जिले में पूरी तरह कारगर साबित होती दिखाई दे रही है लंबे समय से कारी लमैहरा के मध्य खरंजा चकमार्ग से लगभग 1500 मीटर की दूरी पर घने जंगल में रिंद नदी के समीप संचालित होते हैं जुएं के कारोबार पर जब स्वतंत्र भारत टीम द्वारा निगाह डाली गई तो यह सामने आया कि वास्तव में यहां प्रतिदिन करोड़ का हेर फेर चल रहा हैए एक ग्राम प्रधान की सरपरस्ती में उसके खास गुर्गे बाबू और सविता के साथ दुबे द्वारा निभाई जा रही भूमिका सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति को आईना दिखाने के लिए पर्याप्त है स्वतंत्र भारत द्वारा चलाए गए अभियान से विचलित संचालकों ने स्थान परिवर्तन का मन बना लिया था अपने निर्णय पर अटल रहते हुए उन्होंने बीते दो दिनों तक रूरा में अकबरपुर रोड पर संचालित एक गेस्ट हाउस को अपना ठिकाना बनाकर अवैध कारोबार का संचालन किया लेकिन यहां बात नहीं बन पाने के चलते अब पिछले दो दिनों से सुमेरपुर के मजरा बढ़े पुरवा को ठिकाना बना लिया गया है गांव में प्रतिदिन भारी संख्या से तरह.तरह के लोगों का आवागमन देख ग्रामीण भी हैरान है कि उनके गांव में ऐसा क्या हो रहा है जो इस प्रकार के लोग सुबह से लेकर शाम तक आवागमन कर रहे हैंए अधिकारी जान ले यहां पर भी प्रधान जी का रसूख पूरी तरह कारगर सिद्ध हो रहा हैए क्योंकि जुआरियों की सुरक्षा और सुविधाओं में किसी प्रकार की कोई कमी ना रहे इसे लेकर मोबाइल फोन से लैस बाइक सवार तक्के चारों दिशाओं में तैनात दिखाई देने लग गए हैं किसी भी प्रकार के वाहन को आता देख तक्के तत्काल बाबू को पूरे मामले से अवगत कराते हैं इसके बाद मामला प्रधान जी तक पहुंचाया जाता है और फिर व्यवस्थाओं के अनुरूप कार्य संचालित किया जाता है यहां पर भी ग्रामीणों ने विरोध के स्वर मुखर करने शुरू कर दिए हैं

## मुंह में सिगरेट लगाकर दबंग ने खुलेआम तमंचे से की फायरिंग




**■ वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने किया गिरफ्तार**

**कानपुर।** प्लाट में सबमर्सिबल लगवाने की खुशी में दबंग ने फिल्मी अंदाज में तमंचे से फायरिंग कर दी। इस दौरान किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से एक देशी तमंचा और कारतूस भी बरामद हुआ। मंगलवार रात सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हुआ। इसमें एक युवक फिल्मी अंदाज में मुंह पर सिगरेट लगाकर खुलेआम तमंचे से फायरिंग करता नजर आया। इस दौरान युवक गाली-गलौज भी करता रहा। वहीं किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर आरोपी को सनिगवां इलाके से ही घर दबोचा। आरोपी की पहचान गांधी ग्राम निवासी सुरेंद्र सिंह के रूप में हुई। उसके पास से पुलिस ने 315 बोर का एक देसी तमंचा और कारतूस भी बरामद किया है। सनिगवां चौकी प्रभारी सनिगवां अंकित खटाना ने बताया कि आरोपी ने हाल ही में सनिगवां इलाके में नया प्लॉट बनवाया था। इसमें मंगलवार को नया सबमर्सिबल लगवाया था। उसकी खुशी में ही शराब पीने के बाद आरोपी ने फायरिंग की थी। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## गैस सिलेंडर लदे ट्रक से टकराई कार तीन घायल

**कानपुर।** नरवल मोड़ के पास जहानाबाद जा रही कार इंडेन गैस सिलेंडर से भरे ट्रक से टकरा गई। हादसे में कार सवार तीन लोग घायल हुए। राहगीरों को पुलिस को सूचना देने के बाद घायलों को सरसौल सीएचसी में भर्ती कराया है। जिसमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं क्षतिग्रस्त कार को जेसीबी की मद्द से हटाया गया। जिसके बाद हाईवे पर यातायात सुचारू रूप से चालू हो सका। बताया जा रहा है कि हादसे के वक्त ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दी थी। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के एयरबैग खुल गए। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। घायलों की पहचान जहानाबाद निवासी असलम, अहमद जुबेर खान और रेयान के रूप में हुई। इनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने घायलों को सरसौल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने महमूद जुबेर खान और रेयान को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# खंभे से गिरी चिंगारी, 50 से अधिक झोपड़ियां जलकर खाक



**-भीषण आग के बाद हुए धमाके से दहला इलाका**

**-पनकी थाना क्षेत्र के रतनपुर का है मामला**

**कानपुर।** पनकी रतनपुर में मंगलवार देर रात खंभे से गिरी चिंगारी के कारण सड़क किनारे की 50 से ज्यादा झोपड़ियां आग की चपेट में आ गई। जब तक लोग फायर बिग्रेड को सूचना देते तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया। सोते समय हुई घटना के कारण अफरा-तफरी मच गई। किसी तरह पीड़ितों ने अपने आशियाना से भागकर जान बचाई। झोपड़ियों में भीषण आग के कारण एक के बाद एक धमाके हुए, जिससे पूरा इलाका दहल गया। लोगों की सूचना पर फायर ब्रिगेड पहुंची और आग को काबू करने के प्रयास शुरू किए। करीब ढाई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

पनकी के शताब्दी नगर रतनपुर में सड़क किनारे 50 से ज्यादा झोपड़ियों में सैकड़ों लोग गुजर बस करते हैं। रात करीब एक बजे बस्ती के ऊपर खंभे से निकली चिंगारी किसी झोपड़ी में पड़ी गई। मिनटों में झोपडी में लगी आग ने एक के बाद एक झोपड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने से लोग अपने गृहस्थी लेकर जान बचाकर भागे। झोपड़ियों के अंदर सो रहे बच्चों और महिलाओं को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया।

झोपडियों के अंदर रखे सिलेंडर और स्टोफ फटने से तेज धमाके हुए। आग की घटना से महकमे में हडकंप मच गया। दमकल की छह गाड़ियां बस्ती के चारों तरफसे पानी डालकर आग बुझाने में लगी हैं। कई किमी तक से आग के भयावह नजारा साफ दिखने लगे। आग से गरीबों की गृहस्थी जलने से बिलखने लगे। पनकी, अरमापुर, सचेंडी समेत कई थानों का फोर्स मौके पर पहुंचा। मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा ने बताया कि फायर ब्रिगेड की आठ गाड़ियों ने आग पर काबू पाया है। झोपड़ियों से सभी को बाहर सुरक्षित निकाल लिया गया है। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार एमबीएम छात्र की मौत



**कानपुर।** चकेरी फ्लाईओवर पर तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे बाइक सवार एमबीए छात्र की मौत हो गई। पूरा परिवार अयोध्या रामलला मंदिर के दर्शन कर दलपतपुर गांव पहुंचा था, जहां से देहली सुजानपुर स्थित घर जाने के लिए युवक गांव से निकला था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भिजवाया।

देहली सुजानपुर केडीए कालोनी निवासी सर्वेश कुमार पत्नी पूनम व दो बेटे हर्षित व आयुष के साथ रहते हैं। चचेरे भाई अमित ने बताया कि हर्षित रूमा स्थित एक्सिस कॉलेज से एमबीए की पढ़ाई कर रहा था। एक दिन पहले पूरा परिवार अयोध्या रामलला के दर्शन करने गया था। मंगलवार शाम अयोध्या से लौटने के बाद घर के सभी सदस्य नरवल स्थित दलपतपुर गांव गए थे। जहां से हर्षित घर जाने के लिए बाइक से निकला था। वह चकेरी फ्लाईओवर के पास पहुंचा ही था, तभी पीछे से आ रही कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल हर्षित को पुलिस ने कांशीराम अस्पताल में भर्ती करायाए जहां उसकी मौत हो गई। चकेरी थाना प्रभारी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार चालक की तलाश की जा रही है।

**कमिश्नरेट पुलिस का अनोखा प्लान**

## हिस्ट्रीशीटरों के पल-पल नजर रखेगी प्रोजक्ट दिव्य दृष्टि

**■ थानों में गठित हुई टीम, लैपटाप की मद्द से लोकेशन की करेगी निगरानी**

**■ बोले सीपी, हिस्ट्रीशीटर से दाखिल कराया जाएगा सहमति पत्र**



**कानपुर।** अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए कमिश्नरेट पुलिस नें एक अनोखा प्लान तैयार किया है। इस प्लान के तहत पुलिस गूगल लोकेशन की मद्द से शहर के सभी अपराधियों पर हर पल नजर रखने वाली है। इस निगरानी सिस्टम का नाम प्रोजेक्ट दिव्य दृष्टि रखा गया है। पुलिस कमिश्नरल अखिल कुमार ने बताया कि जिन अपराधी पर सबसे ज्यादा मुकदमें हैं, उसके ऊपर पुलिस की निगरानी सबसे ज्यादा रहेगी। अभी तक पुलिस अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए परंपरागत तरीकों का इस्तेमाल करती है, जिसके चलते कई बार अपराधी पुलिस की पहुंच से कोसों दूर रहते थे, लेकिन इस नई टेक्नॉलाजी के इस्तेमाल से अब उनकी मुश्किलें काफी ज्यादा बढ़ने वाली हैं। अब इसके जरिए कानपुर पुलिस हिस्ट्रीशीटरों की पल-पल की निगरानी कर पाएगी। प्रोजेक्ट दिव्य दृष्टि के तहत अपराधियों के मोबाइल जीपीएस और गूगल की लोकेशन का इस्तेमाल कर उन पर लगाम लगाया जा सकेगा। इस प्रोजेक्ट के लिए सभी थानों में एक टीम गठित की गई है, जो अपराधियों की लोकेशन की निगरानी लैपटॉप और इंटरनेट की मदद से करेगी। पुलिस आयुक्त बताया कि किसी की निजता भंग ना हो इसके लिए हिस्ट्रीशीटर से सहमति पत्र दाखिल कराया जाएगा। अगर किसी को इससे आपत्ति होगी तो उसकी मॉनिटरिंग इस अभियान के तहत नहीं की जाएगी। इस अभियान में आने वाली दिक्कतों से निपटने के लिए भी पुलिस ने तैयारी पूरी कर ली है। अगर कोई अपराधी अपना फोन किसी को देकर या अपने घर में रखकर भी कहीं जाता है, ये पता करने के लिए पुलिस बीच-बीच में अपराधी को वीडियो कॉल करती रहेगी।

## डीएम के सर्पोट खड़ा हुआ अभिभावक संघ, बनाएगा मानव श्रृखंला



**कानपुर।** जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह और मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ हरी दत्त नेमी की लड़ाई इन दिनों सोशल मीडिया पर भी खूब छाई हुई हैं। एक तरफशहर के जनप्रतिनिधि सीएमओ के लिए पत्र लिख रहे हैं, तो वहीं दूसरी तरफसोशल मीडिया में लोग जिलाधिकारी के के पक्ष में पोस्ट करते दिखाई दे रहे हैं। कई लोगों ने यह भी कमेंट किया है कि ये नेता इतनी चिट्ठियां विकास के लिए लिखते तो शहर का भला हो जाता। इसके साथ ही आमजनमानस के साथ ही समाज सेवी संगठन भी जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह के सर्पोट में खड़े हो गए हैं। इसी क्रम में बुधवार को अखिल भारतीय अभिभावक महासंघ के तत्वाधान में अफीम कोठी स्थित शिवाय पैलेस में डीएम-सीएमओ प्रकरण में स्वयंसेवी संस्थाओं की आपात बैठक बुलाई गई है। जिसमे जिलाधिकारी के समर्थन में मानव श्रृंखला बनाने के साथ-साथ उन सभी भ्रष्टाचारी जनप्रतिनिधियों का मुंह काला करने की रणनीति पर चर्चा की गई। महासंघ के अध्यक्ष राकेश मिश्रा ने कहा कि जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह अपनी तैनाती के पहले दिन से ही जमीनी तौर पर सरकारी दफ्तरों में नियमों को ना मानने वालों, भ्रष्टाचार करने वालो व जमीन कब्जा करने वालो के विरुद्ध अभियान चलाए हुए हैं। जिलाधिकारी जगह-जगह जाकर औचक निरीक्षण कर रहे हैं। जिसे तमाम सरकारी, निजी क्षेत्रों के अराजकतावादियों में दहशत का माहौल है। सीएमओ डॉ हरिदत्त नेमी के कई कथित ऑडियो वायरल हुआ है, जिसमें वो 10 लाख का जिक्र कर रहे है, जो कि आपकी सरकार की छवि के लिए किसी लिहाज से ठीक नहीं है लिहाजा उपरोक्त ऑडियो की जांच सहित दोषी पाए जाने पर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही होनी चाहिए थी, किंतु इस प्रकरण को पूर्व नियोजित योजना के तहत आधार बनाकर कुछ लोग जिलाधिकारी महोदय को यहां से हटाना चाहते हैं। इसी को लेकर अखिल भारतीय अभिभावक महासंघ ने समाज सेवी संगठनों के साथ बैठकर मानव श्रृंखला बनाने को चर्चा की। बैठक में संजीव चौहान, रिपु सुदन निगम, राजीव सिंह, कपिल कुमार केसरवानी, जितेंद्र चांदवानी, कुलदीप कसेरा, सुषमा सेंगर इत्यादि मौजूद रहे।

### जिलाधिकारी की होर्डिंग लगाकर शहर में घुमाया ई-रिक्शा

कानपुर। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह और सीएमओ के बीच का विवाद थम नहीं रहा है। बुधवार को संत समाज ने जिलाधिकारी के पक्ष में रथ यात्रा निकाली। संत समाज के लोगों ने कहा कि बहुत ही मुश्किल से ऐसे जिलाधिकारी शहर को मिलते हैं। शहर के स्वामी मनोजानंद महाराज उर्फगूगल गोल्डन बाबा ने जिलाधिकारी के पक्ष में एक होर्डिंग बनावाई। उसमें लिखा है कानपुर के अति ईमानदार कर्तव्यनिष्ठ जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह के सम्मान में गूगल गोल्डन बाबा मनोजानंद महाराज संत समाज एवं कानपुर की देवतुल्य जनता मैदान में इसको एक ई-रिक्शा में चारों तरफलगाकर उसे पूरे शहर में घुमाया है। मंडलायुक्त को गुरुवार को ज्ञापन भी संत समाज द्वारा दिया जाएगा। गूगल गोल्डन बाबा ने कहा कि जो व्यक्ति अच्छा है उसे टिकना चाहिए, जो व्यक्ति गड़बड़ है, उसे जाना चाहिए। हम किसी अधिकारी के पक्ष में नहीं खड़े है हम उनके सुंदर कार्यों के पक्ष में खड़े हैं।

## गुम हुए दस लाख के फोन मालिको को दिए



कानपुर। क्राइम ब्रांच टीम को बड़ी सफलात मिली है। सर्विलांस सेल की टीम ने खोए हुए 51 मोबाइल फोन बरामद कर लिए हैं। इन सभी फोन की कीमत करीब 10.20 लाख रुपए है। बुधवार को सर्विलांस सेल की टीम ने वर्ष 2024 और 2025 में खोए और गुम हुए मोबाइल फोन की शिकायतों पर कार्रवाही की। जांच के बाद सभी मोबाइल फोन बरामद कर लिए गए। पुलिस उपायुक्त अपराध और अपर पुलिस उपायुक्त अपराध ने सभी बरामद फोन उनके मालिकों को सौंप दिए हैं। इस कार्रवाई से कई लोगों को राहत मिली है। डीसीपी क्राइम ने बताया कि जिनके मोबाइल गिर गए या कहीं छूट गए थे। उनकी शिकायतों पर गुम हुए मोबाइलों को सर्विलांस टीम तलाशने के लिए लगी थी। टीम ने ताबड़तोड़ हर एक शिकायत का संज्ञान लेकर एक के बाद एक करीब 51 मोबाइल बरामद कर लिया। मोबाइल फोन के नंबर व आइएमईआइ को सर्विलांस पर लगाया गया था। साथ ही सीडीआर व सीसी कैमरों की मदद से ऐसे 51 मोबाइल ढूंढ निकाले। उनकी करीब 10.20 लाख की कीमत है।

## आधा दर्जन घरों से चोरों ने किया माल पार

कानपुर। महाराजपुर में चोरों ने एक ही रात में 6 घरों को निशाना बनाया। मधुकर पांडेय ने बताया कि चोर उनके घर में घुसे और मोबाइल फोन चुरा ले गए। सुबह जागने पर उन्हें पता चला कि उनके घर के अलावा गांव के 5 अन्य घरों में भी चोरी हुई है। पीड़ित ने बताया कि सुबह जब मोबाइल चोरी की घटना मोहल्ले वालों को बताया तो उन्होंने भी अपने अपने घरों में हुई चोरी को घटना के बारे में बताई। एक रात में आधा दर्जन घरों में हुई चोरी का पुलिस जांच कर रही है। अभी तक चोरों की पहचान नहीं हो पाई है। चोरी की यह वारदात महाराजपुर थाना क्षेत्र के लिए चिंता का विषय बन गई है।

स्थानीय लोगों ने रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है। वहीं चोरी की घटना के बाद से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। ग्रामीणों मे डर का माहौल है। फिलहाल पुलिस मामले की कार्रवाई में जुटी हुई है।घरों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी पुलिस ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गईए इधर पुलिस आसपास के घरों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुट गई। मामले की जांच में जुटी पुलिस महाराजपुर पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रहीं हैए अन्य आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

## नीट परीक्षा क्वालीफाई कर सार्थक ने किया नाम रोशन

**■ डॉक्टर बनने के बाद गरीबों का करूंगा मद्द**



कानपुर। नीट 2025 की परीक्षा क्वालीफाई कर सार्थक त्रिपाठी ने असाधारण प्रदर्शन किया है। सार्थकी की मां संध्या गृहणी हैं व पिता सुनील त्रिपाठी बीएनडी कॉलेज में एकाउंटेंट के पद कार्यरत हैं। कल्याणपुर आवास विकास के रहने वाले सार्थक एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट कानपुर से तैयारी की है।

परीक्षा परिणाम घोषित होते ही उनके व परिजनों में खुशी का ठिकाना नहीं रहा। सफलता के झंडे गाड़ने वाले सार्थक के घरों में बधाइयों का तांता लगा रहा। सार्थक ने इस सफलता का श्रेय माता-पिता व एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट को दिया। सार्थक ने हाईस्कूल व इंटर में अच्छे अंक प्राप्त किए हैं। उनका शुरू से ही डॉक्टर बनने का सपना था। सार्थक ने बताया कि वह रोजाना 7 से 8 घंटे पढ़ाई करते थे। उनका कहना है जो भी सब्जेक्ट पढ़ो उसे पहली बार बहुत अच्छे से पढ़ो, पहली बार अच्छे से पढ़ने से वह सब्जेक्ट जीवन भर याद रहता है। उन्होंने बताया कि इंस्टीट्यूट से मिले मॉडयूल्स, नोट्स से उन्हें काफी मदद मिली। टीचर्स वन टू वन डाउट्स क्लीयर्स करते थे। पिता ने भी पढ़ाई में काफी सहयोग किया। सार्थक ने कहा कि डॉक्टर बनने के बाद समाज की सेवा करूंगा। गरीबो की मद्द करना उन्हें बहुत अच्छा लगता है।

# पिता, तीन भाई व बेटा खत्म, लेकिन अभी तक नहीं मिला मुआवजा




**- विधान परिषद समिति की बैठक में काश्तकारों ने बयां किया दर्द**

**कानपुर।** बुधवार को सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में एमएलसी अरूण पाठक की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय बैठक हुई। बैठक का उद्देश्य था कि मंधना औद्योगिक क्षेत्र के पास आवास योजना संख्या-4 16 साल से लटकी है। बैठक में जमीन काश्तकारों को भी बुलाया गया। समिति के सामने पीड़ितों ने कहा कि वर्ष 2009 में आवास विकास ने जमीन अधिग्रहीत करने के लिए गजट जारी किया। इसके बाद से न तो अधिग्रहण प्रक्रिया पूरी की और न ही हम इस जमीन का उपयोग कर पा रहे हैं। इसमें परगही बांगर, बगदौधी बांगर, बगदौधी कछार, पेम और बिरतियान बिठूर गांव शामिल हैं। मुआवजे की स्थिति स्पष्ट न होने से लटका अधिग्रहण आवास विकास स्थिति आज तक स्पष्ट नहीं कर सका है। जबकि आवास विकास अधिकारी ने बताया कि अधिग्रहण के लिए 144 करोड़ रुपए प्रशासन को दिया जा चुका है। इस पर एडीएम लैंड ने बताया कि आवास विकास मुआवजा राशि आज तक तय नहीं कर सका है। इस पर समिति ने आवास विकास अधिकारी को कड़ी फटकार लगाई और जल्द मामले का निस्तारण करने के निर्देश दिए। पेम गांव के निवासी प्रेम नारायण श्रीवास्तव ने बताया कि जमीन में खेती करने से ही गुजर बसर होता था। 16 साल से जमीन का विवाद लंबित होने से बेटा, पिता और 3 भाई खत्म हो गए। आज तक मुआवजा भी नहीं मिल सका। बैठक म जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह, केडीए उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्ब्याल समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

## किसानों से संवाद स्थापित करने हेतु समिति का गठन

बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि वर्ष 2009 से 2017 के बीच मंधना में अधिग्रहीत की गई लगभग 900 एकड़ भूमि से संबंधित मुआवजा व पुनर्वास के मामलों का निस्तारण योगी सरकार की प्राथमिकता में है। एमएलसी अरुण पाठक ने बताया कि इस विषय में लखनऊ में आवास आयुक्त और विभागीय अधिकारियों के साथ पूर्व में बैठक हो चुकी है, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट निर्देश दिए कि मंधना भूमि विवाद को अब और लंबा न खींचा जाए। यूपीसीडा अधिकारियों ने कहा कि किसानों से सीधे संवाद स्थापित करने और व्यावहारिक समाधान निकालने के लिए एक समिति का गठन किया जाएगा। यह समिति क्षेत्र के किसानों की समस्याएं सुनेगी और उचित मुआवजे, पुनर्वास एवं अन्य मांगों पर ठोस कार्यवाही सुनिश्चित करेगी। बैठक में जब 15 वर्षों से लंबित मामलों की प्रगति पर सवाल किया गया, तो संबंधित अधिकारी संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके।

## ओवरलोडिंग व अवैध वसूली पर जताई आपत्ति

बैठक में एमएलसी अरुण पाठक ने आरटीओ विभाग की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि कानपुर देहात से कानपुर नगर की ओर महज 15 मिनट में 10 से अधिक बिना नंबर के वाहन चल रहे हैं और विभाग आंख मूंदे बैठा है। उन्होंने ओवरलोडिंग और अवैध वसूली पर भी कड़ी आपत्ति जताई और निर्देश दिए कि ओवरलोडिंग की स्पष्ट और पारदर्शी परिभाषा तय की जाए। अवैध चालान और उत्पीड़न को रोका जाए।

## खबर एक नजर

### नून नदी पुनरूद्धार के बाद श्रमिकों ने किया योगाभ्यास

कानपुर। बुधवार को नून नदी पुनरुद्धार कार्यक्रम के अनुमानित पूर्ण करने की समयावधि के उपरान्त नून नदी के बहाव क्षेत्र वाली ग्राम पंचायतों में नदी को पूर्ण करने वाले स्थानों को विकासखण्ड स्तर पर कार्यरत खण्ड विकास अधिकारी/ कार्यकम अधिकारी, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, ग्राम सचिव, तकनीकी सहायकों एवं श्रमिकों द्वारा पैदल चलकर अपने किये गये कार्यों पर गौरवान्वित महसूस किया। विकासखण्ड शिवराजपुर में 07 ग्राम पंचायतों में 5.5 किमी की पैदल यात्रा की गयी। इसी प्रकार विकासखण्ड चौबेपुर में 3 ग्राम पंचायतों में 3.88 किमी एवं विकासखण्ड कल्यानपुर में 2 ग्राम पंचायतों में 0.80 किमी0 की वाकिंग की गयी। इस प्रकार कुल 12 ग्राम पंचायतों में 10.18 किमी0 की यात्रा की गयी। योग दिवस सप्ताह 15 से 21 जून के उपलक्ष्य में नून नदी पुनरुद्धार कार्यक्रमान्तर्गत जिन ग्राम पंचायतों में श्रमिकों द्वारा कार्य आज कार्य किया जा रहा था, उन श्रमिकों द्वारा योग गुरु के निर्देशन में योगाभ्यास किया गया। ग्राम पंचायत सैलाहा में 110 श्रमिकों/ ग्राम वासियों द्वारा योग किया गया। नून नदी के अलावा भी अन्य ग्राम पंचायतों में योगाभ्यास के कार्यक्रम कराये गये।

### क्यूरेटेड मिलेट स्टोर के साथ अपने खाने को करें पावर अप

**कानपुर।** भारतीय रसोई में मिलेट्स अब रोज़मर्रा के भोजन को नए रूप में परिभाषित कर रहे हैं, चाहे वो नाश्ते के बाउल हों या रात के खाने की थाली में। प्रोटीन, फाइबर और प्राकृतिक प्रीबायोटिक्स से भरपूर ये पावर ग्रेन्स और सुपरफूड्स न सिर्फ पाचन को बेहतर बनाते हैं, बल्कि आपको लंबे समय तक पेट भरा हुआ महसूस कराते हैं, जिससे ये वजन नियंत्रित करने वालों की पहली पसंद बनते जा रहे हैं। अमेजन फ्रेश के खास मिलेट स्टोरफ्रंट के साथ अब स्वच्छ, ग्लूटन-फ्री और बिना मैदा वाले विकल्पों को अपनी दिनचर्या में शामिल करना पहले से कहीं आसान हो गया है और इसका मतलब यह नहीं कि खाना बोरिंग हो गया है, चाहे आप दिन की शुरुआत कर रहे हों हाई.प्रोटीन बनाना पैनकेक मिक्स से, या जल्दी में मिलेट नूडल्स का लंच बना रहे हों, या फिर चावल की जगह फॉक्सटेल और बार्नयार्ड मिलेट जैसे अनपॉलिश्ड विकल्प अपना रहे हों, इस स्टोर में आपको मिलते हैं।

## खबर एक नज़र

### घरेलू कलह से आजिज ऑटो चालक ने ट्रेन से कटकर दी जान

**बिठूर** चौबेपुर थाना क्षेत्र के शादीपुर गांव निवासी शिवम तिवारी का शव बुधवार सुबह बिठूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंधना पुलिया के पास रेलवे ट्रैक पर मिला।पैंट की जेब मे मिले आधार कार्ड से शिवम की पहचान हुई। सूचना के बाद रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पर पहुचे। मृतक शिवम की मां किरन ने बताया कि शिवम का पत्नी शिवांगी से छोटी छोटी बातों को लेकर अक्सर झगड़ा होता था।मंगलवार रात को भी झगड़े के बाद शिवांगी ने 112 डायल कर पुलिस बुला ली थी। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने दोनो समझबुझाकर मामला शांत करा दिया था लेकिन रात को ही शिवम चुपके से घर से कहीं चला गया था। सुबह घटना की जानकारी हुई। शिवम की एक चार साल की बेटी पिहू और एक दस माह की दुधमुंही बेटी है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची मंधना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### बिल्हौर ग्रामीण मंडल की कार्यकारिणी के मनोनयन पर कार्यकर्ताओं ने जताया हर्ष

**बिल्हौर** कानपुर जनपद की बिल्हौर विधानसभा के बिल्हौर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष शुभ्रांशु कटियार के द्वारा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल के निर्देश पर कानपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष उपेंद्र पासवान जी की सहमति से बिल्हौर ग्रामीण मंडल की कार्यकारिणी गठित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से मंडल उपाध्यक्ष के रूप में शिवम कटियार अविनाश मिश्रा श्रीपाल कश्यप सुमनलता कुशवाहा मणिकांत मिश्रा कमल कटियार एवं महामंत्री के रूप में प्रमोद द्विवेदी आनंद कटियार एवं मंडल मंत्री के रूप में संग्राम कुशवाहा चन्द्र प्रकाश कमल कौशल तिवारी अखिलेश कठेरिया शिवम दिवाकर मृदुला तिवारी एवं कोषाध्यक्ष के रूप में प्रियंका दीक्षित का मनोनयन किया गया है। इस मनोनयन पर भाजपा नेता जेपी कटियार विक्रम मिश्रा नरेंद्र कटियार बबलू भैया रुपेश कटियार बबलू अग्निहोत्री नंदलाल पाल अविरल शुक्ला आदि लोगों ने हर्ष जताया है।

### बीए की छात्रा को सर्प ने डसा मौत

मैनपुरीकिशनी। क्षेत्र के कश्यप नगर में बीए की छात्रा जो कमरे में जमीन पर लेटी थी। रात में लगभग एक बजे सर्प ने काट लिया। परिजन उसे आनन फानन में सैफई मेडिकल कालेज ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बेटी की मौत की खबर सुनकर घर मे कोहराम मच गया। ग्रामसभा फरेंजी के गांव कश्यप नगर निवासी कृष्णा 19 वर्ष पुत्री ग्रीश कश्यप जो होमगार्ड है।छात्रा शाम को खाना खाकर कमरे में जमीन पर सोने के लिए लेट गयी। रात लगभग एक बजे बजे सर्प ने पैर की उंगली में काट लिया।सर्प के काटने के बाद कृष्णा उठकर बैठ गयी और जानकारी पर परिजनो को दे दी और बेहोश हो गयी। परिजन उसे सैफई मेडिकल कालेज ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बेटी की मौत की जानकारी होने पर घर मे कोहराम मच गया।मां व बहनों का रोरोकर बुराहाल था। होमगार्ड ग्रीश के पांच बेटी व दो बेटे है जिनमे एक बेटा व दो बेटियों की शादी हो चुकी है। मृतिका कृष्णा बहनों में सबसे छोटी है। इसी वर्ष कृष्णा ने 12वीं की परीक्षा पास की है।बुधवार को वह पिता के साथ बीए में दाखिला लेने जा रही थी।

### मारपीट करने पर चार के खिलाफ केस दर्ज

मैनपुरीकिशनी। भूरे सिंह पुत्र सुघर सिंह यादव निवासी गांव पृथ्वीपुर ने तहरीर दी है।आरोप है कि 17 जून की सुबह करीब 9 बजे वह अपने खेत पर घास खरपतवार की सफाई कर रहा था तभी उनके गाँव के प्रेमसिंहए रामपालए छोटे सिंह पुत्रगण मानसिंह यादव अशोक पुत्र प्रेमसिंह यादव ने गालीगलौज करते हुए लाठी डन्डेए फावडा लेकर आये कहने लगे तूने मेढ़ काटी है और उनकी मारपीट करने लगे । मारपीट से उनके सिर गर्दन शरीर पर चोटे आ गयी। शोरगुल पर गाँव के लोगो ने उन्हें बचाया है।आरोप है कि प्रेमसिह ने कट्टा लेकर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पक्की मुट्ठी उखाड़ कर मेढ़ तोड़ने पर पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

मैनपुरीकिशनी। क्षेत्र के गांव भिटारा निवासी वेदराम पुत्र ऊभन सिंह ने तहरीर दी है । आरोप है कि उनकी जमीन जिसका गाटा सं 27๘10 रकवा 0२2790 हे0 है। जिसकी पक्की पैमाइस राजस्व विभाग द्वारा हो चुकी है।आरोप है कि उक्त जमीन पर उनका कब्जा दखल भी दिया गया है। इसलिए वह खेत की जुताई और बोबाई कर रहा है।परंतु विपक्षी गण शिशुपाल व इन्दपालए महेन्द पुत्र शिवनरायन धीरज पुत्र हरीबाबूए अनिल पुत्र जसकरन निवासी गांव भिटारा ने उनके खेत की पक्की मुट्ठी उखाड कर मेडों को तोड दिया है। जब उन्होंने रोका तो उपरोक्त लोग गालिया देकर मारपीट कर झूठे मुकद्मे में फंसाने की धमकी देने लगे। पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ मुकद्मा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बैंक मैनेजर को पीटने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

मैनपुरीकिशनी। नगरपंचायत कुसमरा स्थित बैंक ऑफ इंडिया के मैनेजर मनोज कुमार भट्टाचार्य ने पुलिस को नामजदों द्वारा उनके साथ मारपीट करने की तहरीर दी । पुलिस ने नामजद व अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्जकर मामले की जांच शुरू कर दी है। बैंक ऑफ इंडिया के बैंक मैनेजर मनोज भट्टाचार्य के अनुसार उनके साथ शीतल पाण्डेय पुत्र आमोद पांडेय निवासी नामालूम अपने चार साथियों के साथ 13 जून की दोपहर बाद करीब 3रू30 पर उनकी बैंक में आये और उनको शाखा के वाहर निकलने पर मारने पीटने की धमकी दी थी। आरोप है कि उक्त सभी लोगों ने धमकी को हकीकत में बदलते हुए 16 जून की सांय 8 बजे जब वह बैंक को बंद कर बाहर निकले तो तहरीर में नामजद आरोपी शीतल पाण्डेय पुत्र अमोद पाण्डेय एवं उसके चार अज्ञात साथियों द्वारा उनको रोककर उनका कालर खींचकर उन्हें डन्डे से मारा पीटा और मोवाईल छीन लिया। रास्ते के कुछ राहगीरों द्वारा तथा राजीव चौहान द्वारा उनको बचाया गया और उनका मोबाईल उनको वापस दिला दिया गया। इसके उपरान्त शीतल पाण्डे द्वारा आगे भी देख लेने की धमकी दी गई। उन्हें डर है कि नामजद आगे भी उनको नुकसान पहुंचा सकते हैं।पुलिस ने शीतल पांडेय तथा चार अज्ञात के खिलाफ मुकद्मा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कोर्ट के आदेश के बावजूद लेखपाल ने विपक्षी के नाम घरौनी में दर्ज कर दी जमीन

मैनपुरीकिशनी। गोविंद प्रकाश तिवारी पुत्र जगदीश नारायण निवासी ढंढोस ने एसडीएम से शिकायत की है। बताया कि उनका पैतृक मकान जो खंडहर के रूप में गांव की आबादी में मौजूद है। गांव के ही कुछ दबंग नामजद लोगों ने उनके गांव में ना रहने का फायदा उठाते हुए खंडहर पड़ी जमीन पर जबरन कब्जा कर कंडे इत्यादि सामान रखकर कब्जा कर लिया।इसके बाद उनके द्वारा सिविल जज प्रवर वर्ग के कोर्ट में केस दायर किया गया। जिसका 2004 में न्यायालय द्वारा उनके पक्ष में भूमि के स्वामित्व के संबंध में आदेश पारित किया गया। तब से उनके बाहर रहने के कारण उक्त जमीन खंडहर पड़ी रही। उन्होंने आरोप लगाया कि नामजदों ने लेखपाल से सांठगांठ कर घरौनी में उक्त जमीन अपने नाम दर्ज करा ली और करीब दो माह से उनकी जमीन पर खूंटा गाडकर भैंस बांधने लगे। एक माह पूर्व उस स्थान पर टीन के तख्ते भी रख लिए। उन्होंने कहा कि उक्त आरोपीगण अब उनकी खंडहर पड़ी जमीन पर बाउंड्री वाल बनाकर कब्जा भी करना चाहते हैं ।जबकि उनके पक्ष में न्यायालय का आदेश उनके पास है। उन्होंने एसडीएम से निवेदन किया कि न्यायालय के आदेश के आधार पर घरौनी में उनके नाम का संशोधन कर दिया जाए।

# बारात शाला के लिए शुरू हुई दूसरी जगह पर जमीन की तलाश

**बरातशाल निर्माण को कमेटी के नकारने व मडपंप के बगल में ढाई करोड़ लागत अधिक आने से तलाश शुरू हुई**



**घाटमपुर।** मुख्यमंत्री नागरोदय योजना के तहत कानपुर रोड पर स्थित मडपंप के बगल में बारात शाला के निर्माण में ढाई करोड़ लागत अधिक आने से अब दूसरी जगह जमीन की तलाश शुरू हो गई है। पहले कानपुर रोड पर स्थित मडपंप के बगल में निर्माण के लिए डीपीआर भी तैयार किया गया था। जिसे डीएम की अध्यक्षता वाली कमेटी ने अधिक खर्च आने की बात कह कर उसे नकार दिया है। शासन की मुख्य मंत्री नगरोदय योजना के चलते पालिका क्षेत्र में बरातशाला का निर्माण किया जाना है। इसी के चलते कानपुर रोड पर स्थित मडपंप के बगल में तलब के आगे भूमि चिह्नित की गई थी।इसका डीपीआर भी सीएनडीएस निर्माण एजेंसी द्वारा तैयार कर दिया गया था। जिसमें इसकी लागत 6९98 करोड़ आ रही थी। डीपीआर बनने के बाद डीएम की अध्यक्षता में बनी कमेटी के सामने जब इसे भेजा गया तो अधिक लागत आने के चलते इसे नकार दिया गया। चिह्नित भूमि की पुराई व नीव भराई में करीब ढाई करोड़ अधिक खर्च को देखते हुए इसे कमेटी ने स्वीकार कर दूसरी समतल भूमि पर बनाने की बात कही गई। इसी के चलते तहसील व पालिका प्रशासन ने नई भूमि की तलाश शुरू कर दी है। कानपुर रोड या अन्य जगह बारातशाला के लिए साढ़े तीन बीघे जमीन खोजना कठिन हो रहा है। अधिशासी अधिकारी डॉव महेंद्र कुमार ने बताया कि बारात शाला निर्माण के लिए लेखपाल के साथ दूसरी जगह जमीन तलाश करने के प्रयास किए जा रहे हैं।



### हरि ओम पांडे को समाजवादी छात्र सभा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया

**बिठूर** समाजवादी पार्टी की छात्र इकाई समाजवादी छात्र सभा ने संगठन विस्तार और युवा नेतृत्व को मजबूती देने के उद्देश्य से हरि ओम पांडे को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। यह निर्णय समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुशंसा और केंद्रीय नेतृत्व की सहमति से लिया गया है। हरि ओम पांडे पुत्र स्वरूप नारायण पांडे निवासी बहलोल पुर मंधना कानपुर लंबे समय से सपा की राजनीति से जुड़े रहे हैं और उन्होंने युवाओं के हक़ और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर लगातार संघर्ष किया है। उनकी कर्मठता विचारधारा के प्रति निष्ठा और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए यह जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है। नवनियुक्त राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री हरि ओम पांडे ने कहा मैं समाजवादी विचारधारा और छात्र हितों की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करूंगा। यह पद मेरे लिए केवल सम्मान नहीं बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं केंद्रीय नेतृत्व द्वारा इस पद पर नियुक्त किए जाने एवं नेतृत्व क्षमता पर भरोसा जताने के लिए आभार व्यक्त किया।



### निर्माणाधीन पुलिया पर डंपर अनियंत्रित होकर पलटा

घाटमपुर। रामसारी रोड़ के हो रहे चौड़ीकरण के बीच निर्माणाधीन पुलिया के पास से वाहनों के गुजरने के लिए बनाए गए ऊबड़ खाबड़ कच्चे रास्ते में बुधवार को एक डंपर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसा देख मौके पर पहुंचे लोगों ने किसी तरह चालक व खलासी को ट्रक की केबिन से बाहर निकाला। जिन्हें आई मामूली चोटों पर इलाज के लिए ले जाया गया।

### पुत्रवधू से परेशान सास ने पुलिस से की शिकायत

मैनपुरीकिशनी। सरोजनी देवी पत्नी विनोद कुमार सविता निवासी मोहल्ला हवेली ने तहरीर दी है।आरोप है कि उनकी पुत्रवधू साधना देवी पत्नी पिंकी सविता उनके साथ मारपीट करती है।जबकि उसके बच्चों की देख भाल वह स्वयं करती हैं। वह मजदूरी कर गुजारा करती हैं फिर भी उनको घर में नहीं रहने देती है तथा वह बहुत परेशान है। उन्होंने पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


**कानपुर विकास प्राधिकरण** आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड सख्या 06/सी/68, एल0आई0जी0 योजना-स्वर्ण जयन्ती विहार क्षेत्रफल 61.88 वर्ग0मी0 अवासीय कानपुर नगर की फ्री होल्ड डीड दिनाक 19.03.2012 को कानपुर विकास प्राधिकरण द्वारा श्रीमती नीता यादव पत्नी श्री राम सिंह यादव एवं श्री राम सिंह यादव पुत्र स्व0 धनीराम यादव के पक्ष में निष्पादित की गयी थी। कार्यालय में प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र के अनुसार उक्त भूखण्ड के सह-फ्रीहोल्डधारिका श्रीमती नीता यादव की मृत्यु दिनांक 15.01.2024 को हो गयी है। कार्यालय उप-जिलाधिकारी (सदर) कानपुर नगर द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र सं0-2024102923184007 दिनांक 05.12.2024 के अनुसार मृतक के परिवार में निम्नलिखित पारिवारिक सदस्य हैं:-1.श्री राम सिंह यादव मृतक का पति उम्र 63 वर्ष 2.श्रीमती जाग्रति यादव मृतक की पुत्री (विवा0) उम्र 28 वर्ष उपरोक्त के आलावा मृतक के परिवार में अन्य कोई पारिवारिक सदस्य नहीं है। क्रम संख्या-02 पर अकित वारिसान ने क्रम संख्या-01 पर अकित श्री राम सिंह यादव के पक्ष अपना फोटोयुक्त शपथ पत्र देकर हक छोड़ दिया है। सह फ्रीहोल्डधारक श्री राम सिंह यादव पुत्र स्व0 धनीराम यादव के पक्ष में वारिसानों के आधार पर नामांतरण की कार्यवाही विचाराधीन है। उक्त नामांतरण किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के तीस दिवसों के भीतर साक्ष्य सहित अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण के कार्यालय विक्रय (जोन-4) अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से दाखिल कर सकता है। निर्धारित समयावधि में आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में आवेदक के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही करा दी जायेगी, तदोपरांत कोई आपत्ति/क्लेम मान्य नहीं होगा।

**विशेष कार्याधिकारी (विक्रय जोन-4)**



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड- कन्नौज**
कक्ष सं0– S-6, द्वितीय तल, विकास भवन कन्नौज।

पत्रांक– /ग्रा0अ0वि0/निविदा पत्रावली/2025–26 दिनांक :

**ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना**

महामहिम श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड कन्नौज के के अन्तर्गत अनुरक्षण मद योजना वर्ष 2025–26 के निम्न कार्यों हेतु ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए,बी,सी एवं डी श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से *ई–टेण्डरिंग* के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

1. कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (जी. एस.टी.सहित) (लाख में) | बिड सिक्योरिटी (ई.एम.डी.) (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी.एस.टी. रू0सहित) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | कन्नौज | विकास भवन कन्नौज के बाहरी प्रवेश की रंगाई पुताई एवं वायरिंग का कार्य। | 15.00 | 0.300 | 860.00 | तीन माह |

2. वेब साइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि :– 21.06.2025
3. ई–निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि/समय :–01.07.2025 को दोपहर 12:00 बजे तक।
4. ई–निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 02.07.2025 को दोपहर 02:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज–9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वैब साइट *http//etender.up.nic.in* पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

**अधिशासी अभियन्ता**
**ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,**
**प्रखण्ड कन्नौज**

उ0प्र0 235048 दिनांक- 18.06.2025
Web.: www.upidadv.gov.in



**कार्यालय ग्राम पंचायत मरखरा विकास खण्ड चौबेपुर, कानपुर नगर**

पत्रांक–11/ पंचम राज्यवित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त आयोग/ मनरेगा योजनान्तर्गत/ सचिव/ 25–26/ दिनांक– 18/06/2025

**अल्पकालीन निविदा आमन्त्रण सूचना**

महामहिम राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा ग्राम पंचागत मरखरा विकास खण्ड चौबेपुर के टिन धारक ईट, ईट गिट्टी 40एम०एस० एवं अन्य टिन धारक सामग्री विक्रेताओ से सीमेन्ट, बालू, मौरंग, पत्थर गिट्टी, इण्टरलाकिंग ईंट, 20 एम० एम० हयूम पाइप, टाइल्स पं०रा०वि०आ०/ पन्द्रहवां वित्त आयोग/मनरेगा योजना के अन्तर्गत कराये जाने वाले निम्न कार्यों के कार्यस्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु दिनांक 24/06/25 को अपरान्ह 1.00 बजे तक निविदायें आमन्त्रित की जाती है। विक्रित निविदाये निविदा बाक्स में निधारित समय के अन्दर डाली जायेगी। निर्धारित समय सीमा के उपरान्त निविदाये स्वीकार नहीं की जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत मरखरा कार्यालय से दिनांक 19/06/25 से दिनांक 24/6/25 तक प्रत्येक कार्य दिवस में मु० 200.00 नकद जमा कर प्राप्त की जा सकती है। प्राप्त निविदायें दिनांक 24.06.2025 को अपरान्ह तीन बजे कार्यालय ग्राम पंचायत मरखरा कानपुर नगर के कक्ष में उपस्थित सामग्री आपूर्तिकर्ताओ की उपस्थिति में ग्राम पंचायत सचिव द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी। ग्राम पंचायत सचिव को यह अधिकार होगा किसी या सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किया जा सकता है।

**कार्यो का विवरण निम्नवत है**

| क्र0 सं० | कार्य व कार्य स्थल का नाम | पंचम राज्यवित्त आयोग/पन्द्रहवा वि.आ. | मनरेगा योजनान्तर्गत | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आर.आर.सी. सेन्टर विस्तारीकरण कार्य | 2.42 | | | 1 माह |
| 2. | मेवालाल के घर से नाला तक नाला निर्माण। | प्राक्कलन के अनुसार | | | 3 माह |

**ग्राम प्रधान**
ग्राम पंचायत मरखरा
विकास खण्ड चौबेपुर कानपुर नगर

**ग्राम पंचायत सचिव**
ग्राम पंचायत मरखरा
विकास खण्ड चौबेपुर कानपुर नगर



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई प्रखण्ड–महोबा**

पत्रांक:– 198 /निविदा/लेखा/2025–26 दिनांक:– 11.06.2025

**अति अल्पकालीन ई–टेन्डरिंग सूचना सं0– 10/अधि0अभि0/2025–26**

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तर प्रदेश की ओर से ब्लास्ट कूप निर्माण के कार्यो हेतु ऑन लाईन के माध्यम से प्री–क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड एवं प्राईस–बिड/फाइनेन्शियल बिड शासनादेश संख्या 1600/62–2–2018–2/4(49)/2006 दिनांक 26.08.2019 में दिये गये प्राविधान के अनुसार सिंचाई विभाग में वर्गीकृत श्रेणी के पंजीकृत/सूचीबद्ध ठेकेदारों या लघु सिचाई विभाग के ऐसे ठेकेदारों जिन्हें 02 वर्ष का अनुभव हो और कोई जॉच लम्बित न हो तथा ऐसे फर्म/ठेकेदार जो समस्त अर्हताएं पूर्ण करते हो, से दिनांक 20.06.2025 को पूर्वान्ह 09:00 बजे से दिनांक 26.06.2025 तक पूर्वान्ह 09:00 बजे तक मुख्यमंत्री लघु सिचाई योजना के योजनार्न्तगत निम्नलिखित ब्लास्ट कूप निर्माण कार्य हेतु निविदाऐं आमंत्रित की जाती है।

प्री–क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड दिनांक 26.06.2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से अधीक्षण अभियन्ता लघु सिंचाई वृत्त झाँसी के कार्यालय में अधीक्षण अभियन्ता की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके द्वारा नामित प्रतिनिधि के समक्ष ऑन लाईन खोली जायेगी, एवं प्री–क्वालीफिकेशन बिड में जॉचोपरान्त उपयुक्त पाये गये निविदादाता के प्राइस बिड/फाइनेन्शियल बिड दिनांक 28.06.2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से अधीक्षण अभियन्ता लघु सिंचाई वृत्त झाँसी के कार्यालय में अधीक्षण अभियन्ता की अध्यक्षता में गठित समिति के समक्ष ऑनलाइन खोली जायेंगी। किसी तकनीकी खराबी या किसी अन्य कारण से यदि निविदा खोला जाना सम्भव नही हो पाता है तो तकनीकी खराबी दूर होने या समस्या के समाप्त होने के उपरान्त ही निविदा खोली जायेगी। अवकाश की दशा में यह निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। उक्त निविदा बजट की प्रत्याशा में प्रकाशित की जा रही है अनुबन्ध बजट प्राप्त होने के उपरान्त किया जायेगा। बजट की उपलब्धता के आधार पर कमांक 01 से जिस कमांक तक बजट उपलब्ध होगा उस कमांक तक कार्यो का अनुबन्ध गठन किया जायेगा। अवशेष कार्यो को स्वतः निरस्त माना जायेगा। उक्त कार्यों के भुगतान की अन्तिम तिथि 25.03.2026 होगी इस कारण से उक्त समस्त कार्यों में समय सीमा का विस्तार दिनांक 31.12.2025 तक ही दिया जायेगा, केवल 80 प्रतिशत तक कार्य पूर्ण करने वाली फर्मो को ही दिनांक 31.12.2025 के बाद समय सीमा विस्तार दिया जायेगा, तदोपरान्त निविदा की प्रक्रिया पुनः प्रारम्भ की जायेगी। दिनांक 31.12.2025 को नियमानुसार जमानत धनराशि राजसात करने एवं फर्म को डिबार/काली सूची में डालने की प्रक्रिया प्रारम्भ की जायेगी। उपरोक्त शर्तों के अधीन ही निविदा प्रक्रिया में फर्म प्रतिभाग करें।

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | कार्य का विवरण (कृषक का नाम) | ग्राम का नाम | विकास खण्ड | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | मात्रा (बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार) | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य + जी0एस0टी0 +स्टेशनरी चार्ज सहित (रू0 में) | सिंचाई विभाग में वांछित पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | मुख्य मंत्री लघु सिंचाई योजना | श्रीमती कुसुम रानी पत्नी श्री राजाराम | पचपहरा | कबरई | 8.31 | बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार | 0.831 | 03 माह | 854 | सी एवं उच्च |
| 2 | | श्री सीताराम पुत्र श्री छत्रपाल | अण्डवारा | पनवाड़ी | 8.31 | | 0.831 | 03 माह | 854 | सी एवं उच्च |
| 3 | | श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव पुत्र श्री आदित्य नारायण | सौरा | पनवाड़ी | 8.31 | | 0.831 | 03 माह | 854 | सी एवं उच्च |
| 4 | | श्री गोबिन्ददास पुत्र श्री चरनदास | सौरा | पनवाड़ी | 8.31 | | 0.831 | 03 माह | 854 | सी एवं उच्च |
| 5 | | श्रीमती कलावती पत्नी श्री नथुआ | सौरा | पनवाड़ी | 8.31 | | 0.831 | 03 माह | 854 | सी एवं उच्च |
| 6 | | श्री अब्दुल गफूर पुत्र श्री माहम्मद बासीर | दिनई | पनवाड़ी | 8.31 | | 0.831 | 03 माह | 854 | सी एवं उच्च |
| 7 | | श्री दुर्गा प्रसाद पुत्र श्री लक्ष्मन प्रसाद | सतारी | जैतपुर | 8.31 | | 0.831 | 03 माह | 854 | सी एवं उच्च |
| 8 | | श्री उमेश चन्द सक्सेना पुत्र सुरेश चन्द सक्सेना | टिकरिया पनवाड़ी | जैतपुर | 8.31 | | 0.831 | 03 माह | 854 | सी एवं उच्च |
| 9 | | श्री श्रीपत पुत्र श्री शंकरलाल | बछेछरकला | जैतपुर | 8.31 | | 0.831 | 03 माह | 854 | सी एवं उच्च |
| 10 | | श्री कमला प्रसाद पुत्र श्री कसिया | जैतपुर | जैतपुर | 8.31 | | 0.831 | 03 माह | 854 | सी एवं उच्च |
| 11 | | श्री राजा पुत्र श्री धन्नू उर्फ धनीराम | जैतपुर | जैतपुर | 8.31 | | 0.831 | 03 माह | 854 | सी एवं उच्च |
| 12 | | श्री चुन्नू कुशवाहा पुत्र श्री मोहनलाल | सीगौन | जैतपुर | 8.31 | | 0.831 | 03 माह | 854 | सी एवं उच्च |
| 13 | | श्री रामनाथ पुत्र श्री हल्के | ठठेवरा | जैतपुर | 8.31 | | 0.831 | 03 माह | 854 | सी एवं उच्च |
| 14 | | श्रीमती राजाबाई श्री रामगोपाल | पृथ्वीपुरा | जैतपुर | 8.31 | | 0.831 | 03 माह | 854 | सी एवं उच्च |
| 15 | | श्री मोहन सिंह पुत्र श्री बुल्लु | कुलपहाड़ ग्रामीण | जैतपुर | 8.31 | | 0.831 | 03 माह | 854 | सी एवं उच्च |
| 16 | | श्री प्रवेश पुत्र श्री देवी प्रसाद | कुलपहाड़ ग्रामीण | जैतपुर | 8.31 | | 0.831 | 03 माह | 854 | सी एवं उच्च |
| 17 | | श्रीमती रामकुमारी पत्नी श्री लक्ष्मी प्रसाद | जैतपुर | जैतपुर | 8.31 | | 0.831 | 03 माह | 854 | सी एवं उच्च |
| 18 | | श्री जय सिंह पुत्र श्री जगन्नाथ | अण्डवारा | जैतपुर | 8.31 | | 0.831 | 03 माह | 854 | सी एवं उच्च |
| 19 | | श्री राम सिंह यादव पुत्र श्री राजाराम | नरवारा | जैतपुर | 8.31 | | 0.831 | 03 माह | 854 | सी एवं उच्च |
| 20 | | श्री राजाराम पुत्र श्री चिन्टू यादव | नरवारा | जैतपुर | 8.31 | | 0.831 | 03 माह | 854 | सी एवं उच्च |
| 21 | | श्री पंचा पुत्र श्री कमतू | जैतपुर | जैतपुर | 8.31 | | 0.831 | 03 माह | 854 | सी एवं उच्च |
| 22 | | श्री मोतीलाल पुत्र श्री उमराव | जैतपुर | जैतपुर | 8.31 | | 0.831 | 03 माह | 854 | सी एवं उच्च |
| 23 | | श्री बल्देव प्रसाद पुत्र श्री खल्लू | जैतपुर | जैतपुर | 8.31 | | 0.831 | 03 माह | 854 | सी एवं उच्च |
| 24 | | श्री किशुन पुत्र श्री मुनिया | जैतपुर | जैतपुर | 8.31 | | 0.831 | 03 माह | 854 | सी एवं उच्च |
| 25 | | श्री घनश्याम पुत्र श्री सरजूलाल | रगौली | जैतपुर | 8.31 | | 0.831 | 03 माह | 854 | सी एवं उच्च |
| 26 | | श्री भरत सिंह पुत्र श्री अबीर सिंह | बमनौरा | जैतपुर | 8.31 | | 0.831 | 03 माह | 854 | सी एवं उच्च |

यह निविदा/बिड सूचना उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइट सूचना विभाग की वेबसाइट एंव ई–टेण्डर पोर्टल पर भी उपलब्ध है तथा निविदा/बिड की विस्तृत शर्ते निविदा/बिड प्रपत्र के साथ उपलब्ध होगी, जो निविदा की वेबसाइट पर अपलोड रहेगी। Technical Evaluation by tender committee will be done financial bid will be opened only for those tender's who will qualify the technical bid. The Financial bid will be opened online at 28-06-2025 on dated 11A.M.

उ0प्र0 235036 दिनांक- 17.06.2025
Web.: www.upidadv.gov.in

**अधिशासी अभियन्ता,**
**लघु सिंचाई प्रखण्ड–महोबा**

## राज की दादी की सदमे में मौत

**फतेहपुर।** इंदौर के राजा रघुवंशी मर्डर केस से जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है। सोनम रघुवंशी ने अपने जिस प्रेमी राज के साथ मिलकर पति राजा की हत्या करवाई, उसकी दादी की सदमे से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दादी को हार्ट अटैक आ गया। इसके बाद घर में कोहराम मच गया। राजा का पैतृक गांव यूपी के फतेहपुर में है। उसकी दादी यहीं रहती थीं। राज की गिरफ्तारी पर उन्होंने कहा था कि पोता बेकसूर है।

# पत्थर की चट्टान ढहने से मलबे में दबकर तीन चरवाहों की मौत

**फतेहपुर।** किशनपुर थाना क्षेत्र के रायपुर भसरौल व मड़ौली गांव के यमुना तट पर बनी पत्थर की चट्टान ढहने से मलबे में दबाकर तीन किसान चरवाहो की मौके पर मौत हो गई। वही चट्टान के बगल में बैठे किशोर घायल हो गया। सूचना पर किशनपुर थाना प्रभारी पुलिस टीम मौके पर पहुंच शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्यवाही पश्चात मर्चरी पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की सूचना पर क्षेत्राधिकारी खागा बृजमोहन राय एसडीएम अभिनित कुमार राजस्व टीम के साथ पहुंच घटना का जायजा लिया है। थाना क्षेत्र अंतर्गत रायपुर भसरौल व मडौली गांव यमुना किनारे बनी कंकड़ मिट्टी के टीले के पास कड़ाके की धूप में प्रतिदिन चरवाहे किसान विश्राम करते थे। सुबह शाम हर रोज भैंसों को यमुना नदी में पानी पिलाने लाते थे। दोपहर 03 चार किसान चरवाहे विश्राम कर रहे थे। तभी अचानक 10 फुट ऊंचाई में टंगी पत्थर की रेतीली चट्टान बारिश की वजह से नमी हो जाने से अचानक टूट कर गिर गई। जिससे मलबे में दबाकर तीन किसान जिनमें रायपुर भसरौल गांव के चंदवाइंन डेरा निवासी दुलारे पासवान पुत्र भोला पासवान (52) शिवमोहन यादव (56) पुत्र नादिर व मडौली गांव निवासी रमेश धोबी पुत्र रामस्वरूप (54) की मौके पर मौत हो गई। वहीं पास बैठे भसरौल गांव के अर्जुन यादव (25) पुत्र शिव भूखन घायल हो गए।

दुर्घटना होने पर घायल अर्जुन यादव आवाज लगा आसपास के लोगों को घटना के बारे में अवगत कराते हुए गांव जाकर ग्रामीणों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे ग्रामीण मलबा हटाकर राहत बचाव कार्य जारी किया, लेकिन तब तक पत्थर के मलबे में दबाकर तीनों की दर्दनाक मौत हो चुकी थी। सूचना पर स्थानीय प्रशासन क्षेत्राधिकारी उपजिला अधिकारी मौके पर पहुंचे घटना का जायजा लेते हुए संबंधितों को निर्देशित कर घटना की जांच पड़ताल जारी कर दी है।

मामले में क्षेत्राधिकारी खागा बृजमोहन राय ने बताया कि कंकड़ मिट्टी की बनी चट्टान वर्षा के कारण नमी पहुंचने से चट्टान ढह गई है। शवों को पोस्टमार्टम कार्यवाही के लिए भेजा गया है। राजस्व टीम मौके पर जांच पड़ताल आवश्यक कार्यवाही कर रही है।

# जिले में माडीफाइड साइलेंसरों के खिलाफ अभियान चलाएं अधिकारी : डीएम

- स्कूली वाहन चालक व परिचालकों का पुलिस सत्यापन किए जाने के निर्देश
- निर्देश का अनुपालन न करने पर एआरटीओ प्रशासन से मांगा स्पष्टीकरण
- जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक



**फतेहपुर।** जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने सड़क सुरक्षा से संबंधित पिछली बैठक मे दिये गए निर्देश के अनुपालन आख्या की समीक्षा करते हुए विस्तृत चर्चा की और संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने पूर्व की बैठक में दिए निर्देश का अनुपालन न होने पर एआरटीओ प्रशासन को स्पष्टीकरण देते हुए कृत कार्यवाही से अवगत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने उपजिलाधिकारियों व परिवहन विभाग को निर्देशित किया कि अपने तहसील अंतर्गत पड़ने वाले टोल प्लाजा का औचक निरीक्षण करते हुए टोल प्लाजा में लगी वेइंग ब्रिज की क्रियाशीलता को देखे और रिपोर्ट से अवगत कराए।

जनपद में संचालित टोल प्लाजा से प्रतिदिन गुजरने वाले ओवर लोड भारी वाहनों की सूची जल्द से जल्द उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित एनएचआई के पदाधिकारियों को दिए। जनपद में मोडिफाईड सेलेंसर लगे वाहनों का संचालन न हो इसके लिए परिवहन विभाग व पुलिस विभाग संवेदनशीलता के साथ प्रवर्तन की कार्यवाही करते हुए, किस अधिष्ठान से सेलेंसर लगवाया गया है उसपर भी नियमानुसार कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि स्कूली वाहनों को फिटनेस होने पर ही संचालन किया जाये इसके लिए संबंधित स्कूल, कॉलेजों में वाहनों का फिटनेस की जांच निरीक्षण के माध्यम से एआरटीओ को दिए। यदि स्कूली वाहन बिना फिटनेस के संचालन पाया जाय तो संबंधित संस्थान पर कड़ी कार्यवाही की जाये। साथ ही स्कूली वाहनों के चालक व परिचालक का भी पुलिस सत्यापन भी करा लिया जाये।उन्होंने एनएचआई के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत अचानक लेन परिवर्तन से दुर्घटना हो सकती है इसका साइनेज बोर्ड प्रत्येक टोल प्लाजा में अवश्य लगवाए। उन्होंने कहा कि गंभीर दुर्घटना वाले वाहन चालकों व जिस दुर्घटना में वाहन चालक की लापरवाही से किसी की मौत हो गई हो उस पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए ड्राइविंग लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाय। वाहन चालको द्वारा यातायात के नियमों का उलंघन बारदृबार करते हुए पाए जाने पर ड्राइविंग लाईसेंस नियमानुसार निरस्त करते हुए कार्यवाही करें। साथ ही विभिन्न मध्यमो से प्रचार-प्रसार भी कराया जाय। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग, परिवहन विभाग संवेदनशीलता के साथ प्रवर्तन की कार्यवाही निरंतर करें।

वाहन चालको को यातायात के नियमों का पालन करने, दोपहिया वाहन चालको को हेलमेट, चार पहिया वाहन चालको को सीट बेल्ट लगाने के लिए जागरूक किया जाये। इस अवसर अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) अविनाश त्रिपाठी, उपजिलाधिकारी खागा, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, उप संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन/प्रशासन, जिला विद्यालय निरीक्षक, टीएसआई यातायात, एनएचआई, समिति के सदस्य अशोक तपस्वी, आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप गर्ग सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## खबर एक नज़र

### आजमगढ़ डीएम के खिलाफइंजीनियरों ने किया प्रदर्शन




**फतेहपुर।** आजमगढ़ जनपद के जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार द्वितीय द्वारा सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियंता के साथ की गई बदसलूकी व जानलेवा हमला किए जाने के मामले को लेकर उत्तर प्रदेश इंजीनियर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने नहर कालोनी प्रांगण में प्रदर्शन किया तत्पश्चात सीएम को ज्ञापन भेजकर आजमगढ़ डीएम को तत्काल बर्खास्त किए जाने की मांग की। एसो. के अध्यक्ष इं0 विनोद कुमार श्रीवास्तव की अगुवई में सभी इंजीनियरों ने प्रदर्शन किया और सीएम को ज्ञापन भेजकर बताया कि प्रदेश के अभियंताओं द्वारा पूर्णलगन, निष्ठा के साथ विकास कार्यों को संपादित किया जा रहा है परन्तु जिलाधिकारी द्वारा अभियंताओं के उत्पीड़न व उनके पद की गरिमा को ठेस पहुंचाए जाने की घटना आए दिन सामने आती है।

13 जून को जिलाधिकारी आजमगढ़ रविन्द्र कुमार द्वितीय ने जनपद में तैनात सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियंता इं0 अरूण सचदेव को अपने आवास बुलाकर गाली-गलौज की और जान से मारने की नियत से डंडे से मारा। इस घटना से प्रदेश के अभियंताओं में आक्रोश व्याप्त है। सीएम से मांग किया कि जिलाधिकारी आजमगढ़ को भारतीय प्रशासनिक सेवा से तत्काल बर्खास्त किया जाए, उनके विरूद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए विधिक कार्रवाई की जाए, डीएम आजमगढ़ इससे पूर्व जहां-जहां कार्यरत रहे इनके द्वारा किए गए कार्यों की सक्षम समिति बनाकर जांच कराई जाए। इस मौके पर महासचिव इं0 आशीष यादव, वरि. उपाध्यक्ष इं0 सीके मंगलम, इं0 अनुराग गौतम, सुन्दर लाल वर्मा, आनन्द द्विवेदी, रोहित वर्मा, निखिल श्रीवास्तव, शुभम मिश्रा, अरविंद कुमार पाण्डेय, अनिल कुमार शील आदि मौजूद रहे।

### शराबी पुत्र ने मां को डण्डा मारकर उतारा मौत के घाट

फतेहपुर। असोथर थाना क्षेत्र के ग्राम पतैटापुर मजरे सेमरी में शराब का पैसा न देने पर कलयुगी पुत्र ने अपनी मां को डण्डा मारकर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने एक घण्टे बाद ही आरोपी को गांव के बाहर जंगल से गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार पतैटापुर मजरे सेमरी गांव निवासी अमर सिंह की 60 वर्षीय पत्नी श्यामकली का पुत्र कमलेश शराब पीने का आती है। बताते हैं कि रात लगभग 10 बजे नशे में धुत होकर घर आया और मां से शराब पीने के लिए पैसा मांगने लगा। इंकार कर देने पर गुस्से में आकर उसने मां के साथ गाली-गलौज किया बाद में डण्डा मारकर मौत के घाट उतार दिया। हादसे के बाद आरोपी पुत्र मौके से फरार हो गया। सूचना पाकर घटनास्थल पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम भेज दिया। पुलिस ने एक घंटे के अंदर ही गांव के बाहर जंगल से कलयुगी पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। मृतका के पति अमर सिंह ने बताया कि उसका पुत्र शराब पीने का आदी है। आए दिन घर में सभी को मारता-पीटता था। घटना को अंजाम देने के बाद पुत्र ने उसे भी जान से मारने की धमकी दी थी। उसका कहना है कि अगर वह पुलिस से बच गया तो वह उसे भी मार देगा।

### सिकठिया गांव के समीप घायलावस्था में मिले युवक की मौत

**फतेहपुर।** कानपुर नगर के थाना महाराजपुर सिकठिया गांव के समीप मंगलवार की शाम 22 वर्षीय युवक को घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल ला रहे थे तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। वहीं मृतक के परिजनों ने तीन लोगो पर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार मलवां थाना क्षेत्र के बाबा का पुरवा मजरे रावतपुर गांव निवासी राज बहादुर का पुत्र अजीत पाल मंगलवार की शाम घायल अवस्था में सिकठिया गांव के समीप रोड किनारे पड़ा मिला। मौके पर पहुंचे परिजन उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ला रहे थे तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया। मृतक के भाई सुधीर ने थाना क्षेत्र के नया पुरवा गांव निवासी राजकरन, चन्द्रभान व गाजीखेड़ा गांव निवासी पूती पर हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए बताया कि एक वर्ष पूर्व उसके भाई ने तीनों से उधार जूता-चप्पल खरीदा था। पैसा न मिलने पर कल शाम तीन लोग आए और कहा कि उसका डेढ़ लाख रूपया पड़ा है, जिस पर भाई ने दो दिन बाद पैसा देने की बात कही। तभी फोन आने पर उसका भाई घर से निकल गया, जिसके साथ यह घटना घटी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### दो लोगों ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

फतेहपुर। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत बीते चौबीस घंटे के अंतराल में दो लोगों ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार ललौली थाना क्षेत्र के महना गांव निवासी दिनेश सिंह के 37 वर्षीय पुत्र संदीप सिंह उर्फ सोनू ने पत्नी से लड़ने के बाद घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसी प्रकार जाफरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मोहारी गांव निवासी श्यामलाल के 50 वर्षीय पुत्र उदयभान ने मानसिक तनाव के चलते गांव के बाहर जंगल में जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शवों को विच्छेदन गृह भेज दिया।

### रिन्द नदी में डूबकर अधेड़ की मौत

फतेहपुर। जाफरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम शिवपुरी में मंगलवार की शाम रिन्द नदी में नहाते समय डूब जाने से 55 वर्षीय अधेड़ की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शिवपुरी गांव निवासी छेदुआ का पुत्र रामखेलावन मजदूरी करता था। शाम 05 बजे घर आने के बाद वह समीप ही स्थित रिन्द नदी में नहाने चला गया। तभी अचानक वह नहाते समय गहरे पानी में चले जाने से डूब गया। तभी वहां मछुआरों ने उसे देख लिया। आधे घण्टे के बाद उसे बाहर निकाला गया तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

### व्यापारियों को दी जाएगी बेहतर सुविधाएं: मंडी सचिव

बिंदकी, (फतेहपुर)। सभी व्यापारियों व किसानों को मंडी में बेहतर सारी सुविधाएं दी जाएगी, ताकि एक ओर किसान अपना अनाज बेच सकें और व्यापारी खरीद सके। जो भी परेशानी है उन्हें समाप्त करने का प्रयास किया जाएगा, समस्याएं हल की जाएगी। व्यापारियों व किसानों के साथ समय-समय पर बैठक भी की जाएगी। यह बात नगर के मंडी समिति कार्यालय में नवागंतुक मंडी सचिव ने कही। नगर के कुंवरपुर रोड स्थित मंडी समिति में नवागंतुक मंडी सचिव राजित राम वर्मा ने कहा कि सभी व्यापारियों को सारी सुविधाएं दी जाएगी। व्यापारियों व किसानों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। किसी को कोई परेशानी नहीं आने पाएगी। इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि व्यापारी अपना व्यापार बेहतर ढंग से कर सकें। समय-समय पर व्यापारियों के साथ बैठक भी होगी। सभी व्यापारी नियमानुसार काम करें कोई दिक्कत हो तो तुरंत अवगत कराएं, समस्या का समाधान किया जाएगा। इस मौके पर मिलर्स एवं गल्ला व्यापार समिति बिंदकी के अध्यक्ष शिवम गुप्ता, उपाध्यक्ष भूपेंद्र उमराव, ओम शुक्ला अरविंद वर्मा, नवीन गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, धीरज वर्मा, सौरभ गुप्ता, राम शंकर गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### भाकियू का कलेक्ट्रेट घेराव 21 को

असोथर, (फतेहपुर)। थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुजानपुर रजबहे में असोथर बस स्टॉप के पास स्थित नहर पुल टूट जाने से किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत पुल पर केवल ढोला डाला गया है, जो अस्थायी और अपर्याप्त साबित हो रहा है। इस स्थिति के कारण रजबहे की टेल तक सिंचाई का पानी नहीं पहुंच पा रहा है, जिससे धान की रोपाई में गंभीर बाधा उत्पन्न हो रही है। किसानों की इस समस्या को लेकर भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ने आक्रोश जताते हुए 21 जून को कलेक्ट्रेट का घेराव करने का निर्णय लिया है। भाकियू के असोथर ब्लॉक महामंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि जब तक पुल निर्माण, स्थायी समाधान नहीं किया जाता और किसानों को सिंचाई हेतु पर्याप्त पानी नहीं उपलब्ध कराया जाता, आंदोलन जारी रहेगा।

# नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में 3340 लाख का बजट पारित

- कई अहम प्रस्तावों को मिली मंजूरी



**खागा, (फतेहपुर)।** नगर पंचायत खागा के सभागार में बोर्ड की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नगर पंचायत की चेयरमैन गीता सिंह ने की जबकि मुख्य अतिथि के रूप में खागा विधायक कृष्णा पासवान मौजूद रहीं। इसके अलावा सांसद प्रतिनिधि योगेन्द्र सिंह, अधिशासी अधिकारी देवहूती पांडेय व सभी वार्डों के सभासदों ने बैठक में सहभागिता की। बैठक में वर्ष 2025-26 के लिए कुल 3340 लाख रूपये का बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। बजट में नगर क्षेत्र के समग्र विकास, स्वच्छता व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण, अधोसंरचना विकास तथा नागरिक सुविधाओं के विस्तार पर विशेष बल दिया गया।

बैठक में स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए नगर पंचायत परिशर की साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने का निर्णय लिया गया। इसके अंतर्गत कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने, सफाई उपकरणों की खरीद तथा कचरा निस्तारण व्यवस्था को अत्याधुनिक बनाने के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इसके अतिरिक्त बोर्ड मीटिंग हॉल में एयर कंडीशनर लगवाने का प्रस्ताव भी पारित किया गया, जिससे आने वाले समय में सभाओं के आयोजन अधिक सुगमता व सुविधा के साथ किए जा सकें। बैठक के दौरान कई सभासदों ने अपने-अपने वार्डों की समस्याओं व आवश्यकताओं को भी प्रमुखता से उठाया, जिन पर संबंधित अधिकारियों ने शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया। विधायक कृष्णा पासवान ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप नगर के विकास में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। चेयरमैन गीता सिंह ने कहा कि पारित बजट नगर की तस्वीर बदलने वाला सिद्ध होगा और नगरवासियों को शीघ्र ही इसके परिणाम दिखाई देंगे।

## जहर खाने से महिला की संदिग्ध मौत

**फतेहपुर।** सुल्तानपुर घोष गांव में एक महिला की संदिग्ध हालत में जहर खाने से मौत हो गई। इस मामले में बुधवार को पुलिस ने मृतका के पिता की शिकायत पर पति सहित 06 लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। बताते चलें कि कौशांबी जिले के सैनी थाना क्षेत्र के लोहदा गांव निवासी जमुना प्रसाद पाण्डेय पुत्र देव नारायण पाण्डेय ने सुल्तानपुर घोष थाने में लिखित तहरीर देकर बताया कि अपनी पुत्री प्रीति का विवाह करीब चार वर्ष पहले सुल्तानपुर घोष गांव के रहने वाले स्वर्गीय हरिमोहन शुक्ला के पुत्र भानू शुक्ला के साथ किया था। हैसियत के हिसाब से दान दहेज भी दिया था। पुत्री का पति भानु शुक्ला, सास कांति देवी, जेठ शानू शुक्ला, ननद संगीता देवी, पापे देवी, रेनू देवी, दहेज को लेकर पुत्री को आए दिन मारते पीटते व प्रताड़ित करते थे। मंगलवार की शाम जहर देकर मार दिया। मृतका के पिता ने यह भी बताया कि जब इसकी जानकारी मिली तो वह परिवार के साथ तत्काल थाना क्षेत्र के प्रेमनगर स्थित आलिया हॉस्पिटल पहुंचा तो वहां पुत्री गंभीर हालत में थी। गंभीर हालत में पुत्री ने अपने भाई व उससे बताया कि सभी लोगों ने जबरदस्ती जहर पिला दिया है जिससे इलाज के दौरान पुत्री की मौत हो गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक तेज बहादुर सिंह ने बताया कि मृतका के पिता की तहरीर पर पति सहित 06 लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## बदहाल विद्युत आपूर्ति को लेकर आप ने किया प्रदर्शन



**फतेहपुर।** बदहाल विद्युत आपूर्ति व घंटो पावर कट के मुद्दे को लेकर आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन किया तत्पश्चात जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर सुधार की मांग की। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार मौर्य एडवोकेट की अगुवई में पदाधिकारी व कार्यकर्ता हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और बदहाल विद्युत आपूर्ति को लेकर प्रदर्शन किया। तत्पश्चात राज्यपाल को संबोधित सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि भीषण गर्मी के बीच प्रदेश में घंटो बिजली कटौती हो रही है। प्रदेश में लगातार महंगी की जा रही बिजली व उस पर कटौती की मार झेल रही जनता योगी सरकार से पूरी तरह त्रस्त है। बिजली कटौती से किसान भी बेहद परेशान है। मांग किया कि योगी सरकार बिजली कटौती के मुद्दे पर तत्काल कार्रवाई करे जिससे जनता को उसके हक की बुनियादी सुविधाएं मिल सकें, सरकार बिजली कटौती को गंभीरता से लेते हुए तत्काल निवारण करे। ताकि किसानों को अपनी फसलों की सिंचाई करने में परेशानी का सामना न करना पड़े। फर्जी मीटर रीडिंग को लेकर कंपनियों की चल रही मनमानी पर सख्ती से कदम उठाए जाएं और तत्काल प्रभाव से रोक लगाकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। इस मौके पर प्रांत सचिव श्रीराम पटेल, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष माया गौतम एड., देवेन्द्र सिंह, नरेन्द्र शाह, ऊषा पटेल, शकुन्तला, कोमल देवी, राम किशोर विश्वकर्मा भी मौजूद रहे।

### सभासदों ने सुरेंद्र को बनाया सदस्य अध्यक्ष

**खागा, (फतेहपुर)।** नगर पंचायत में बुधवार को लोकतंत्र का उत्सव देखने को मिला, जब सभी निर्वाचित सभासदों ने सर्वसम्मति से सुरेंद्र सिंह को अपना नया अध्यक्ष चुन लिया। यह चयन बिना किसी विरोध के शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जिसमें सभी सभासदों ने एकजुटता का परिचय देते हुए सुरेंद्र सिंह के नाम पर अपनी मोहर लगाई। सुरेंद्र सिंह ने सभासदों के इस विश्वास के लिए आभार व्यक्त किया और नगर के समग्र विकास का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता, स्वच्छता और जनहित उनके कार्यकाल की प्राथमिकताएं होंगी। स्थानीय नागरिकों में भी इस सर्वसम्मत चयन को लेकर उत्साह देखा गया। उनका मानना है कि सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में नगर पंचायत नई ऊंचाइयों को छुएगी। समारोह में प्रशासनिक अधिकारी, गणमान्य नागरिक और समर्थक भी उपस्थित रहे। इस एकता ने नगर पंचायत में बेहतर कार्यप्रणाली की उम्मीदें जगा दी हैं।

# किसानों की समस्याओं का गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करें अधिकारी : एडीएम



**फतेहपुर।** विकास भवन सभागार में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अविनाश त्रिपाठी की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र सिंह ने संचालन करते हुए गत बैठक में आई शिकायतों के अनुपालन के संबंध में कृषकों को अवगत कराते हुए शासन की लाभार्थी परख योजनाओं की जानकारी देते हुए धान नर्सरी की समय से रोपाई करने, जिप्सम के उपयोग, समय-समय पर कृषकों के मृदा परीक्षण कराने, गोबर की खाद का प्रयोग करने, जल संचयन, धान फसल से पूर्व भूमि की जीवॉश मात्रा को बढाये जाने हेतु वैचा की बुआई करने एवं मृदा प्रबन्धन, मृदा नमूना लेते हुए कृषकों से मृदा परीक्षण को कराने हेतु कृषकों से अपील की। बैठक में उपस्थित कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को विभिन्न जानकारियां दी।

किसान दिवस के दौरान उपस्थित किसान नेताओं ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराते हुए निस्तारण की मांग की, जिस पर अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कृषकों द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापरक निस्तारण मौके पर जाकर करें।

- किसान दिवस में आए प्रार्थना पत्रों को गंभीरता से लें अधिकारी

शिकायतकर्ता को मौके पर बुलाकर समस्या का निराकरण करायें। जिन शिकायतों का निराकरण तत्काल संभव नहीं है उनमें एक टाइम निर्धारित कर कृषकों को अवगत कराकर निर्धारित समय सीमा के अन्दर शिकायतों का निराकरण करायें। इसके साथ कृषकों के फोन को प्रत्येक दशा में रिसीव किये जाए एवं उनके द्वारा बतायी जा रही समस्याओं का संज्ञान लेकर गुणवत्ता परख निस्तारण कराये ताकि कृषकों में असंतोष का भाव व्याप्त न हो।

इस अवसर पर उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र सिंह, जिला उद्यान अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, अधि. अभि. विद्युत प्रथम एवं द्वितीय अधिशाषी अभियन्ता, सिंचाई व निचली गंगा नहर, अग्रणी जिला प्रबन्धक, सहायक अभियन्ता, विद्युत भण्डार गृह एवं सहायक अभियन्ता, विद्युत कार्यशाला, डॉ. संजय पाण्डेय, कृषि वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी एवं बाबू सिंह, रणविजय सिंह, सत्य प्रकाश तिवारी, अनुज कुमार सहित कृषक एवं भा.कि.यू., किसान संघ के पदाधिकारी उपस्थित हुए।

# सी.एच.सी. हसवा में जागरूकता कार्यक्रम



फतेहपुर। सामु. स्वा. केन्द्र हसवा में आज नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 राजेन्द्र कुमार द्वारा की गई। उन्होंने बताया कि मादक दृव्यों के सेवन की समस्या से निपटने एवं भारत को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से विगत 15 अक्टूबर 2020 को नशा मुक्त भारत अभियान की शुरूआत की गई थी। भारत देश में व्यापक राष्ट्रीय सर्वेक्षण और नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो से प्राप्त इनपुट के आधार पर कमजोर संवेदनशील 32 राज्य, केन्द्र शासित प्रदेशों के 272 जिलों की पहचान की गई है, जिसमें नशीली दवाओं के उपयोग के मामले सबसे अधिक सर्वेक्षण में पाया गया है कि देश में 60 मिलियन से अधिक ड्रग उपयोगकर्ता हैं।, जिनमें से एक महत्वपूर्ण संख्या 10-17 वर्ष की आयु वर्ग के बीच है।इसकी रोकथाम के लिये हम सबको आगे आना होगा।

इसी क्रम में डा0 अनुपम कुमार, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, प्रा0स्वा0 केन्द्र हसवा ने बताया कि देश में नशीली दवाओं की लत एक गम्भीर चिन्ता का विषय बनती जा रही है। खासकर युवा पीढ़ी में। जोकि देश का भविष्य है। इसी क्रम में महेन्द्र सिंह लोधी अपर शोध अधिकारी द्वारा बताया गया कि नशीली दवाओं का सेवन करने वाले व्यक्ति पर बल्कि पूरे परिवार एवं समाज पर भी खतरनाक परिणाम सामने आ रहे हैं। नशीली दवाओं का दुरूउपयोग के कारण शरीर ही नहीं बल्कि मनुष्य मानसिक तौर से अपंगता की ओर बढ़ रहा है। स्वयं सेवी संस्था उ0प्र0 वालेन्ट्री हेल्थ एसोसिएशन के रीजनल कोआर्डिनेटर ने बताया कि कई युवा बुरे व्यसनों की लत का शिकार होकर अपना भविष्य तो बर्बाद कर ही रहे है इसके साथ ही गुनाह की राह पर भी आगे बढ़ रहें है जो हम सब के लिए चिंता का विषय है। आज आवश्यकता इस बात की है कि नशे के आदी लोगों को खासकर युवाओं को सही राह दिखाकर उन्हें नया जीवन देने के लिए पूरा समाज इस दिशा में जिम्मेदारी से सामूहिक प्रयास करें। सभी अधिकारी कर्मचारी एवं आशा बहुओं को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम में लगभग 250 लोगों ने प्रतिभाग किया।

स्वतंत्र  भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## गहराता टकराव

इजरायली हमलों में अपने टॉप तीन सबसे अहम और शक्तिशाली माने जाने वाले सैन्य अफसरों और करीब ढाई सौ नागरिकों के मारे जाने व बदले में विश्व की सबसे ताकतवर इजरायली खुफिया एजेंसी मोसाद के मुख्यालय पर ईरान द्वारा बैलिस्टिक मिसाइलों की बौछार किए जाने से आने वाले दिनों में मध्य-पूर्व का यह सबसे भयानक शक्ति संघर्ष और तेजी पकड़ेगा। इसमें भी गंभीर बात यह है कि जहां चीन और रूस तथा कुछ अन्य देश ईरान का अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन कर रहे हैं, वहीं अमेरिका धीरे-धीरे ही सही, इसमें सक्रिय होता दिख रहा है। खुद राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान के लोगों को तेहरान तुरंत खाली करने का अल्टीमेटम देकर अपनी बेचैनी स्पष्ट कर दी है। इजरायल भी इसी ढंग की धमकी दे चुका है। अब ट्रंप की ताजा धमकी यह है कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामेनेई बिना शर्त सरेंडर कर दें। ईरान का आसमान हमारे कब्जे में है। क्षेत्रीय वर्चस्व की होड़ को लेकर ईरान और सऊदी अरब के बीच उलझे समीकरणों ने पहले से ही मध्य पूर्व को शिया-सुन्नी खेमों में बांट रखा है। इसे सुलझाने के लिए चीन ने मध्यस्थता जरूर की लेकिन वह भी बेअसर रही। यह स्थिति खाड़ी देशों के बीच संबंधों को उलझाते हुए नए समीकरणों को जन्म दे सकती है। दरअसल ईरान को लेकर तनाव तब हदें पार कर गया जब उसने परमाणु क्षमता विकसित करनी शुरू की जो यूएस को कतई मंजूर नहीं था। इजरायल तो इसी मुद्दे को अपने अस्तित्व के लिए खतरा बनाते हुए सैन्य टकराव छेड़ चुका है। इसी परमाणु ताकत का भय है कि वह खामेनेई को खत्म करने और तेहरान को जला देने तक की धमकी दे रहा है। अब सवाल यह है कि अमेरिका के खुले समर्थन व जबर्दस्त लड़ाकू क्षमता से लैस इजरायल का लंबे समय तक मुकाबला करने में ईरान कहां तक कामयाब होगा। जहां तक बाकी दुनिया की बात है तो इस टकराव को लेकर पूरी तरह अनिश्चित और दिशाहीन सोच सामने आ गई है जिसमें मौजूदा वक्त के सबसे ज्वलंत इस मुद्दे को इस तरह अछूता छोड़ दिया गया है जैसे यह कोई खास बात है ही नहीं। अगर युद्ध लंबा खिंचा तो यह मध्य पूर्व ही नहीं बल्कि बाकी दुनिया के लिए भी कई सामरिक-आर्थिक समस्याएं पैदा कर देगा। केवल अपने-अपने प्रभाव की बढ़ाने की यह होड़ अंतहीन सुरंग की ओर बढ़ रहा है।

## धर्मस्थल की मर्यादा

सोशल मीडिया पर लाइक्स-कमेंट्स बटोरने से कुछ खास हासिल नहीं होता, सिवाय इसके कि कुछ क्षणों के लिए ईगो यानी अहम ही संतुष्ट होता है लेकिन चूंकि युवावस्था में तारीफ सुनते रहना ही ज्यादा अच्छा लगता है तो युवाओं में इसका शौक बढ़ता जा रहा है। इसी को पूरा करने के लिए पिछले करीब चार सालों से मोबाइल फोन पर रील्स बनाने का जुनून चल गया है। कुछ खास पारिवारिक सामाजिक कार्यक्रमों के चंद पलों को यादगार बनाने के लिए तो रील्स ठीक थीं लेकिन किसी पहाड़ी पर चढ़ कर रोमांस, झीलों-नदियों के किनारे या उनमें नावों पर सवार होकर फिल्मी हीरो-हीरोइनों के एक्शन की खतरनाक ढंग से नकल, बीच सड़क कार या बाइक पर खड़े होकर पिस्तौल लहराने, खतरनाक स्टंट जैसी बेवकूफी और पागलपन की हरकतों को एडवेंचर मानते हुए रील बनाना आए दिन लोगों की जान भी ले रहा है। अब इस पर विकृत मानसिकता भी हावी हो रही है जिसके लिए धार्मिक स्थानों पर मर्यादा को ताक पर रखकर शौक पूरा किया जा रहा है। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बाद श्रद्धालुओं और पर्यटकों के पहुंचने का सिलसिला काफी तेजी से बढ़ा है। वहां राम पथ, धर्म पथ, लता मंगेशकर चौराहा, रामजन्मभूमि पथ व राम की पैड़ी जैसे मनोहारी स्थानों पर रील्स का शौक भी पूरा किया जा रहा है। यहां तक तो कोई गलत बात नहीं है। लेकिन जहां यह काम भोंडे और अश्लील ढंग से नाचने-गाने, अमर्यादित और उलूलजुलूल हरकतों के रूप में सामने आकर सभ्यता व नैतिकता को तार-तार करता है, वहीं देखने वालों में वितृष्णा भी पैदा करता है। साल भर पहले राम की पैड़ी में स्नान करती एक युवती का वीडियो साइट्स पर डाला गया था जिसकी काफी आलोचना भी हुई थी। यदि ऐसी विकृतियां राम की नगरी जैसे विशुद्ध आध्यात्मिक स्थल पर चलती रहीं तो पर्यटन और सैर के नाम पर मुंबई के मरीन ड्राइव व चौपाटी पर होने वाला अश्लील और अमर्यादित आचरण यहां भी हावी होगा। स्वाभाविक है कि नैतिक वाले नागरिकों में इसके प्रति रोष पैदा हो।

## काँव-काँव

♦♦♦

**ईरान ने कर दिया मोसाद मुख्यालय पर हमला**
अब सनातन धर्म की रक्षा भला कौन करेगा?
**ईरान में फंसे भारतीय छात्रों की घरवापसी प्रारंभ**
यहां से अग्निवीर बनकर वापस चले जाना!
**फ्लाइट सुरक्षा के लिये डीजीसीए के नये निर्देश**
डकैती पड़ने के बाद जागा है पुलिस थाना!
**चारधाम यात्रा के लिये हेलीकॉप्टर सेवाएं बहाल**
सीधे स्वर्गयात्रा का ऐसा अवसर दुर्लभ है!
**नदियों के पानी को जहरीला बना रहा है पारा**
मंगल ग्रह पर जीवन के चिह्न ढूंढ़े जा रहे हैं!
**मेरे अपहरण की साजिश में भारत सरकार-मेहुल**
बस यही सब सुनना देखना बाकी रह गया था!

♦♦♦

# खतरनाक मोड़ पर इजरायल-ईरान युद्ध

**– राजन कुमार**

इजरायल और ईरान के बीच चल रहा युद्ध खतरनाक मोड़ पर पहुंच चुका है. इजरायल द्वारा तेहरान में परमाणु सुविधाओं तथा सैन्य ठिकानों पर किये गये हवाई हमलों ने ईरान को भारी नुकसान पहुंचाया है. इजरायली हमलों में कुछ उच्च स्तरीय ईरानी सैन्य अधिकारियों और परमाणु वैज्ञानिकों की भी मौत हुई है. इस्राइल का दावा है कि उसने ईरान के खुफिया प्रमुख और शीर्ष जनरलों को मार डाला है. दूसरी तरफ, ईरान ने जवाबी कार्रवाई में इजरायल के तेल अवीव, हाइफा और बेन गुरियन हवाई अड्डे पर मिसाइल और ड्रोन हमले किये. इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कनाडा में आयोजित जी-7 की बैठक छोड़कर वाशिंगटन लौट गये हैं. ईरान की धर्मशासित सरकार के लिए अस्तित्व का खतरा है और वह पूरी ताकत से जवाबी कार्रवाई कर रही है. पश्चिम एशिया के एक नये युद्ध की चपेट में आने का असर पूरी दुनिया पर पड़ना तय है. इस संघर्ष के रूस-यूक्रेन युद्ध से कहीं अधिक खतरनाक होने की आशंका है, क्योंकि यह लंबे समय से युद्ध की तैयारी कर रहे दो शक्तिशाली देशों के बीच का संघर्ष है. युद्ध की जटिलता इसलिए बढ़ जाती है कि इसमें वैचारिक, भू-राजनीतिक और धार्मिक आयाम हैं. दोनों देश एक-दूसरे को अस्तित्व का खतरा मानते हैं और इसलिए अपने सभी संसाधनों के साथ उच्च जोखिम उठाने को तैयार हैं. अमेरिका के नेतृत्व वाला पश्चिमी गुट इजरायल को अकेला नहीं छोड़ेगा, भले ही इजरायल इस युद्ध के लिए स्पष्ट रूप से जिम्मेदार हो. पश्चिम एशिया में अमेरिकी शक्ति काफी हद तक इजरायल के क्षेत्रीय प्रभुत्व पर निर्भर करती है. बहरहाल, इस समय इजरायल ने जो जोखिम भरा कदम उठाया, उसके कई कारण हैं. पहला कारण यह कि संयुक्त राष्ट्र की निगरानी संस्था आइएइए (अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी) ने कुछ दिन पहले एक रिपोर्ट में संकेत दिया था कि ईरान यूरेनियम को उच्च स्तर तक समृद्ध कर परमाणु बम बनाने के करीब है.


इजरायल किसी भी कीमत पर ईरान को परमाणु बम बनाने से रोकने के लिए दृढ़ संकल्पित था. परमाणु क्षमता के साथ ईरान अभेद्य हो जाता और पश्चिम एशिया में उसका रणनीतिक असर कई गुना बढ़ जाता. इजरायल और ईरान के बीच क्षेत्रीय वर्चस्व का शून्य योग खेल (जीरो-सम गेम) चल रहा है, जिसमें एक का बढ़ता प्रभाव दूसरे के लिए आनुपातिक हानि है. दूसरा कारण यह कि ईरान पिछले पांच दशकों में सबसे कमजोर दिखाई देता है. वर्ष 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद ईरान कभी इतना कमजोर नहीं दिखा. पश्चिमी प्रतिबंधों ने इसकी अर्थव्यवस्था को पंगु बना दिया है और सेना के तकनीकी आधुनिकीकरण को रोक दिया है. ईरान की कमजोरी का सबसे महत्वपूर्ण कारण पड़ोस में उसके छद्म गुटों का कमजोर होना है. इजरायल ने गाजा में हमास को अपंग, लेबनान में हिजबुल्लाह को कमजोर और यमन में हूती को बेअसर कर दिया है. बशर-





अल-असद के जाने और सीरिया में सत्ता परिवर्तन ने ईरान के क्षेत्रीय प्रभाव को काफी कम कर दिया है. आज सऊदी अरब और कई सुन्नी देश ईरान का समर्थन करने के बजाय तटस्थता को प्राथमिकता देंगे. इन परिस्थितियों ने इजरायल को ईरान पर आक्रमण करने का एक दुर्लभ अवसर प्रदान किया. तीसरा कारण यह है कि मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति भी इजरायल के अनुकूल है. अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और उनके सलाहकार हमेशा ईरान के खिलाफ सख्त कार्रवाई की वकालत करते रहे हैं.ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान ही ओबामा प्रशासन के दौरान संपन्न हुए अमेरिकी-ईरान परमाणु समझौते से हटने का फैसला किया था. यदि वह परमाणु समझौता बच जाता, तो मौजूदा स्थिति पैदा नहीं होती. इसके अतिरिक्त, इजरायल-गाजा संघर्ष पर राष्ट्रपति ट्रंप ने हमेशा इस्राइल का पक्ष लिया और सभी घातक हथियार मुहैया कराये. यह विश्वास करना कठिन है कि इजरायल ने अमेरिकी मंजूरी के बिना हमला किया. यह तथ्य है कि डोनाल्ड ट्रंप ईरान के साथ एक नये परमाणु समझौते पर बातचीत कर रहे थे, लेकिन समझौते की शर्तें ऐसी थीं कि यह सफल नहीं हो सकता था. जबकि इजरायल ऐसे किसी सौदे का समर्थन नहीं करता, जिसके परिणामस्वरूप ईरान पर लगे आर्थिक प्रतिबंध हट जाएं. इस समय ईरान पर हमला इस्राइल द्वारा जानबूझकर वार्ता को रोकने का प्रयास है. तेल अवीव के दृष्टिकोण से थोड़ा चिढ़ने के बावजूद ट्रंप इजरायल के साथ खड़े हैं. ट्रंप प्रशासन में यहूदी लॉबी इतनी मजबूत है कि ट्रंप उसे नजरअंदाज नहीं कर सकते. दूसरी ओर, ईरान रूस पर पूरी तरह भरोसा नहीं कर सकता, जो यूक्रेन के साथ संघर्ष में उलझा हुआ है. रूस अपने स्वयं के भू-राजनीतिक त्रासदी से गुजर रहा है और ट्रंप को नाराज करने से वह बचना चाहेगा. रूस और चीन इस्राइली हमले की निंदा तो कर रहे हैं, पर इस संघर्ष में शामिल नहीं होंगे. इसलिए इस संघर्ष में इजरायल का पलड़ा भारी है. बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान में सत्ता परिवर्तन की संभावना की ओर भी संकेत दिया है, पर इसके लिए जमीनी सैन्य अभियान की जरूरत होगी, जिसे इजरायल बिना अमेरिका की सीधी भागीदारी के अंजाम नहीं दे सकता. ईरानी शासन को बहुत बड़ा अपमान सहना पड़ा है और वह चुप नहीं बैठ सकता. पिछले दो दशकों में ईरान की विदेश नीति यूरेनियम संवर्धन के इर्द-गिर्द केंद्रित रही है. यूरेनियम संवर्धन के अपने अधिकार की रक्षा के लिए ईरानी लोगों को प्रतिबंधों का सामना करना पड़ा है. इसके शीर्ष सैन्य कमांडरों और परमाणु वैज्ञानिकों की हत्या कर दी गयी है. इसलिए, ईरान पर उचित कार्रवाई करने के लिए बहुत अधिक दबाव है. इजरायल के पास हालांकि अपने शहरों की सुरक्षा के लिए एक विकसित मिसाइल रक्षा प्रणाली, आयरन डोम है. पर कोई भी प्रणाली कभी भी पूरी तरह से सुरक्षित नहीं होती. कोई नहीं जानता कि यह युद्ध किस ओर जा रहा है. पर ऐसा प्रतीत नहीं होता कि यह विश्व युद्ध का रूप ले रहा है. यह एक क्षेत्रीय संघर्ष ही बना रहेगा. वैश्विक प्रणाली की दुखद वास्तविकता यह है कि अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं युद्ध नियंत्रित करने की स्थिति में नहीं हैं. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद इस मुद्दे पर विभाजित है. एकमात्र महाशक्ति अमेरिका इस संघर्ष में तटस्थ नहीं है और उभरती शक्ति चीन की तटस्थता किसी काम की नहीं है. भारत भी 'संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान' के लिए अपना आह्वान दोहरायेगा, लेकिन वह संघर्ष को रोकने के लिए पक्षों पर दबाव बनाने की स्थिति में नहीं है. इस बीच दुनिया हिंसा, मुद्रास्फीति और अव्यवस्था का एक नया दौर देखेगी।

## प्रेमचंद की कहानियां



### राजा हरदौल

नहीं, इस भले काम में अधिक आगा-पीछा करना अच्छा नहीं। मैं खुशी से विष का बीड़ा खाऊंगा। इससे बढ़कर शूरवीर की मृत्यु और क्या हो सकती है?

क्रोध में आकर मारू के भय बढ़ाने वाले शब्द सुन कर रणक्षेत्र में अपनी जान को तुच्छ समझना इतना कठिन नहीं है। आज सच्चा वीर हरदौल अपने हृदय के बड़प्पन पर अपनी सारी वीरता न्योछावर करने को उद्यत है।दूसरे दिन हरदौल ने खूब तडके स्नान किया। बदन पर अस्त्र-शस्त्र सजा मुस्कराता हुआ राजा के पास गया। राजा भी सोकर तुरन्त ही उठे थे, उनको अलसायी हुई आंखें हरदौल की मूर्ति की ओर लगी हुई थीं। सामने संगमरमर को चौकी पर विष मिला पान सोने की तश्तरी में रखा हुआ था। राजा कभी पान की ओर ताकते और कभी मूर्ति की ओर, शायद उनके विचार ने इस विष की गांठ और उस मूर्ति में एक सम्बन्ध पैदा कर दिया था। उस समय जो हरदौल एकाएक घर में पहुंचे तो राजा चौंक पड़े। उन्होंने संभल कर पूछा, 'इस समय कहां चले?'
हरदौल का मुखड़ा प्रफुल्लित था। वह हंसकर बोला, 'कल आप यहां पधारे हैं, इसी खुशी में मैं आज शिकार खेलने जाता हूं। आपको ईश्वर ने अजित बनाया है, मुझे अपने हाथ से विजय का बीड़ा दीजिए।'
यह कह कर हरदौल ने चौकी पर से पानदान उठा लिया और उसे राजा के सामने रख कर बीड़ा लेने के लिए हाथ बढ़ाया। हरदौल का खिला हुआ मुखड़ा देख कर राजा की ईर्ष्या की आग और भी भड़क उठी- दुष्ट, मेरे घाव पर नमक छिड़कने आया है! मेरे मान और विश्वास को मिट्टी में मिलाने पर भी तेरा जी न भरा ! मुझसे विजय का बीड़ा मांगता है! हां, यह विजय का बीड़ा है; पर तेरी विजय का नहीं, मेरी विजय का। इतना मन में कहकर जुझारसिंह ने बीड़े को हाथ में उठाया। वे एक क्षण तक कुछ सोचते रहे, फिर मुस्करा कर हरदौल को बीड़ा दे दिया।

क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**यस्य नास्ति स्वयं प्रज्ञा शास्त्रं तस्य करोति किम्।**
**लोचनाभ्यां विहीनस्य दर्पणः किं करिष्यति।।**

जिसके नेत्रों में ज्योति ही नहीं है, उसके लिए दर्पण किसी काम का नहीं होता, उसी प्रकार जिसके पास स्वयं की बुद्धि नहीं है, शास्त्र उसका क्या कल्याण कर सकता है ?

♦♦♦

# न थल सुरक्षित न नभ, दावे परिवहन क्रांति के?



**– निर्मल रानी**

भारत सरकार के परिवहन सम्बन्धी सभी मंत्रालय अपने अपने क्षेत्रों में उठाये गये क़दमों को 'परिवहन क्रांति' के रूप में प्रचारित करते हैं। सड़क, रेल, जलमार्ग, और हवाई यातायात आदि का कोई क्षेत्र ऐसा नहीं जिसमें सरकार अपनी पीठ थपथपाने से बाज़ आती हो। कभी रेल नेटवर्क के आधुनिकीकरण की बातें होती हैं तो कभी जलमार्ग और हवाई यातायात नेटवर्क को बढ़ाने के लिए नई नीतियां बनाये जाने की ख़बरें प्रकाश में आती हैं। हवाई क्षेत्र में भारत को दुनिया के सबसे तेज़ी से बढ़ते विमानन बाज़ारों में से एक माना जा रहा है। वैश्विक स्तर पर भारत की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के मक़सद से सरकार द्वारा राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति के अंतर्गत लॉजिस्टिक्स लागत को 16 प्रति. से घटाकर 2025 तक 9 प्रति. करने का लक्ष्य भी रखा गया है। सरकार द्वारा इन उपलब्धियों को पी आई बी इण्डिया में 'इंफ्रास्ट्रक्चर क्रांति' के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। तो क्या सरकार ऐसे 'प्रचार' की आड़ में वास्तविक चुनौतियों को छुपाने व जनसाधारण से जुड़ी अनेक समस्याओं व सुरक्षा चुनौतियों पर पर्दा डालने का काम करती है ?
यदि हम सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों की संख्या की ही बात करें तो यह औसतन लगभग 1.5 लाख प्रतिवर्ष है । जहाँ तक निर्माण की गुणवत्ता का प्रश्न है तो यह किसी से छुपा नहीं है। घटिया व कमज़ोर सड़क निर्माण को लेकर तो पूरे विश्व में गोया भारत का 'डंका' बजता है। सड़कों पर गड्ढे,उद्घाटन से पहले या उद्घाटन के कुछ ही समय बाद देश में कहीं सड़क टूट रही है तो कहीं बड़े बड़े पुल धराशायी हो जाते हैं। जबकि परियोजनाओं में देरी और लागत बढ़ने की शिकायतें भी सामने आती रहती हैं। इसके अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच अभी भी ज़रूरत के अनुसार नहीं है। सरकार निश्चित रूप से परिवहन क्षेत्र में प्रगति की बात करती है और इसे अपनी उपलब्धि के रूप में विज्ञापनों व मंत्रियों अथवा पार्टी नेताओं के आलेखों के माध्यम से पेश करती है, लेकिन यह 'पीठ थपथपाना' पूरी तरह से संतुलित नहीं हो सकता। प्रगति तो हुई है, पर कई क्षेत्रों में अभी भी काफ़ी सुधार की आवश्यकता है ख़ास तौर पर सड़क यात्रियों की सुरक्षा को लेकर। सड़कों पर खुले आम घूमते आवारा पशु और गड्ढेदार सड़कें मौत को दावत देती हैं। बेशक सरकार की नीतियां और निवेश के चलते परिवहन क्षेत्र में बड़ा बदलाव आया है, लेकिन भ्रष्टाचार से डूबा निर्माण और इसी के परिणाम स्वरूप सड़क परिवहन में असुरक्षा जैसी चुनौती भी बनी हुई हैं।
केवल सड़क मार्ग ही नहीं बल्कि रेल मार्ग परिवहन व्यवस्था में भी यात्रियों की सुरक्षा की कोई गारंटी दिखाई नहीं देती। अभी कुछ दिन पहले ही 9 जून 2025 को मुंबई के ठाणे में मुंब्रा और दीवा रेलवे स्टेशनों के बीच एक लोकल ट्रेन में अत्यधिक भीड़ होने के कारण कई यात्री ट्रेन के दरवाज़ों पर लटक कर यात्रा कर रहे थे। वैसे भी लोकल ट्रेन यात्रा का यह आम दृश्य है। इस दौरान, कुछ यात्रियों के पीठ पर लटके बैग दूसरी दिशा से आ रही एक अन्य ट्रेन से टकराए, जिसके कारण कई यात्री ट्रेन से गिर गए। इस हादसे में 5 यात्रियों की मौके पर ही मृत्यु हो गई जबकि 4 अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हुए। ख़बरों के अनुसार रेलवे बोर्ड ने इस हादसे के बाद मुंबई की सभी लोकल ट्रेनों में ऑटोमैटिक डोर क्लोज़र सिस्टम लगाने का फ़ैसला किया ताकि भविष्य में यात्रियों का दरवाजों पर लटकना रोका जा सके। सवाल यह है कि क्या हादसों के बाद ही सरकार को ऐसे सुरक्षा उपाय करने की चेतना जागृत होती है ? इसी तरह 22 जनवरी 2025 को महाराष्ट्र के जलगांव ज़िले में परधाडे गाँव के पास माहेजी रेलवे स्टेशन पर लखनऊ से मुंबई जा रही पुष्पक





एक्सप्रेस में ट्रेन में आग लगने की अफ़वाह के कारण एक दुखद हादसा हुआ। यह अफ़वाह इतनी तेज़ी से फैली कि यात्रियों में दहशत मच गई, और कई यात्री चलती ट्रेन से कूद गए। दुर्भाग्यवश, उसी समय साथ के दूसरे ट्रैक से कर्नाटक एक्सप्रेस तेज़ गति से गुज़र रही थी, जिसने पटरियों पर कूदे हुए यात्रियों को कुचल दिया। इस हादसे में 14 यात्रियों के मरने की ख़बर आई थी। इसी तरह 2023 में ओडिशा के बालासोर में हुए हादसे में 290 से अधिक लोगों की मृत्यु हुई थी। आये दिन होने वाले ऐसे अनेक ट्रेन हादसे रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा करते हैं। यह तो रही थलीय परिवहन की बातें। इसी तरह नभ परिवहन अर्थात हवाई यातायात के क्षेत्र में भी यात्रियों की सुरक्षा को लेकर बेहद चिंताजनक स्थिति के दृश्य पिछले दिनों देखने को मिले। सबसे दर्दनाक हादसा 12 जून 2025 को गुजरात के अहमदाबाद में हुआ। यहाँ एयर इंडिया की फ़्लाइट AI-171 का बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान जो अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से लंदन के गैटविक हवाई अड्डे के लिए उड़ान भर रहा था, टेकऑफ़ के कुछ ही सेकेंडों बाद क्रैश हो गया। इसे भारतीय विमानन इतिहास के सबसे भयावह हादसों में से एक माना जा रहा है। इस में 230 यात्री और 12 चालक दल के सदस्यों सहित कुल 242 लोग सवार थे। जिनमें एक यात्री के अतिरिक्त शेष सभी की मौत हो गई। चूँकि यह विमान हवाई अड्डे के साथ लगते बीजे मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल पर जा गिरा इस वजह से कॉलेज की इमारत का भी काफ़ी बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। यहाँ भी कम से कम 5 एमबीबीएस छात्र, एक पीजी रेजिडेंट डॉक्टर, और एक सुपरस्पेशलिस्ट डॉक्टर की पत्नी की मृत्यु हुई। इसके अलावा 60 से अधिक मेडिकल छात्र घायल भी हुए। अभी यह ख़बर चर्चा में ही थी कि 15 जून 2025 को उत्तराखंड के केदारनाथ धाम के पास गौरीकुंड क्षेत्र में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना भी हो गयी। इसमें पायलट सहित सात लोगों की मृत्यु हो गई। आर्यन एविएशन कंपनी का यह हेलीकॉप्टर केदारनाथ मंदिर से श्रद्धालुओं को लेकर गुप्तकाशी बेस की तरफ़ वापस आ रहा था। प्रारंभिक जांच में ख़राब मौसम और कम दृश्यता को हादसे का प्रमुख कारण माना जा रहा है। यह एक 7-सीटर बेल (Bell-VT-QXF) हेलीकॉप्टर था जिसे अहमदाबाद, गुजरात की एरोटांस सर्विस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी संचालित कर रही थी। इस हेलीकॉप्टर दुर्घटना ने श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में भय पैदा किया है, और हेलीकॉप्टर सेवाओं पर लोगों का भरोसा कम हुआ है। कहने को तो हवाई यातायात सबसे सुरक्षित परिवहन सेवाओं में माने जाते हैं परन्तु हाल के दिनों में हुये हादसे इन धारणाओं पर सवाल खड़ा करते हैं। लिहाज़ा कहना ग़लत नहीं होगा कि सरकार द्वारा लाख परिवहन क्रांति के दावे क्यों न किये जा रहे हों परन्तु हक़ीक़त तो यही है कि आज न तो थल परिवहन सुरक्षित है न ही नभ परिवहन।

## प्रेरक प्रसंग — सच्चा राजा

एक बड़ा महत्वाकांक्षी राजा था। उसने छोटे-बड़े बहुत-से राज्य जीते। चारों ओर उसकी दुंदुभि बजने लगी। मारे अहंकार के उसका दिमाग आसमान पर चढ़ गया। वह मानने लगा कि उसके मुकाबले का कोई भी राजा नहीं है।
एक बार की बात है। वह छोटे-छोटे राज्यों को जीतकर अपने देश को लौट रहा था। रास्ते में एक गांव पड़ा। वहां उसने देखा कि एक साधु अपनी कुटिया के पास बैठा मस्ती से गा रहा है। उसकी मस्ती को देखकर राजा वहां रुक गया।
उसने साधु से पूछा, तुम कौन हो ?
साधु ने कहा, राजा!
राजा ने यह सुनकर सोचा कि शायद साधु ने उसके सवाल को ठीक से सुना नहीं। कहां फकीर और कहां राजा! उसने अपने सवाल को दोहराया, तुम कौन हो ?
उत्तर वही मिला, राजा।
राजा ने कहा, राजा के पास तो राज्य और खजाना होता है। तुम्हारा राज्य और खजाना कहां है ?
साधु ने राजा की ओर देखा। फिर बोला, देखो, मैंने अपने मन को जीत लिया है। इसलिए मेरा मन मेरा राज्य है। जहांतक खजाने की बात है, प्रकृति ने चारों ओर खजाना-ही-खजाना फैला रखा है। वह सब मेरा ही तो है।
राजा ने समझा कि उसका कहना सही था। राज्यों को जीतना आसान है, पर मन को जीतना कठिन है। इसलिए सच्चा राजा मैं नहीं, वह साधु है।

## आपका पत्र मिला

### इजरायल-ईरान युद्ध के पीछे कौन सी ताकत है

आज भारत सहित विश्व के कई देशों को आज एक बड़ी चिंता है कि ईरान, इजरायल युद्ध आखिर कब तक रुकेगा। कारण इस युद्ध के कारण आज विश्व की अर्थव्यवस्था पर काफी गम्भीर परिणाम हो सकते हैं। एक ओर इजरायल ईरान को हर तरह से तहस-नहस करने पर उतारू है तो वहीं दूसरी ओर ईरान भी चुप नहीं बैठा है। उसने भी यह प्रण कर लिया है कि इजरायल को अपने उपर हावी नहीं होने देगा।
उसके पास तो आज मिसाइलों का एक बड़ा खजाना यानी उसके पास आज बीस हजार से भी अधिक मिसाइलें हैं एवं एक मिसाइल से वह मोसाद मुख्यालय पर भी निशाना बना कर हमला कर चुका है। फिर सबसे बड़ी बात यही है कि ये कोई दो पड़ोसी देशों की लड़ाई नहीं है। इन दोनों देशों की दूरी हजार किलोमीटर से भी अधिक है फिर भी दोनों एक दूसरे पर सटीक वार कर रहे हैं। दोनों के पास आज अत्याधुनिक हथियारों का बड़ा जखीरा मौजूद है।
अतः कह सकते हैं कि यह लड़ाई विश्व में सबसे ख़तरनाक साबित हो सकती हैं एवं आगे बढ़कर विश्व युद्ध की शक्ल भी ले सकती है। इसके अलावा यह यहूदी-मुस्लिम देशों की लड़ाई में भी बदल सकती है। अतः जब तक इसे न रोका गया, तब तक खतरा बराबर बना रहेगा। फिर सबसे बड़ी बात तो यही है कि इजरायल को आतंकवाद के खिलाफ एक बड़ी लड़ाई लड़ने की शक्ति कौन दे रहा है।
इजरायल लगातार हमास, फिलिस्तीन से भी काफी समय से लड़ रहा है एवं अब ईरान के के खिलाफ भी मोर्चा खोल लिया है। यानी उसके शब्दों में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लगातार जारी है। अतः उसे इस लड़ाई में किस बड़ी महाशक्ति का वरद हस्त प्राप्त है, यह विचारणीय बात है।

**मनमोहन राजावत 'राज'**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com*



# गर्मी में सफेद कपड़े पहनना स्टाइल है या स्ट्रगल?

गर्मी के मौसम में ज्यादातर लोग पसीने और घमौरियों से परेशान रहते हैं। ऐसे में डॉक्टर उन्हें पहनावे में बदलाव करने की सलाह देते हैं। स्किन विशेषज्ञ लोगों को हल्के रंग के कपड़े पहनने सलाह देते हैं। सफेद कपड़े न सिर्फ आंखों को ठंडक पहुंचाते हैं, बल्कि ये देखने में भी अच्छे लगते हैं। यही वजह है कि गर्मी में पुरुषों से लेकर महिलाएं भी सफेद रंग के कपड़े पहनना पसंद करती हैं। यदि आप भी अपने लिए सफेद रंग के कपड़े खरीदने का सोच रहे हैं तो पहले इस लेख को पढ़ें। हम यहां आपको सफेद कपड़े पहनने के फायदे और नुकसान दोनों के बारे में जानकारी देंगे।

**कम लगती है गर्मी**

यदि आप इस भीषण गर्मी में सफेद रंग के आउटफिट पहनते हैं तो इससे आपको गर्मी कम लगेगी। ऐसा इसलिए क्योंकि सफेद रंग सूरज की किरणों को रिफ्लेक्ट करता है, जिससे इन किरणों का सीधा असर स्किन पर नहीं पड़ता है। ऐसे में यदि आपको ज्यादा गर्मी लगती है तो सफेद कपड़ों को अपने कलेक्शन में शामिल करें।



**त्वचा को देता है आराम**

यदि आप सफेद रंग का आउटफिट कैरी करते हैं तो इससे आपकी स्किन को काफी लाभ मिलेगा। यदि आपको घमौरियां हैं, स्किन पर खुजली है या फिर ज्यादा पसीना आता है तो सफेद रंग का आउटफिट पहनना सही विकल्प है। इससे उनकी त्वचा को काफी राहत मिलेगी। जब त्वचा सांस लेती है तो उसपर घमौरियों जैसी दिक्कतें नहीं होती।

**यूवी किरणों से मिलती है राहत**

यदि आप सफेद रंग के कपड़े नियमित रूप से इस गर्मी में पहनते हैं तो ये आपकी त्वचा को सूरज की हानिकारक किरणों से बचा कर रखती है। हल्के रंग त्वचा पर ड्क किरणों का सीधा असर कम करते हैं, हालांकि यह 100त्न सुरक्षा नहीं देता, लेकिन फिर भी ये आपको राहत पहुंचाएगा।

**पसीने के दाग कम दिखते हैं**

अगर हम गर्मी में डार्क रंग के कपड़े पहनते हैं तो पसीने के दाग कपड़ों पर साफ-साफ दिखते हैं, जबकि सफेद कपड़ों पर हल्के पसीने के निशान भी उतने स्पष्ट नहीं दिखते। इसलिए ये उन लोगों के लिए काफी अच्छा है, जिन्हें पसीना काफी आता है।

**अब जान लें इसके नुकसान**

सफेद कपड़ों का सबसे बड़ा नुकसान ये ही है कि इसमें दाग काफी जल्दी लग जाता है। तो यदि आप अपने दफ्तर या किसी अन्य जगह पर सफेद कपड़े पहनकर जा रहे हैं तो खास ध्यान रखें कि उसपर कुछ निशान न लगे, वरना ये देखने में अजीब लगेगा। इसके साथ-साथ कुछ सफेद कपड़े पतले होते हैं, जिससे वे पारदर्शी लग सकते हैं और आपको इनरवियर का ध्यान खास तौर पर रखना पड़ता है।

# बॉलीवुड के समर कलेक्शन से लें इंस्पिरेशन



अपने फैशन से बेहतरीन समर स्टाइल इंस्पिरेशन

जान्हवी कपूर और सारा अली खान

गर्मियों में फैशनेबल और कूल दिखना हर किसी की चाहत होती है। ऐसे में बॉलीवुड सेलिब्रिटीज़ से बेहतर स्टाइल इंस्पिरेशन और कौन दे सकता है। कई अभिनेत्रियां जैसे आलिया भट्ट, देती हैं। इनके आउटफिट्स न सिर्फ ट्रेंडी होते हैं, बल्कि गर्मियों के लिहाज़ से बेहद आरामदायक भी रहते हैं। आइए जानते हैं कि ये बॉलीवुड डीवाज गर्मियों में किन लुक्स को चुनती हैं और आप उनसे क्या फैशन टिप्स ले सकती हैं।

**फ्लोई मैक्सी ड्रेसेस आलिया भट्ट का फेवरेट**

आलिया भट्ट अक्सर गर्मियों में हल्के फैब्रिक की फ्लोरल और सॉलिड कलर की मैक्सी ड्रेसेस पहनती हैं। ये ड्रेसेस दिखने में बेहद एलिगेंट होती हैं और स्किन को हवा लगने देती हैं जिससे गर्मी में राहत मिलती है। आप भी ग्रीक स्टाइल मैक्सी ड्रेस या स्ट्रैपी स्पेगेटी ड्रेस ट्राय कर सकती हैं।

**स्ट्रैपी संड्रेसेस - जान्हवी कपूर का स्टाइल**

जान्हवी कपूर को स्लीवलेस और स्ट्रैपी ड्रेस पहनना पसंद है, खासकर ब्राइट कलर और मिनिमल प्रिंट में। गर्मियों में ये आउटफिट्स बेहद आरामदायक होते हैं और स्टाइलिश भी लगते हैं। आप इन्हें कैजुअल डे आउट या हॉलिडे के लिए चुन सकती हैं।

**व्हाइट शर्ट + डेनिम शॉर्ट्स- सारा अली खान का कूल लुक**

सारा अली खान का सिंपल लेकिन स्मार्ट लुक जैसे व्हाइट कॉटन शर्ट और डेनिम शॉर्ट्स गर्मियों के लिए परफेक्ट है। ये लुक हर उम्र की लड़की के लिए सूटेबल है और इसे सनग्लासेज व स्लाइड सैंडल्स के साथ कंप्लीट किया जा सकता है।

**अनन्या पांडे- फंकी और यंग लुक**

शॉर्ट्स या जंपसूट के साथ सनग्लासेस और कैप से लुक को स्मार्ट बनाएं। इसके लिए मिरर वर्क स्लिंग बैग के साथ कैजुअल स्टाइल अपनाएं।

**इथनिक लुक के लिए कॉटन कुर्ती + पलाजो**

बॉलीवुड डीवाज़ कभी-कभी समर सीज़न में इंडियन लुक भी कैरी करती हैं। कॉटन कुर्तियां हल्की, पसीना सोखने वाली और आरामदायक होती हैं। इन्हें आप पलाज़ो, स्ट्रेट पैंट्स या स्कर्ट्स के साथ पहन सकती हैं।हल्के रंग जैसे- सफेद, पीच, पेस्टल ग्रीन, बेबी पिंक गर्मियों के लिए बिल्कुल उपयुक्त हैं।

**फ्लोरल प्रिंट्स और लाइट कलर -सभी का फेवरेट**

गर्मियों में फ्लोरल प्रिंट्स और पेस्टल शेड्स (जैसे लेमन येलो, लाइट ब्लू, लैवेंडर) बॉलीवुड सेलेब्स की पहली पसंद होती है। ये कलर्स सूरज की किरणों को कम आकर्षित करते हैं और देखने में भी ताजगी देते हैं।

**एक्सेसरीज़ से लुक को बनाएं स्टाइलिश**

सनग्लासेस, स्ट्रॉ हैट्स, मिनिमल ज्वेलरी और स्लीपर सैंडल्स गर्मियों के लुक को ट्रेंडी बनाते हैं। आलिया और जान्हवी अक्सर सिंपल ड्रेस को स्मार्ट बैग या स्कार्फ के साथ स्टाइल करती हैं।

# मुल्तानी मिट्टी में मिलाएं ये 3 चीजें बढ़ जाएगा चेहरे का निखार



मुल्तानी मिट्टी, जो त्वचा के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है। यह त्वचा से गंदगी, तेल और प्रदूषण को हटाने में मदद करता है और त्वचा को साफ और चमकदार बनाता है। मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमाल प्राचीन काल से ही होता आ रहा है, और यह आज भी कई तरह की त्वचा समस्याओं के लिए एक अद्भुत उपाय माना जाता है। इस लेख में हम जानेंगे कि मुल्तानी मिट्टी में किन तीन चीजों को मिलाकर आप अपने चेहरे का निखार बढ़ा सकते हैं।

**मुल्तानी मिट्टी और गुलाब जल-** गुलाब जल त्वचा को ठंडक पहुंचाने और उसे सुकून देने का काम करता है। जब इसे मुल्तानी मिट्टी में मिलाया जाता है, तो यह मिश्रण त्वचा को गहरी सफाई देता है। गुलाब जल में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो त्वचा को नमी और पोषण प्रदान करते हैं। मुल्तानी मिट्टी के साथ मिलाकर यह मिश्रण त्वचा से अतिरिक्त तेल को अवशोषित करता है, जिससे मुँहासे और पिंपल्स की समस्या कम होती है।

**कैसे करें इस्तेमाल-** 1-2 चमच मुल्तानी मिट्टी लें। उसमें 1-2 चमच गुलाब जल मिलाएं। इस मिश्रण को चेहरे पर अच्छे से लगाएं और सूखने तक छोड़ दें। फिर चेहरे को ताजे पानी से धो लें। यह उपाय चेहरे की गहराई से सफाई करता है और त्वचा को ताजगी प्रदान करता है।

**मुल्तानी मिट्टी और हल्दी-** हल्दी में त्वचा के लिए कई गुणकारी तत्व होते हैं। यह एंटीबैक्टीरियल, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर होती है, जो त्वचा को स्वस्थ बनाते हैं। हल्दी का नियमित रूप से उपयोग त्वचा को निखारने, दाग-धब्बों को हटाने और चेहरे की चमक को बढ़ाने में मदद करता है। जब मुल्तानी मिट्टी और हल्दी को एक साथ मिलाया जाता है, तो यह मिश्रण त्वचा को टोन करता है और उसे अतिरिक्त निखार प्रदान करता है।

**कैसे करें इस्तेमाल-**1 चमच मुल्तानी मिट्टी लें। उसमें 1/4 चमच हल्दी मिलाएं। पानी या गुलाब जल के साथ इस मिश्रण को गाढ़ा पेस्ट बना लें। पेस्ट को चेहरे पर लगाएं और 10-15 मिनट के लिए छोड़ दें। फिर चेहरे को गुनगुने पानी से धो लें।

# गर्मियों की शादी में दिखें स्टाइलिश चुनें हल्के फैब्रिक वाली साड़ियां



जब भी किसी के घर पर सर्दी के मौसम में शादी होती है, तो उसमें महिलाएं खूब सजती और संवरती हैं, लेकिन जब बात आती है गर्मी के मौसम में शादी अटैंड करने की तो महिलाएं सोच में पड़ जाती हैं। कंफर्ट के साथ स्टाइल को मैनेज करना काफी कठिन काम है। इसी के चलते हम आपको यहां कुछ ऐसी साड़ियों के विकल्प देने जा रहे हैं जो गर्मी के मौसम में आपको परफेक्ट लुक तो देंगी हीं, साथ ही में ऐसी साड़ी आपको गर्मी से बचाकर भी रखेंगी। इस तरह की साड़ियां आपको बाजार में कम दामों में मिल जाएंगी।

**कॉटन फैब्रिक की साड़ी**

गर्मी का मौसम हो तो हर आउटफिट में कॉटन फैब्रिक खूब जचता है। सूती साड़ियां काफी हल्की होती है, जिस कारण इसमें पसीना काफी आसान से सूख जाता है। तो यदि आपको पसीना काफी ज्यादा आता है तो कॉटन फैब्रिक की साड़ी को अपने लिए चुनें। शादी के हिसाब से हैवी वर्क वाली साड़ियां भी अब बाजार में बड़ी आसानी से मिल जाती हैं।

**लिनन फैब्रिक की साड़ी**

ज्यादातर महिलाओं को लिनन और कॉटन में फर्क समझ नहीं आता। जबकि लिनन फैब्रिक कॉटन से हल्का होता है। ऐसे में आप इस फैब्रिक की साड़ी कैरी कर सकती हैं। लिनन फैब्रिक की साड़ी क्लासी लुक देती हैं और बहुत कम्फर्टेबल होती हैं। खासबात ये है कि ये साड़ियां हल्के रंग में होती हैं, जिस कारण गर्मी में ... ये आंखों को भी ठंडक पहुंचाती हैं।

**चंदेरी कॉटन फैब्रिक की साड़ियां**

रेशम और कपास के मिश्रण से बना ये चंदेरी कॉटन फैब्रिक शरीर को काफी ठंडक पहुंचाता है। ऐसे में आपको यदि शादी में साड़ी ही पहननी है तो चंदेरी कॉटन की साड़ी भी आप पहन सकती हैं। इसकी खासबात ये है कि चंदेरी कॉटन फैब्रिक की साड़ियां फॉर्मल लुक देती हैं लेकिन फिर भी हल्की रहती हैं

**शिफॉन फैब्रिक की साड़ियां**

यदि ऐसी साड़ी पहनने का मन है जो एकदम हल्की और हवादार हों तो शिफॉन साड़ी से बेस्ट विकल्प आपके लिए कुछ हो नहीं सकता। शिफॉन फैब्रिक की साड़ियां काफी हल्की और फ्लोई होती हैं। ये पार्टी या रिसेप्शन के लिए बढ़िया मानी जाती हैं। इसे खरीदते समय रंग का ध्यान रखें, क्योंकि शिफॉन साड़ियां ज्यादातर हल्के रंगों में ही आती हैं।

**गर्मी में ऐसी साड़ियों से बचें -**

आपने ये तो जान लिया कि इस मौसम में कौन सी साड़ियां आपको क्लासी और कंफर्टेबल लुक देंगी, अब ये जान लें कि कैसी साड़ियों से आपको दूर रहना है। इस मौसम में यदि आप हैवी साड़ी पहनेंगी तो इसपर जो वर्क है वो आपके शरीर पर चुभेगा, जिससे आपको परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इसके लिए आपको बहुत हेवी जरी या एम्ब्रॉयडरी वाली साड़ियों से दूर रहना है।

# गुलाब जल से पाएं हेल्दी स्किन, ऐसे करें सही इस्तेमाल



गुलाब जल, अपनी गुणों से भरपूर विशेषताओं के कारण, स्किन केयर में एक महत्वपूर्ण घटक बन गया है। यह न केवल त्वचा की समस्याओं को कम करने में मदद करता है, बल्कि इसे ग्लोइंग बनाने का काम भी करता है।

**गुलाब जल के फायदे-**गुलाब जल में एंटीऑक्सीडेंट, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीसेप्टिक गुण होते हैं, जो इसे त्वचा के लिए बेहद फायदेमंद बनाते हैं। यह त्वचा को हाइड्रेट करता है, जिससे त्वचा में नमी बनी रहती है। नियमित रूप से गुलाब जल का इस्तेमाल करने से न केवल आपके चेहरे पर ग्लो आता है, बल्कि यह मुंहासों और डार्क सर्कल्स जैसी समस्याओं को भी कम करता है।

**गुलाब जल का उपयोग कैसे करें**

**क्लींजर के रूप में-** गुलाब जल को क्लींजर के रूप में इस्तेमाल करें। कॉटन बॉल में थोड़ी मात्रा में गुलाब जल लें और इससे अपने चेहरे को साफ करें। यह त्वचा से गंदगी और मेकअप हटाने में मदद करेगा, जिससे आपका चेहरा तरोताजा और साफ दिखाई देगा। रोजाना इस्तेमाल करने से त्वचा में निखार आएगा और रोमछिद्र भी बंद नहीं होंगे।

**मेकअप रिमूवर-**यदि आप मेकअप करती हैं, तो गुलाब जल का उपयोग इसे हटाने के लिए भी कर सकती हैं। कॉटन बॉल में गुलाब जल लगाकर चेहरे को साफ करें। यह न केवल मेकअप को हटाता है, बल्कि आपकी त्वचा को भी हाइड्रेट करता है, जिससे कोई भी इरिटेशन या ड्राईनेस नहीं होती।

**फेस मास्क-**गुलाब जल का इस्तेमाल फेस मास्क बनाने में करें। इसे विभिन्न तत्वों जैसे दही, शहद या चंदन पाउडर के साथ मिलाकर एक मास्क तैयार करें और इसे चेहरे पर लगाएं। इससे आपकी त्वचा में निखार आएगा और समस्याएं कम होंगी, जैसे कि फाइन लाइन्स और टैनिंग। हफ्ते में एक बार इस मास्क का उपयोग करने से त्वचा की चमक में इजाफा होगा।

# बीच, हिल स्टेशन या इंटरनेशनल ट्रिप- हर लोकेशन के लिए परफेक्ट हैं ये आउटफिट्स



हर लड़की अपनी शादी के लिए बेहद उत्साहित रहती है। इसके लिए वो महीनों पहले से खरीदारी भी शुरू कर देती हैं। शादी के साथ-साथ लड़कियां शादी के बाद की प्लानिंग भी पहले से कर लेती हैं। खासतौर पर बात करें हनीमून की तो ये ऐसा वक्त होता है, जब शादी की कपल शादी की थकान उतारने और एक-दूसरे के साथ समय व्यतीत करने के लिए घूमने जाता है। इस दौरान लड़कियां अपने लुक्स पर भी काफी ध्यान देती हैं। यदि आप भी हनीमून पर जा रही हैं तो उसके लिए खरीदारी करनी होगी। ऐसे में हम आपको कुछ लेटेस्ट और स्टाइलिश आउटफिट आपको दिखाने जा रहे हैं, जिससे टिप्स लेकर आप शॉपिंग कर सकते हैं।

**को-ऑर्ड सेट लुक**

कुछ कंफर्टेबल सा तलाश कर रही हैं तो ऐसा को-ऑर्ड सेट आपकी खूबसूरती में भी चार चांद लगा देगा, साथ ही में इसको पहनने से आपका लुक काफी स्टाइलिश भी लगेगा। इसे पहनते समय बस ध्यान रखें कि इसके साथ एक्सेसरीज अच्छी और क्लासी ही पहनें. वरना आपका लुक बिगड़ भी सकता है।

**डेनिम शॉर्ट में ग्लैमरस लुक**

कौन नहीं चाहता कि वो अपने हनीमून पर ग्लैमरस दिखे। इसके लिए आप डेनिम शॉर्ट्स कैरी कर सकती हैं। डेनिम शॉर्ट्स के साथ ब्रालेट और ऊपर से ओवरसाइज शर्ट आपके लुक में चार चांद लगा देगी। ध्यान रखें कि इस लुक के साथ पैरों में जूते या फिर स्लीपर पहनें। जूते पहाड़ों पर काम आएंगे, वहीं अगर बीच पर हैं तो स्लीपर ही पहनें।

**डेनिम शॉर्ट में कूल अंदाज**

डेनिम शॉर्ट्स को आप अलग अंदाज में भी कैरी कर सकती हैं। इसके लिए शॉर्ट्स के साथ टॉप कैरी करें। इस तरह की फिटेड टॉप आपके लुक में चार चांद लगा देगी। सुरभि की तरह आप अपने शॉर्ट्स के साथ जूते कैरी कर सकती हैं, इससे आपका लुक काफी कूल दिखेगा।

**जींस-टीशर्ट लुक**

यदि पार्टनर के साथ बाइक राइड पर जाना है तो कुछ और पहनने की जगह इस तरह की ब्लू फिटेड डेनिम जींस और साथ में व्हाइट रंग की टॉप कैरी करें। आपका ये लुक न सिर्फ देखने में स्टाइलिश लगेगा, बल्कि आप इसमें काफी कूल भी दिखेंगी।

**ऑफ शोल्डर ड्रेस**

हनीमून पर कपल्स डिनर डेट्स पर भी जाते हैं, ऐसे में आपको अपने लिए एक ऐसी ही ग्लैमरस ड्रेस भी खरीद लेनी चाहिए। ऐसी ड्रेस आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देगी। ऐसी ऑफ शोल्डर ड्रेस पहनकर डेट नाइट पर आप अपना ग्लैमरस अंदाज दिखा सकती हैं।

**विंटर फैशन**

यदि आप पहाड़ों पर जा रही हैं, तो वहां काफी सर्दी पड़ती है। ऐसे में अपने लुक को सर्दियों के हिसाब से भी स्टाइल करें। उसके लिए आप इस तरह के कोट खरीद सकती हैं। पैरों से लिए जैगिंग्स अवश्य खरीदें, जिसे आप किसी ड्रेस के साथ भी पहन सकें।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**बृहस्पतिवार, 19 जून 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ आषाढ़ मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, अष्टमी तिथौ गुरु वासरे 11/56/ उत्तर भाद्रपद नक्षत्रे 23/17/ आयुष्मान योग 05/24/ कौलव करणे 11/56/ मीन राशिगत चन्द्रमा घं. मि. पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** पंचक। श्री शीतालष्टमी।

**मेष :** समस्त कार्य सम्वन्धित ढ़ंग से होंगे। विपरीत लिंगियों का सहयोग मिलेगा। रुके धन की प्राप्ति होगी। दाम्पत्य सुख उत्तम रहेगा।

**वृष :** वस्त्र भोजन व शमन सुख उत्तम होगा। सेवावृत्ति वाले जनो को शुभ संदेश मिलेंगे। सम्पत्ति में वृद्धि का योग बनेगा। यात्राएं चिंता बढ़ाएगी।

**मिथुन :** व्यक्तिगत कार्यबाधा रहेगी। गलत सलाह मानकर हानि पाएंगे। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। धन लाभ अल्प होगा।

**कर्क :** गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। पुरुषार्थ सार्थक होगा। रुके कार्य में प्रगति होगी।

**सिंह :** जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। धन सम्मान में वृद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन आवश्यक है। आलस्य त्यागे।

**कन्या :** व्यर्थ की उलझन रहेगी। यात्रा की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। व्यस्तता अधिक होगी। आत्मबल में सुधार होगा।

**तुला :** लाभ मार्ग प्रशस्त होगा। कारोबार उन्नति होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। यात्राओं का लाभ होगा।

**वृश्चिक :** सुख में कमी रहेगी। कटु वचन ना कहें। यात्रा से लाभ। धैर्य बनाएं रखें। आर्थिक मामलों में जोखिम न उठाएं। व्यय भार बढ़ेगा।

**धनु :** शारीरिक सुख में वृद्धि होगी। परिवार में सुख साधन की वृद्धि होगी। दुर्गा जी की उपासना से लाभ होगा। असम्मान का भाव रहेगा।

**मकर :** बुद्धि चातुर्य से उत्तम धन लाभ होगा। संयम एवं धैर्य से कार्य के होने की संभावना है। यात्रा का योग।

**कुंभ :** नए संपर्कों से लाभ होगा। स्थान परिवर्तन का योग बनेगा। दूर की यात्रा का योग बनेगा। सन्मार्ग पर चित्त रखने से लाभ होगा।

**मीन :** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। यात्रा सुख में होगी। मनोमालिन्य दूर होगा।

**रास्ते में चबूतरा बनाकर आवागमन किया अवरुद्ध**

**कोंच(जालौन)।** तहसील क्षेत्र के ग्राम जमरोही खुर्द निवासी चिंतामणि पुत्र वृंदावन ने उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह को एक पत्र देते हुए बताया कि ग्राम के ही निवासी रेसू यादव पुत्र राजा सिंह उनकी पत्नी खुशबू ने चबूतरा बनाकर मकान का रास्ता बंद कर दिया है। जिससे आवागमन बाधित हो गया है जबकि मै घर पर ही बाल काटने का काम करता हूं और मेरे आने वाले ग्राहकों को खुशबू यादव ने आने से मना कर दिया है और उनके साथ गाली गलौज की तब मैने डायल 112 पुलिस को सूचना दी ।

## खबर एक नज़र

### जल्द ही स्वयं सहायता समूह की महिलाओं में उद्यम सखी का होगा चयन'

**कोंच(जालौन)।** ग्राम विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए उद्यम सखी का पद सृजित किया गया है। जिन्हें लिखित परीक्षा पास करने पर दो हजार रुपया प्रति माह मानदेय पर ग्रामों में महिलाओं को उद्योग लगाने के लिए प्रेरित करने के लिए नियुक्त किया जाएगा। उद्यम सखी महिलाओं को सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में बताते हुए उनके जीवन स्तर को सुधारने हेतु बैंक से 5 लाख तक का ऋण शुरुआती कारोबार के लिए दिलायेंगी इसी को लेकर उद्यम सखी चयन हेतु विकास खण्ड कार्यालय के सभागार में 23 महिलाओं ने उद्यम सखी लिखित परीक्षा दी जिसमें से 20 उद्यम सखी का चयन किया जाना है। एडीआई एसबीआई देवेन्द्र कुमार निरंजन ने बताया कि उक्त परीक्षा के लिए 27 महिलाओं ने आवेदन किये थे जिसे दिन मंगलवार को सम्पन्न कराया गया महिलाओं को लघु और कुटीर उद्योग से जोड़ने के लिए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं में उद्यम सखी का चयन किया जा रहा है।जो महिलाओं को योजनाओं का लाभ दिलाने का कार्य करेंगी। इस दौरान बीएमएम राकेश कुमार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### आधा दर्जन से अधिक सड़कों का कराया डामरीकरण कराया नगर पालिका कालपी ने



कालपी : नगर में निर्माणाधीन सड़क का निर्माण का निरीक्षण करते जूनियर इंजीनियर।

**कालपी(जालौन)।** काफी असें से स्थानीय नगर की छतिग्रस्त मार्ग में नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव के निर्देशन में नगर पालिका परिषद के द्वारा आधा दर्जन अलग-अलग स्थानों में नवनिर्मित डामरीकृत सड़क का निर्माण कराया गया है। नव निर्मित सड़कों से अब गाड़ियां फर्राटा भरने लगी है। मालूम हो कि कालपी नगर की अलग-अलग मार्गों में सड़क टूट गई थी। क्षेत्रीय सभासदों के प्रस्ताव पर नगर पालिका परिषद के द्वारा छतिग्रस्त सड़कों के नव निर्माण करने के लिये एस्टीमेट तैयार कराये गये। नगर पालिका परिषद कालपी के अध्यक्ष अरविंद यादव तथा अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला के मुताबिक राज्य वित्त आयोग के बजट से अवर अभियंता प्रवीण कुमार मौर्या की देखरेख में डामरीकृत सड़कों का निर्माण शुरू कराया गया है। जिसमें आधा दर्जन सड़क शामिल है। नगर पालिका के सूत्रों के मुताबिक एम एस वी इंटर कॉलेज से हिंदी भवन रोड में पप्पन के घर तक ढाई सौ मीटर लंबी डामरीकृत सड़क का निर्माण कराया गया। इसी प्रकार धमना धमाका छोगे आश्रम मंदिर से एचडीएफसी बैंक के सामने तक 300 मी लम्बी नवनिर्मित डामर युक्त सड़क बनाई गई है। नगर के सरस्वती विद्या मंदिर से लेकर भोले सालार दरगाह तक 350 मी लंबी सड़क का निर्माण किया गया है। जबकि निकासा मोहल्ला में करबला रोड तक 400 मी की डामरीकृत सड़क तथा आबिद मेम्बर की दुकान से लेकर खानकाह शरीफशाहु मेडिकल तक 200 मी लम्बी डामरी युक्त सड़क का निर्माण कार्य गतिशीलता से किया जा रहा है। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अरविंद यादव के मुताबिक आगामी समय में सड़कों का निर्माण कराकर विकास कार्यों को गतिशीलता प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि नगरीय विकास का कार्य कराया जाना मेरी तथा पालिका की पहली प्राथमिकता है।

### यमुना एवं वेतवा नदियों के तटवर्ती सात स्थानों में राजस्व विभाग ने बनाई योजना



कालपी : बाढ़ राहत को लेकर योजना तैयार करते राजस्व विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारी ।

**कालपी (जालौन)।** वारिश तथा बाढ़ से बचाव के लिए स्थानीय प्रशासन तथा राजस्व विभाग के द्वारा व्यापक तैयारियां शुरू कर गई है। यमुना तथा बेतवा नदी के तटवर्ती सात स्थानों में बाढ़ सुरक्षा केंद्र स्थापित करने की योजना तैयार की गई है।

जिला प्रशासन के निर्देश पर उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह के द्वारा आगामी दिनों में बारिश तथा बाढ़ से बचाव के लिए तहसीलदार, नायब तहसीलदारों तथा राजस्व कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक कालपी नगर के एम एस वी इंटर कॉलेज में बाढ़ सुरक्षा केंद्र बनाया जायेगा ।जिसमें कालपी, गुलौली मुस्तकिल, गुलौली दिवारा, हीरापुर, देवकली, शेखपुरा गुढ़ा, मैनूपुर मुस्तकिल, सुरौली मुस्तकिल गांव को सम्बद्ध किया गया है। इसी प्रकार यमुना नदी के तटवर्ती जीतामऊ गांव पंचायत भवन में, सिमर शेखपुर के पंचायत भवन में, महेवा विकासखंड कार्यालय में, इकौना प्राइमरी पाठशाला इकौना में, चतेला जूनियर हाई स्कूल चतेला में, परासन जूनियर हाई स्कूल परासन में, बाढ़ राहत केंद्र बनाए जाने हैं। जिसमें यमुना नदी के किनारे पांच अलग-अलग स्थान में केंद्र बनाए जाएंगे ।जब कि बेतवा नदी के तटवर्ती स्थानों चतेला तथा परासन में बाढ़ राहत केंद्र बनाया जाएगा। बाढ़ राहत केदो की स्थापना के लिए तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी, नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला तथा कालपी क्षेत्र के नायव तहसीलदार मुकेश कुमार के अलावा नदियों के तटवर्ती ग्रामों के क्षेत्रीय लेखपालों क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षको एवं राजस्व कर्मचारियों की मीटिंग में तैयारियों को लेकर के व्यापक चर्चा की गई है। नयाब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला ने बताया कि बाढ़ सुरक्षा केदो की स्थापना एवं राहत केंद्र में स्वास्थ्य विभाग, पशु चिकित्सालय के कर्मचारियों के अलावा राजकीय सस्ते गल्ले की दुकानदारों को भी को भी बाढ़ राहत के लिए उचित जिम्मेदारी सौंप जायेगी।इसी क्रम में तहसील परिसर में बाढ़ राहत के लिए कंट्रोल रूम की भी स्थापना की योजना तैयार की गई है। नदियों के किनारे के ग्रामों के क्षेत्रीय लेखपालों को उचित प्रबंध बनाए रखने के लिए तैयार किया जा रहा है।

### निशुल्क खाद्यान्न का वितरण 20 जून से



ललितपुर। जिला पूर्ति अधिकारी उमेश चन्द्र मिश्र ने अवगत कराया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत माह जुलाई के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का जनपद के अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को 20 जून से 10 जुलाई तक आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया जाना है व राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत अन्त्योदय कार्डधारकों को 14 किलोग्राम गेहूं, 21 किलोग्राम चावल प्रति कार्ड एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को 5 किलोग्रांम खाद्यान्न प्रति यूनिट निशुल्क वितरण किया जाना है व अन्त्योदय कार्डधारकों को त्रैमास अप्रैल, मई व जून के सापेक्ष 3 किलोग्राम चीनी प्रति कार्ड 18 रूपये प्रति किलोग्राम की दर से 54 रूपये में वितरण किया जायेगा, अतः जनपद के समस्त अन्त्योदय एवं पात्रगृहस्थी राशन कार्डधारक 20 जून से 10 जुलाई तक उचित दर दुकानों पर उपस्थित होकर ई-पॉस के द्वारा आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से निशुल्क आवश्यक वस्तुयें प्राप्त करना सुनिश्चित करें व आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुयें प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं को मोबाईल ओटीपी वेरीफिक्शन के माध्यम से वितरण की अंतिम तिथि 10 जुलाई को नुिशल्क वितरण सम्पन्न किया जायेगा।

## आश्रय गृहों में रह रहे वृद्धजनों के खान पान, चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली न्यायिक अधिकारियों ने



उरई : वृद्धाआश्रम का निरीक्षण करते न्यायिक अधिकारी ।

**उरई(जालौन)।** उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार आज न्यायिक अधिकारियों ने जिले में संचालित दो शैल्टर होम राठ रोड में संचालित ''वृद्धाश्रम'' एवं मुहल्ला लहरियापुरवा स्थित ''आश्रय-गृह'' का औचक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने बहुत बारीकी से व्यवस्थाओं को परखा और आवश्यक दिशा-निर्देश भी कर्मचारीगण को दिये। न्यायिक अधिकारियों ने उक्त दोनों आश्रय स्थलों में रह रहे आश्रितों के रहन-सहन, खानपान, चिकित्सा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, सुरक्षा और बुनियादी व्यवस्थाओं को जांचा-परखा। सबसे पहले समाज कल्याण विभाग द्वारा राठ रोड उरई में स्वैच्छिक संस्था शिवा ग्रामोत्थान सेवा संस्था, एफ-473 गुजैनी रतनलाल नगर, कानपुर नगर के सहयोग से संचालित वृद्धाश्रम में निरीक्षण के दौरान 120 संवासी उपस्थित मिले। उपस्थित पंजिका के अनुसार एक कर्मचारी को छोड़कर सभी कर्मचारीगण उपस्थित मिले।

वृद्धाश्रम की संवासियों से पूछा गया कि उन्हे चाय-नाश्ता और सुबह-शाम का भोजन समय से मिल रहा है या नहीं, इस पर संवासियों द्वारा बताया गया कि भोजन निर्धारित मेन्यू के अनुसार मिल रहा हैं। वृद्धाश्रम की मेडिकल डिस्पेंसरी का निरीक्षण करने पर स्टाफ नर्स उपस्थित नहीं थीं, जिसके बारे में पूछे जाने पर बताया गया कि वह मेडिकल अस्पताल गयी हुयी हैं। संवासियों की चिकित्सा-प्राथमिक उपचार हेतु डिस्पेन्सरी में आवश्यक दवायें मिली। पूछे जाने पर किसी भी संवासी द्वारा कोई समस्या नहीं बताई गई।नगर पालिका परिषद उरई जनपद जालौन के सहयोग से मुहल्ला लहरियापुरवा में लखनऊ के एनजीओ द्वारा संचालित आश्रय गृह (शेल्टर होम) में न्यायिक अधिकारियों ने विभिन्न बिन्दुओं पर जांच-पड़ताल की। निरीक्षण समय में चौकीदार को छोडकर कोई कर्मचारी उपस्थित नहीं मिला। यहां की आश्रित पंजिका में निरीक्षण तिथि में कोई भी आश्रित पंजीकृत नहीं मिला। जिसके बारे में सम्बन्धित को नोटिस जारी करने हेतु निर्देशित किया गया। मेडिकल डिस्पेंसरी का निरीक्षण करने पर सामान्य बुखार, जुखाम आदि की दवाईयां पायी गई।निरीक्षण करने वाली इस अनुश्रवण समिति में अपर जिला जज प्रथम सतीश चन्द्र द्विवेदी, प्रभारी सचिव-सिविल जज (सी.डि.) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अर्पित सिंह एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अभिषेक खरे शामिल रहे।

## रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण के लिए रिजर्व पुलिस लाइन उरई में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया डीआईजी ने



उरई : पुलिस लाइन का निरीक्षण करते डीआईजी ।

**उरई (जालौन)।** पुलिस उपमहानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र झांसी व पुलिस अधीक्षक जनपद जालौन द्वारा रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण के लिए रिजर्व पुलिस लाइन उरई का किया निरीक्षण, रिक्रूट आरक्षियों के व्यवस्थापन तथा ट्रेनिंग की व्यवस्थाओं हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

आज पुलिस उपमहानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र झांसी केशव कुमार चौधरी व पुलिस अधीक्षक जनपद जालौन डा. दुर्गेश कुमार द्वारा रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण के लिए रिजर्व पुलिस लाइन उरई का निरीक्षण किया गया। इस दौरान रिक्रूटो के आवासीय व्यवस्था, क्लासरूम, स्नानागार, शौचालय आदि का निरीक्षण किया तथा आरटीसी बैरक में गर्मी को देखते हुए पर्याप्त संख्या में कूलर, पंखे व बल्ब लगवाने, तख्त और पानी की पर्याप्त व्यवस्था करने हेतु बताया साथ ही पर्याप्त संख्या में शौचालय व स्नानागार की व्यवस्था उच्च साफ-सफाई के साथ करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही आरक्षियों के प्रशिक्षण के लिए सभी मूलभूत सुविधाओं की कमियों की पूर्ति कर सही ढंग से व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। रिजर्व पुलिस लाइन उरई में जेटीसी प्रशिक्षण हेतु 432 रिक्रूट पुरुष आरक्षी एवं 108 रिक्रूट महिला आरक्षी शामिल होंगे तथा रिजर्व पुलिस लाइन उरई में आरटीसी प्रशिक्षण हेतु 400 पुरूष रिक्रूट आरक्षी प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक जनपद जालौन प्रदीप कुमार, प्रतिसार निरीक्षक पारस नाथ चौधरी व आरटीसी प्रभारी निरीक्षक शिवप्रकाश सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

## योगी सरकार प्रदेश की जनता को लालटेन काल में ले जा रही : विनय चौरसिया




उरई : कलेक्टेउ्ट में प्रदर्शन करते आप कार्यकर्ता ।

**उरई (जालौन)।** उत्तर प्रदेश में बदहाल विद्युत व्यवस्था और घंटों पॉवर कट के मुद्दे पर योगी सरकार के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने स्थान कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन दर्ज किया। पार्टी के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और प्रमुख नेताओं ने प्रदेश के जिला मुख्यालयों पर इकट्ठे होकर योगी सरकार की बिजली कटौती के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया।जिला अध्यक्ष एड. विनय चौरसिया ने विरोध प्रदर्शन के दौरान कहा कि प्रदेश में लगातार महंगी हो रही बिजली और उस पर घंटों बिजली की कटौती की मार झेल रही प्रदेश की जनता, सरकार से पूरी तरह त्रस्त हो चुकी है, लेकिन उनकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। बिजली कटौती के कारण आम आदमी और किसान बेहद परेशान हैं। उन्होंने कहा कि चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी में घंटों बिजली कटौती से लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। जिले में 10 से 12 घंटे तक बिजली की कटौती की जा रही है। जिसके चलते आम आदमी को अपने दैनिक जीवन में कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों का पढ़ाई करना मुश्किल हो गया है, घरों में पानी की सप्लाई प्रभावित हो रही है, और व्यवसायिक गतिविधियां भी ठप हो रही हैं।जिला अध्यक्ष विनय चौरसिया ने कहा कि किसानों को भी बिजली कटौती के कारण अपनी फसलों की सिंचाई करने में परेशानी हो रही है, जिससे उनकी फसलें खराब हो रही हैं और उनकी आय प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि यूपी में बिजली कटौती एक बड़ी समस्या है, लेकिन सरकार इस समस्या से निपटने के बजाए लगातार बिजली की दरों में वृद्धि के काम में लगी हुई है।उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा प्राइवेट कंपनियों को बिजली बिल निकालने का ठेका देने से भी आम आदमी पर फर्जी बिजली बिलों का बोझ बढ़ गया है। प्राइवेट कंपनियों द्वारा घरों में जाकर मीटर रीडिंग लेने के बजाय मनमाने तरीके से लोगों की बढ़ी मीटर रीडिंग भरकर जो भ्रष्टाचार का खेल खुलेआम चलाए जा रहा है उस पर सरकार पूरी तरह मौन है। यह सरकार की लापरवाही और भ्रष्टाचार का एक और उदाहरण है।विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से प्रखर बाजपेई बुंदेलखंड प्रांत सचिव जिला प्रभारी बांदा, धीरेन्द्र चौधरी जिला महासचिव महेन्द्र ददरी निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष एससीएसटी प्रकोष्ठ, जगदीश वर्मा जी वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष, प्रवीण रायकवार जी जिला अध्यक्ष बुद्धजीवि प्रकोष्ठ राजेश जी सहित कई लोग शामिल हुए।

### छेड़खानी के आरोपी को पुलिस ने सुसंगत धाराओं में जेल भेजा

**कालपी(जालौन)।** पुलिस उपाधीक्षक अवधेश कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध नियंत्रण एवं महिला सुरक्षा के मामले को लेकर कालपी पुलिस के द्वारा सक्रियता तेज की गई है। बुधवार को छेड़खानी करने वाले नामजद आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कुरहना आलमगीर में एक घर में रात में घुसकर किशोरी के साथ अश्लील हरकत की गई थी इस मामले को लेकर नामजद आरोपी की पुलिस सक्रियता से तलाश करने में जुटी हुई थी।सब इंस्पेक्टर मंतेश कुमारी की टीम ने मुखबिर की सूचना पर जोल्हूपुर मोड में घेराबंदी करके नामजद आरोपी नरेश पुत्र बनखंडी निवासी ग्राम कुरहना आलमगीर को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी को जुर्म धारा 133, 74 व 331(4) व 351(2)के अंतर्गत मुकदमे में जेल भेज दिया।

### नहाने समय करेंट लगने से महिला की मौत

**जालौन।** नहाने के लिए गई महिला समर में आ रहे करंट की चपेट में आ गई। करंट लगने से गंभीर रूप से घायल महिला को परिजन सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम नबीपुर निवासी कल्पना ;27द्ध पत्नी जयप्रकाश बुधवार की सुबह नहाने के लिए बाथरूम में गई थी। बाथरूम में नहाते समय उसका शरीर समर के पाइप में छू गया। समर के पाइप में आ रहे करंट की चपेट में आने से वह बेहोश होकर बाथरूम में ही गिर गई। कुछ समय जब अंदर से कोई आवाज नहीं आई तो परिजनों ने दरवाजा खटखटाया। कोई उत्तर न मिलने पर जब परिजनों ने अंदर जाकर देखा तो वह बाथरूम के फर्श पर पड़ी हुई थी। आनन फानन में परिजन उसे सीएचसी लेकर आए। जहां डॉक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों के पुलिस को बताया कि बाथरूम में नहाते समय समर में आ रहे करंट के लगने से महिला की मौत हुई है। बता दें महिला के तीन बेटों के सिर से मां का साया छिन गया हैं। जिनमें बड़ा बेटा आर्यन 6 वर्ष कार्तिक और सिद्धार्थ हैं।

### सीएमएस के जन्मदिन पर मेडिकल कॉलेज के आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने किया रक्तदान




कालपी : रक्तदान करते आउटसोर्सिंग कर्मचारी ।

**उरई(जालौन)।** मेडिकल कॉलेज के आउट सोर्सिंग कर्मचारियों ने इस बार सीएमएस मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. प्रशांत निरंजन का 40 वां जन्मदिन को रक्तदान एवं सभी वार्डो में मरीजों को फल एवं शरबत वितरण करके मनाया। बाद में मेडीकल कालेज परिसर में पौधारोपण किया गया।

आज राजकीय मेडिकल कॉलेज परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सभी विभागों के आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने भाग लिया। कर्मचारियों का कहना है कि सीएमएसडा. प्रशांत निरंजन हमेशा मरीजों की सेवा और जनकल्याण के लिए तत्पर रहते हैं। उन्होने कहा कि सबसे बड़ा दान रक्तदान है इस दान से हम कई जान बचा सकते है उन्होंने कहा कि रक्तदान से कोई भी परेशानी नही होती है।ब्लड बैंक प्रभारी सिद्दकीजी, योगेश कुमार, भी मौजूद रहे। इस मौके पर रक्तदान करने वालों में लोकेश कुशवाहा, राजेश दुबे, राजेन्द्र, मोनू यादव, राहुल कुमार, संजीव पाराशर, रबि कुमार, अशोक कुशवाहा, रोहित कुशवाहा, सत्यम, योगेन्द्र, राहुल राठौर, शैलेन्द्र पांचाल, राहुल दीक्षित, जितेन्द्र पाल, राजीव निरंजन, अमरनाथ, विकास दुबे, शंकर, लोकेन्द्र, रंजीत, आशीष कुमाार, गौरश मिश्रा, ज्ञान सिंह आदि शामिल रहे।

## संविधान की ताकत को घर-घर पहुंचाएगा मानवाधिकार संघ

**0कोर कमेटी की बैठक में लिया गया फैसला, गांव-गांव चलेगा जागरूकता अभियान**




उरई : बैठक करते पदाधिकारी ।

**उरई(जालौन)।** मानवाधिकार, सामाजिक न्याय और संवैधानिक चेतना को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प के साथ अखिल भारतीय मानवाधिकार संघ की कोर कमेटी की बैठक रविवार को झांसी रोड स्थित रघुवीर धाम परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप याज्ञिक ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह संगठन केवल एक नाम नहीं, बल्कि संवैधानिक मूल्यों की रक्षा हेतु एक मिशन है। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। हमें सामाजिक न्याय, आर्थिक समानता और सांस्कृतिक चेतना के लिए निरंतर काम करना होगा।बैठक में यह घोषणा की गई कि आने वाले दिनों में संगठन की ओर से गांव-गांव जाकर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान आमजन को उनके अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक किया जाएगा।संगठन मंत्री पंकज याज्ञिक ने जमीनी स्तर पर नेटवर्क को विस्तार देने की रणनीति रखी। रामजी याज्ञिक ने कार्यशैली में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व बढ़ाने पर जोर दिया। वहीं आशीष साहू ने कहा कि वर्तमान समय में संविधान की जानकारी और उसकी भावना को आमजन तक पहुचाना बेहद ज़रूरी हो गया है। संघ की ओर से यह निर्णय लिया गया कि आगामी महीनों में जागरूकता शिविर, विधिक सहायता केंद्र, युवा संवाद, सामाजिक गोष्ठियाँ और जनहित याचिकाओं के ज़रिए आमजन से सीधा संवाद स्थापित किया जाएगा।बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक संवैधानिक अधिकारों की जानकारी पहुंचाने का संकल्प लिया।बैठक में वरिष्ठ समाजसेवी गणेश दत्त गिरि, कन्हैया लाल रायकवार 'अड्डू', विनोद वाल्मीकि, रवि कुमार सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## किसान दिवस का हुआ आयोजन



**ललितपुर।** प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी दीपक यादव की अध्यक्षता में कृषि विज्ञान केन्द्र खिरिया मिश्र में किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसान दिवस में उपस्थित किसानों द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025 में प्रीमियम काटे जाने के उपरान्त पॉलिसी उपलब्ध कराये जाने की मांग की गयी तथा बीमा कम्पनी द्वारा क्षतिपूर्ति के आंकलन हेतु लगाये जाने वाले सर्वेयर को प्रमाणित परिचय पत्र उपलब्ध कराये जानें का अनुरोध किया गया व कृषक पहाड़ सिंह यादव द्वारा मंडी चबूतरों पर अवैध कब्जे हटाये जाने की मांग की गयी। कृषकों द्वारा विद्युत विभाग से सम्बन्धित समस्याओं को अवगत कराया गया जिनका निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। किसान दिवस में जनपद के विभिन्न कृषकों द्वारा समस्याओं के निराकरण हेतु भारतीय किसान संघ तथा प्रगतिशील किसान जन मोर्चा द्वारा ज्ञापन प्रस्तुत किये गये जिन्हें उप कृषि निदेशक द्वारा सम्बन्धित विभागों को निस्तारण हेतु उपलब्ध कराया गया। किसान दिवस में उप कृषि निदेशक यशराज सिंह, अध्यक्ष कृषि विज्ञान केन्द्र डॉ. मुकेश चन्द्र, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ. भगवान सिंह, जिला कृषि अधिकारी राजीव कुमार भारती, जिला कृषि रक्षा अधिकारी सोनू मंगल एवं विनोद कुमार एसडीओ विद्युत आदि अधिकारीगण एवं राजपाल यादव, केहर सिंह बुन्देला, हरिओम राजपूत, कृपाल सिंह, बाबूलाल दुबे, आशीष कौशिक एवं आनन्द देवलिया आदि कृषकगण उपस्थित रहे।

## उर्वरकों के नाम पर अन्य उत्पादों का विक्रय किये जाने पर होगी कार्यवाही

ललितपुर। जिला कृषि अधिकारी राजीव कुमार ने अवगत कराया है कि कृषि निदेशक के पत्रांक द्वारा उर्वरकों के नाम पर अन्य उत्पादों का विक्रय किये जाने एवं विक्रय केन्द्रों पर जैविक डीएपी, बायो डीएपी, ऑगेनिक डीएपी, डीएपी का विकल्प आदि भ्रामक नामों से उत्पादों की अवैध रूप से बिक्री किये जाने वाले विक्रेताओं के विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985, उर्वरक संचलन नियंत्रण आदेश 1973 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत कार्यवाही के निर्देश दिये गये है, अतः उपरोक्त के परिपालन मे जनपद के समस्त थोक व फुटकर उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि उन्हीं उत्पादों का विक्रय किया जाये जो कि उर्वरक आकार्बनिक, कार्बनिक या मिश्रित नियंत्रण आदेश 1985 में वर्णित हो अथवा राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित हो, उसके अतिरिक्त ऐसे किसी भी उत्पाद का विक्रय न किया जाये, जिससे उर्वरक होने का भ्रम हो अथवा उर्वरकों के स्वरूप से मिलता-जुलता हो एवं फास्फेट रिच ऑगेनिक मैन्योर के प्रकरणों में यह सुनिश्चित किया जाये कि बैगो में जैविक डीएपी, बायो डीएपी, ऑगेनिक डीएपी, डीएपी का विकल्प, भारत डीएपी, डीएपी ड्यूरेबल एग्रीकल्चर प्रोडक्ट, डीएपी डबल एक्शन पावर, डीओपी व पोटाश ड्राइवड फ्रॉम मोलेसिस के प्रकरणों में यह सुनिश्चित किया जाये कि बैगौं बॉयो पोटास इत्यादि अंकित न हो, अगर इस प्रकार प्रोडक्ट विक्रय करते कोई भी उर्वरक विक्रेता पाया जाता है तो उसके विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985, उर्वरक संचलन नियंत्रण आदेश, 1973 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

## आम आदमी पार्टी ने जनपद में बिजली व पानी की व्यवस्था सुचारू करने हेतु राज्यपाल को भेजा ज्ञापन



**ललितपुर।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड. ने जनपद की बिद्युत व पानी की व्यवस्था सुचारू करने हेतु जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राज्यपाल सम्मानीय श्रीमती आनंदीबेन पटेल को ज्ञापन भेजा, जिसमें अवगत कराया गया कि जनपद में इस भीषण गर्मी के चलते घंटों बिजली की कटौती व अनंयत्रित पानी की अव्यवस्था के चलते आमजन का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है व कृषकों को बिजली कटौती के कारण फसलों की सिंचाई न होने पर उनकी फसलें खराब हो रही हैं व आम जनता पर फर्जी बिजली बिल का बोझ डाला जा रहा है व ज्ञापन के माध्यम से आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड. ने राज्यपाल से आग्रह किया है कि बिजली कटौती के मुददे पर तत्काल कार्यवाही करें, जिससे आम जनता को उसके हक की बुनियादी सुविधाएं मिल सकें व कृषकों को फसलों की सिंचाई करने में परेशानी का सामना न करना पड़े और उनकी फसलें खराब होने से बच सकें। ज्ञापन पर प्रमोद नामदेव एड उपाध्यक्ष, मीना राजा, आरिफ खान, अनूप ताम्रकार, भागवती, अखण्ड राजपूत, हरेन्द्र झां, उपेन्द्र प्रताप एड., आनंद सिंह, बबीता, विवेक जैन, शशिकान्त, गजराम, इन्द्र सिंह, भूपेन्द्र प्रताप, अरून राजपूत, अनुराग सिंह, रमेश झां आदि के हस्ताक्षर मौजूद थे।

# तमंचे के साथ पकड़ा गया शातिर अभियुक्त




बांदा : पुलिस हिरासत में पकड़ा गया अभियुक्त ।

**बांदा।** भ्रमण के दौरान कोतवाली पुलिस ने तमंचे के साथ एक शातिर बदमाश को पकड़ा है। जो किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने अभियुक्त को जेल भेज दिया है।

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध मादक पदार्थों व अवैध शस्त्रों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अवैध तमंचा के साथ भ्रमण कर रहे अभियुक्त को कनवारा चौराहे के पास से किया गया गिरफ्तार। अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा व 02 जिन्दा कारतूस बरामद हुए। गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना नाम सागर केवट पुत्र जियालाल केवट निवासी कनवारा थाना कोतवाली नगर बताया। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने अभियुक्तों को जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक बलराम सिंह ने बताया कि अभियुक्त सागर निषाद किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था, जैसे ही उसकी पुलिस पर नजर पड़ी तो वह अचानक भागने लगा। जिसे सक्रियता के साथ धरदबोचा गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से तमंचा बरामद हुआ है। कहा कि मामले की और भी छानबीन की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक शिववीर सिंह, मुख्य आरक्षी सत्येन्द्र सिंह, आरक्षी माधव सिंह शामिल रहे।

- **भ्रमण के दौरान कोतवाली पुलिस ने किया अरेस्ट**
- **मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने अभियुक्त को भेजा जेल**

## कोतवाली पुलिस ने दो अलग.अलग लोगों से तमंचा कारतूस के साथ किया गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता नरैनी बांदा।** कोतवाली पुलिस ने दो युवकों को अलग अलग स्थानों से अवैध तमंचा के साथ गिरफ्तार किया है।दोनो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली के उपनिरीक्षक अनिल सिंह ने बताया कि गश्त के दौरान करतल मार्ग पर ईदगाह के सामने संदिग्ध युवक से पूछताछ कर तलाशी ली तो इसके पास 315 बोर तमंचा और एक कारतूस बरामद किया गया है।इसने अपना नाम राजेश दुबे पुत्र राममिलन निवासी नरदहा थाना धरमपुर मध्यप्रदेश बताया है।उपनिरीक्षक अंगिरा प्रसाद ने बताया कि कालिंजर मार्ग पर बजरंग चौराहा के पास ब्रेजेंद्र सिंह उर्फ हप्पू पुत्र साहब सिंह निवासी नरदहा थाना धरमपुर मध्यप्रदेश के कब्जे से 315 बोर का तमंचा बरामद किया गया है।दोनो आरोपियों के खिलाफ आयुध अधिनियम की धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## कार सवार ने खड़ी कार मैं बैठे लोगों को मारी ठोकर सभी के लगी चोट मुकदमा हुआ पंजीकृत

**स्वतंत्र भारत संवाददाता नरैनी बांदा।** बलदाऊ गंज चित्रकूट;कर्वीद्ध निवासी आदर्श सोनी पुत्र राजेश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि 16 जून को वह अपनी कार से लहुरेटा गांव आया था।यहा नहर पुल के पास कार खड़ी कर बात कर रहा था तभी दोपहर में ढाई बजे विपिन पुत्र शंकर निवासी बल्दू पुरवा अंश चंदौरा थाना अजयगढ मध्यप्रदेश अपनी कार चलाते हुए आया और उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दी जिससे कार में सवार सभी5 लोग घायल हो गए।बताया कि बात करने की कोशिश की तो वह अधिक नशा किये होने के कारण विवाद करने पर अमादा हो गया।प्रार्थना पत्र में बताया है कि आरोपी की कार में बैठा एक व्यक्ति अवैध असलहा लिए था जो घटना होने के बाद मौके से भाग गया।पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

## किसान दिवस में डीएम ने सुनी किसानों की समस्याएं




बांदा : बैठक को ।

चित्रकूट ब्यूरोः किसान दिवस का आयोजन बुधवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में किया गया। जिसमें डीएम ने किसानों की समस्याओं को लेकर सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण के लिए निर्देशित किया। साथ ही किसानों को प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया।

किसान दिवस में उप कृषि निदेशक राजकुमार ने विगत बैठकों में किसानों द्वारा उठायी गयी समस्याओं के समाधान एवं अनुपालन आख्या से जिलाधिकारी एवं किसानों को अवगत कराया। इस पर जिलाधिकारी ने उपनिदेशक कृषि से कहा कि चकबंदी, विद्युत, हदबंदी, पशु टीकाकरण, पंप कैनाल संचालन, डिफेंस कॉरिडोर एवं राम वन गमन मार्ग में भूमि अधिग्रहण का भुगतान आदि किसानों द्वारा उठाई गई समस्याओं का सम्बन्धित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर निस्तारण कराएं। विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसान समस्याओं का अविलम्ब समाधान कराकर अनुपालन आख्या से शीघ्र अवगत कराए। कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार समस्याएं नहीं होनी चाहिए। डीएम ने किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही अधिक से अधिक पौधरोपण करने को कहा।

उपनिदेशक कृषि ने किसानों से कहा कि खरीफकी बुवाई के समय के दृष्टिगत सभी बीज भंडारों पर सभी प्रकार के बीज उपलब्ध है, गोदाम से बीज प्राप्त कर लें। बताया कि कृषि यंत्र के लिए भी ऑनलाइन व्यवस्था की जा रही है। कहा कि सभी किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा भी करा लें।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अधिशासी अभियंता विद्युत राजापुर शिवकुमार, जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला, भूमि संरक्षण अधिकारी देवेंद्र निरंजन, खाद्य विपणन अधिकारी अविनाश झा, उद्यान अधिकारी प्रतिभा पांडेय, सहायक निदेशक मत्स्य भानु चंद्रा सहित भाकियू के नरेश सिंह, यशवंत सिंह, देवेंद्र सिंह, राजकिशोर आदि मौजूद रहे।

## खबर एक नज़र

### वैभव शुक्ला को मिली पीएचडी की उपाधि



चित्रकूट ब्यूरोः महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय ने शोधार्थी वैभव शुक्ला को वनस्पति विज्ञान में डॉक्टर ऑफ फिलोसॉफी (शोध) उपाधि प्रदान की है।

शोधार्थी वैभव शुक्ला ने अपना शोध कार्य वनस्पति विज्ञान में औषधीय पौधों के उपयोग से संबंधित विषय पर किया है। वैभव शुक्ला ने अपना शोध कार्य शोध निर्देशक डॉ साधना चौरसिया, सह शोध निर्देशक डॉ रविन्द्र सिंह निर्देशन एवं विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो सूर्य कांत चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में किया है। डॉ वैभव ने इसका श्रेय अपने इष्ट देव, गुरु जन, माता-पिता समस्त मार्गदर्शकों, ईष्ट मित्रों एवं परिवार को दिया है। गौरतलब है कि डॉ वैभव शुक्ला छात्र जीवन से ही विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता के रूप में कार्य किया एवं पूर्णकालिक कार्यकर्ता भी रहे है, जिससे प्राप्त ज्ञान व नेतृत्व क्षमता का प्रयोग वह शिक्षा व समाज उत्थान में करेंगे।

### 20 जून से 10 जुलाई तक वितरित होगा निःशुल्क खाद्यान्न

**चित्रकूट ब्यूरोः** नवागंतुक जिला पूर्ति अधिकारी आशाराम पाल ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत माह जुलाई के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का वितरण 20 जून से 10 जुलाई तक किया जाएगा। बताया कि इस अवधि में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत अन्त्योदय अन्न योजना के कार्डधारकों को प्रति कार्ड 14 किग्रा गेहूं व 21 किग्रा चावल (कुल 35 किग्रा खाद्यान्न) तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को प्रति यूनिट दो किग्रा गेहूं व तीन किग्रा फोर्टिफाइड चावल (कुल पांच किग्रा खाद्यान्न) का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। इसके साथ ही अन्त्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड त्रैमास अप्रैल, मई व जून के सापेक्ष तीन किग्रा चीनी 18 रुपये प्रति किग्रा की दर से वितरित की जाएगी। लाभार्थी अपनी मूल दुकान से ही चीनी प्राप्त कर सकेंगे। बताया कि खाद्यान्न वितरण की अन्तिम तिथि 10 जुलाई होगी। आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न करने वाले उपभोक्ताओं को अंतिम दिन मोबाइल ओटीपी वेरीफिकेशन के माध्यम से खाद्यान्न वितरण किया जाएगा। उन्होंने सभी उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि वह कार्डधारकों के बायोमीट्रिक प्रमाणीकरण के बाद तत्काल अनुमन्य मात्रा में राशन सामग्री उपलब्ध कराएं। बताया कि वितरण व्यवस्था के सुचारू एवं पारदर्शी क्रियान्वयन के लिए जिलाधिकारी द्वारा नामित नोडल अधिकारी सहित पूर्ति निरीक्षक खाद्यान्न वितरण की जांच करेंगे ।

### सूर्य मंदिर रहिलिया में योग सप्ताह के चौथे दिन भी कराया गया योगाभ्यास

**महोबा।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 की थीम एक पृथ्वीए एक स्वास्थ्य के लिए योग के अंतर्गत सूर्य मंदिर रहिलिया में योग सप्ताह के चौथे दिन योगाभ्यास कराया गया । योग प्रशिक्षक बिकरणए सचिन गुप्ता एवं नीरेंद्र सिंह के द्वारा कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराते हुए प्रत्येक अभ्यास की विधिए लाभ एवं सावधानियों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी डॉ ममता वर्माए डॉ रामकिशोरए डॉ विकास कुमारए डॉ आदित्य मोहन अवस्थीए जिला कार्यक्रम प्रबंधक आयुष अमित देवरियाए योग सहायक गिरीश कुमारी एवं उमेश त्रिपाठी उपस्थित रहे। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 को जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में सामूहिक रूप से योगाभ्यास में शामिल होने के लिए योगाभ्यासियों से अपील की। कॉमन योग प्रोटोकॉल अभ्यास में समाजसेवी शरद तिवारी ;दाऊद्ध के साथ जनमानस ने कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास किया । राजेश कुमारए यशपाल सिंह एवं जीतेन्द्र कुमार का विशेष सहयोग रहा।

## प्रेमी के साथ पकड़े जाने पर युवती ने की खुदकुशी

**बांदा।** कमासिन थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी मंगलवार की दोपहर अपने प्रेमी के साथ खेत मे थी। खेत बीन करते हुए पिता अपने बेटे के साथ खेत पहुंच गया। देखा तो उसकी बेटी प्रेमी के साथ मौजूद थी। पिता और भाई को देख किशोरी मौके से भाग निकली। पिता पुत्र ने प्रेमी को दबोच कर पुलिस को सौंप दिया। इसी बीच मौका पाते ही किशोरी ने खेत पर लगे शीशम के पेड़ पर दुपटटा से फांसी लगा कर खुदकुशी कर लिया। शव देखते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के भाई का कहना है कि उसकी बहन का अमेढी के देवीपुरवा के रहने वाले युवक से तीन माह से प्रेम प्रसंग चल रहा था। मंगलवार को उसने अपनी बहन को आपत्ती जनक स्थित में देख लिया था। इसी से क्षुब्ध होकर उसकी बहन ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। पोस्टमार्टम के दौरान दुष्कर्म की आशंका पर डॉक्टरो ने इस्लाइड बनाई है।

# छात्रों ने किया योगाभ्यास



बांदा : योगाभ्यास करते छात्र ।

**बांदा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के शुभारंभ के पश्चात आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज में योगा दिवस कार्यक्रम अनवरत जारी है। जहां छात्रों को योगाभ्यास कराया गया। साथ ही उन्हें नियमित योग किए जाने के लिए प्रेरित भी किया गया।

आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज में योग शिविर 17 जून 2025 से लगातार चल रहा है जिसमें योग प्रशिक्षक बिंदु कुमार सिंह गौतम द्वारा विद्यालय के एनसीसी कैडेट, छात्रों एवं शिक्षकों को योगाभ्यास कराया जा रहा है।

प्रधानाचार्य मेजर मिथलेश कुमार पांडे ने कहा कि योग करने से शारीरिक तथा मानसिक स्थिति दोनों सही रहती है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए नियमित योग करना चाहिए। खुद योग करने के साथ दूसरों को भी योग के लिए प्रेरित करें। योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। योगाभ्यास के दौरान प्रधानाचार्य मेजर मिथिलेश कुमार पांडे, पूर्व चीफ ऑफिसर मंगल प्रसाद, लेफ्टिनेंट राम प्रसाद, केयरटेकर कमलेश कुमार, व्यायाम शिक्षक रमेश कुमार एवं प्रवक्ता देशराज सिंह साहित लगभग 75 कैडेट एवं छात्र उपस्थित रहे।

- **प्रधानाचार्य की मौजूदगी में आयोजित हुआ योगाभ्यास**

## किसान ने जिलाधिकारी से की शिकायत

**चित्रकूटः** मानिकपुर तहसील के लौढ़िया माफी गांव के निवासी रामशेषन ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा है कि भूमि संरक्षण विभाग द्वारा नमसा योजना के तहत विभागीय कर्मचारियों ने उनके खाते में धनराशि भिजवाई थी। आरोप लगाया कि कुल 30,000 में से 20,000 रुपये बिचौलियों ने ले लिए। इसकी शिकायत करने पर जांच के लिए पहुंच विभागीय अधिकारियों ने उससे सादे कागज में अंगूठा लगवा लिया और दोबारा शिकायत करने पर फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में भूमि संरक्षण अधिकारी देवेन्द्र निरंजन ने कहा कि सभी आरोप निराधार है। योजनाबद्ध तरीके से कुछ लोग विभाग को बदनाम करने का प्रयास कर रहे है।

## नवागंतुक जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने ग्रहण किया कार्यभार



**चित्रकूट ब्यूरोः** नवागंतुक जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने बुधवार को जनपद में कार्यभार ग्रहण कर लिया। इस दौरान उन्होंने विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार लाने उन्होंने बताया कि वह वर्ष 1999 बैच के पीसीएस अधिकारी हैं तथा उनकी प्रथम नियुक्ति रायबरेली जनपद में हुई थी। इसके बाद अमेठी, बलरामपुर, फतेहपुर, सोनभद्र, उन्नाव, सुल्तानपुर में कार्य करने के बाद अब शासन ने उनका स्थानांतरण चित्रकूट जनपद में किया है। बताया कि वह मूल रूप से प्रतापगढ़ जिले के निवासी है और पूर्व में वह कई बार चित्रकूट घूमने आ चुके हैं। बताया कि शासन की मंशानुसार कार्य करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी और शासन की योजनाको लोगों तक पहुंचान के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास किया जाएगा। कहा कि विभाग में कोई भी पत्रावली लंबित नहीं रखी जाएगी। उन्होंने सभी प्रधानाचार्यों को शैक्षिक में गुणवत्ता लाने के लिए निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालय समय से खुलने चाहिए तथा विद्यालयों में अध्यापक नियमित रूप से कक्षाएं लें। कहा कि विद्यालय हो या कार्यालय सभी जगह शिष्टाचार और अनुशासन जरूरी है। बताया कि जुलाई से खुलने वाले विद्यालयों में बेहतर तरीके से शिक्षा व्यवस्था का संचालन करना चुनौती होगी। इसके अलावा पीएम श्री विद्यालयों में निर्माण कार्य से लेकर अन्य कार्यों को प्राथमिकता पर करना शामिल है। इसके साथ ही साथ शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए शिक्षकों के सहयोग व सुझाव के साथ बेहतर क्रियान्वयन किया जाएगा। इस मौके पर सनत द्विवेदी, विजय सोनी, हरिमोहन सिंह, धीरेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, रणवीर सिंह, रुद्र नारायण पांडेय, धर्मेंद्र सिंह, राजेश सिंह, सुरेश सिंह, दिनेश मिश्रा, संजय शुक्ला, शारदा गुप्ता, प्रदीप पांडेय, सत्येंद्र सिंह, महेश गुप्ता, फूलचंद अग्रहरि, तारिक आदि मौजूद रहे।

# चोरी की घटना का खुलासा कर पुलिस ने तीन अंतर्राज्यीय चोरों को किया गिरफ्तार



**चित्रकूट ब्यूरोः** जनपद में बढ़ रहे अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना राजापुर पुलिस एवं एसओजी टीम ने थाना अन्तर्गत ग्राम पराकों में हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण कर तीन अंतर्राज्यीय चोरों को चोरी के सामान, कार व तमंचा के साथ गिरफ्तार किया है।

बुधवार को हुई पत्रकार वार्ता में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि बीती एक जून को थाना राजापुर के पराको निवासी अजय कुमार पाण्डेय पुत्र प्रयाग दत्त पाण्डेय ने थाने में सूचना दी कि बीती 31 मई की रात वह अपने छत पर सोये हुए थे। इस दौरात 12 से दो बजे के बीच अज्ञात चोर सीढियों से बने दरवाजे से घर के घर घुसकर उनकी अलमारी में रखे जेवरात व नगदी पार कर दिए। जिनमें से एक चोर की फुटेज घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में उपलब्ध है। इस सूचना पर थाना राजापुर में सम्बन्धित धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। साथ ही चोरी के शीघ्र अनावरण के लिए एसओजी प्रभारी एवं राजापुर थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया। जिसके बाद घटना के अनावरण के लिए की जा रही विवेचना के क्रम में बुधवार को राजापुर थाना पुलिस व एसओजी टीम ने नरैना खेड़ा रैपुरा के पासे से चोरी के आरोपी राघवेन्द्र कुशवाहा उर्फ प्रिन्स निवासी कस्बा सेमरिया थाना सेमरिया जनपद रीवा (म.प्र.), शिवबली उर्फ रामबली निषाद निवासी मन्कुवाँर थाना मऊ व विनोद कुशवाहा निवासी ग्राम देवरा थाना धारकुण्डी जनपद सतना को कार सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चार अंगूठी, एक जोड़ी झुमकी, एक जंजीर, नौ छोटे सिक्के, दो बड़े सिक्के, एक हाफपेटी, एक पायजेब, पांच जोड़ी पायल, 10 कड़े, एक लक्ष्मी कर्धन, दो पर्स, पैन कार्ड, निर्वाचन कार्ड, आधार कार्ड, एटीएम, 43,000 रुपये व तमंचा-कारतूस आदि बरामद किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से बरामद कार को सीज कर दिया। बताया कि यह तीनों आरोपी अंतर्राज्यीय चोर है, जिनका आपराधिक इतिहास भी है। आरोपियों की गिरफ्तारी करने वाली टीम में थाना राजापुर से थाना प्रभारी प्रवीण सिंह, उपनिरीक्षक पवन चौधरी, आरक्षी लवकुश यादव, शाकिर अली, शिवम मिश्रा, प्रकाश मिश्रा, राहुल यादव, रोहित आर्य, अजय मिश्रा, अरूण कुमार तथा एसओजी टीम से एसओजी प्रभारी एमपी त्रिपाठी, मुख्य आरक्षी जितेन्द्र, आरक्षी रोहित कुमार, रोशन, पवन राजपूत व गोलू भार्गव मौजूद रहे ।

# जन चौपाल में ग्रामीणों ने बारी बारी से वित्त सचिव के समक्ष रखी अपनी समस्याएं

**महोबा ।** जनपद के नोडल अधिकारी एवं वित्त सचिव शाहिद मंजर अब्बास रिजवी ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश की उपस्थिति में चरखारी विकास खंड की ग्राम पंचायत नौसारा में जन चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। चौपाल में ग्रामीणों ने बारी.बारी से अपनी समस्याओं को वित्त सचिव के समक्ष रखाए जिस पर नोडल अधिकारी ने ग्रामीणों की समस्याओं को संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं का तुरंत निस्तारण कराया जाए और कहा कि माध्यमिक विद्यालय को अधिकारी स्मार्ट स्कूल में कन्वर्ट कराएं। स्कूल में सारी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंए जिससे यहां के बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़े। पंचायत भवन में कर्मचारी रोस्टर के अनुसार बैठे और ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण कराएं।

उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों से कहा कि कैंप लगाकर ग्रामीणों की विद्युत् से सम्बंधित समस्याओं को हल किया जाए तथा ग्रामीणों से कहा कि आप लोग बाहर शौच क्रिया न करें तथा सामुदायिक शौचालय का उपयोग करें। उन्होंने सीएमएस को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन लोगों के नाम आयुष्मान सूची में है उनके आयुष्मान कार्ड जल्द से जल्द बनाए जाये। उन्होंने मनरेगा के तहत जो भी कार्य हुए हैं उनका अभिलेखीय परीक्षण कराकर सोशल आडिट कराने के निर्देश दिए तथा जिला पंचायती राज अधिकारी को निर्देशित किया कि 15 वें वित्त अभिलेखों का परिक्षण कराएं। वित्त सचिव ने ग्रामीणों से राशनए बिजलीए चकरोडए आयुष्मान कार्डए किसान सम्मान निधिए आवास पानी आदि योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आप लोग अपना.अपना मोबाइल नंबर आधार कार्ड में जरूर दर्ज कराएंए जिससे आपको किसान सम्मान निधि का लाभ मिलता रहे। इस अवसर पर वित्त सचिव नें वृक्षारोपण किया तथा सभी लोगों को ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी न्यायिकए डिप्टी कलेक्टर राजकुमारए जिला पंचायती राज अधिकारी चंद्र किशोर वर्मा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# शिविर लगाकर श्रमिकों को बताएं पंजीकरण कराने के लाभ




चित्रकूट ब्यूरोः जिला टास्क फोर्स की विगत मंगलवार को हुई बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार बुधवार को जिला मुख्यालय के धनुष चौराहे में शिविर लगाकर उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निमार्ण कर्मकार कल्याण बोर्ड के तहत श्रमिकों का पंजीकरण एवं नवीनीकरण किया गया।

शिविर में सहायक श्रमायुक्त आरके गुप्ता ने श्रमिकों को पंजीकरण व नवीनीकरण के नियम-शर्तो व प्रक्रिया के बारे में बताया। साथ ही सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। साथ ही विभागीय योजनाओं के पत्रक भी वितरित किए गए। बताया कि अगले बुधवार को पुनः शिविर लगाकर पंजीकरण व नवीनीकरण किया जाएगा। श्रमिकों को बताया कि पंजीकरण व नवीनीकरण के लिए फोटो, आधार कार्ड, श्रमिक के नामिनी का आधार कार्ड, पासबुक एवं राशन कार्ड तथा एक वर्ष के लिए 40 रुपये पंजीयन व अंशदान शुल्क लगेगा। बताया कि शिविर के अलावा श्रमिक विभाग की वेबसाइट में फोन से स्वयं व जनसेवा केन्द्र के माध्यम से पंजीयन व नवीनीकरण करा सकते है। इस मौके पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी प्रकाश संखवार, रोहित, धर्मेन्द्र, रवि, उत्तम शुक्ला, समाजसेवी बृजेश त्रिपाठी सहित श्रमिक आदि मौजूद रहे।

## अवैध उपखनिजों के परिवहन को रोकने तथा पानी की समस्या का बैठक में रखा गया मामला

**महोबा ।** जनपद स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक बुधवार को जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में संपन्न हुई। उक्त बैठक में मुख्य रूप से विद्युत से संबंधित रैपुरा क्षेत्र में अच्छी विद्युत सप्लाईए महोबा से कबरई के बीच बन रहे नेशनल हाईवे के रोडए जनपद में अवैध उपखनिजों के परिवहन को रोकने तथा कबरई कस्बे में पानी की समस्या से संबंधित प्रकरण प्रस्तुत किए गए। उक्त प्रकरणों में जिलाधिकारी द्वारा रैपुरा क्षेत्र में स्थापित हो रही नई औद्योगिक इकाइयों हेतु विद्युत की बेहतर व्यवस्था के लिए डिपॉजिट स्कीम के तहत एस्टीमेट बनवाते हुए शासन को प्रेषित किए जाने के निर्देश अधीक्षण अभियंता विद्युत को दिये । नेशनल हाईवे द्वारा बनवाए जा रहे महोबा कबरई रोड के एलाइनमेंट हेतु उद्यमियों की कुछ समस्याओं को ध्यान में रखते हुए उस पर नियमानुसार कार्यवाही करने का निर्देश जिलाधिकारी द्वारा परियोजना निदेशक नेशनल हाईवे छतरपुर को दिए गए। उपखनिजों के अवैध परिवहन से संबंधित प्रकरण में जिलाधिकारी द्वारा वरिष्ठ खान अधिकारी को निर्देश दिये गये कि खनिज चौकियों पर चेक करने हेतु कार्यरत कार्मिकों की व्यवस्था हेतु एक प्रस्ताव उपलब्ध कराए। कबरई कस्बे की पेयजल समस्या के संबंध में जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए कि अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे के साथ समन्वय करते हुए अधिशासी अभियंता जल निगम ;नगरीयद्ध से कार्य करने हेतु अलग से बैठक की जाए। बैठक में पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंहए उप जिलाधिकारी सदर जितेन्द्र सिंह व कुलपहाड़ अनुराग प्रसाद उपायुक्त व्यापार कर तथा अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों व उद्यमियों तथा व्यापारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया । बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग महेश चंद्र सरोज द्वारा किया गया।

## आकाशीय बिजली गिरने से दो भैंसों की मौत

**स्वतंत्र भारत संवाददाता अतर्रा बांदा।** कल दिन मंगलवार की शाम को जोरदार वर्षा के साथ बिजली गिरने से दो भैंसों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। मिली जानकारी के अनुसार तहसील अतर्रा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा जखनी विकासखंड महुआ थाना गिरवा निवासी राम बहोरी बर्मा की एक भैंस तथा भूरा कबीर निवासी उपरोक्त की एक भैंस दोनों भैंसों के ऊपर आकाशीय बिजली गिरने से दर्दनाक मौत हो जाने से परिजनों में कोहराम मच गया।

### भागवत कथा के चौथे दिन भी जारी रही

**इटावा।** बढ़पुरा के ग्राम सिकंदरपुर में आयोजित भगवत कथा के चौथे दिन देवी पूनम शास्त्री ने कथा प्रारम्भ करते हुए कहा की प्रभु श्रीकृष्ण ही ऐसे देव हैं जो इस मानव में योनि में आये उन्होंने मानव जीवन की कठनाइयों को जीवन यापन करके महसूस किया मानव हों जाना आपके कर्मो का फ्ल हैं। जिसको प्रभु की भक्ति के साथ आज और आने वाला कल और अगले जन्म को भी सुधार सकते है उनपे असीम अनुकम्पा होती जिनको प्रभु की भगवत कथा सुनने का अवसर प्राप्त होता है

# डीआईजी प्रभाकर चौधरी ने किया पुलिस लाइन का निरीक्षण



**नई भर्ती के आरक्षियों को भोजनए पानीए ठहरनेएप्रशिक्षण संबंधी अनेकों समुचित व्यवस्था हेतु दिये आवश्यक दिशा निर्देश**

**एटा।** डीआईजी अलीगढ़ प्रभाकर चौधरी ने आज एटा पुलिस लाइन का औचक निरीक्षण किया। हाल ही में हुई पुलिस भर्ती के नियुक्त आरक्षियों ने एटा पुलिस लाइन में पुलिस आरक्षी पद ग्रहण किया। जिनको कुशल प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। डीआईजी प्रभाकर चौधरी ने प्रशिक्षणार्थियों से सीधा वार्तालाप कर उनकी समस्याओं को जाना।तथा अधीनस्थों को समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एस एस पी श्याम नारायण सिंहए एएसपी राजकुमार सिंहए क्षेत्राधिकारी सदर संजय कुमार सिंहए क्षेत्राधिकारी सकीट कीर्तिका सिंहए आरआई लाइन सहित तमाम अधिकारी उपस्थित रहे।।

## बीवी हलीमा की संपत्तियों का मामला मुख्यमंत्री तक पहुंचा

**-किसान नेता ने अपनी जान की सुरक्षा की लगाई गुहार**

**छिबरामऊ कन्नौज।** पाकिस्तान चली गई हलीमा बीवी से जुड़ी संपत्तियों का मामला अब हाई प्रोफाइल हो गया है। स्थानीय प्रशासन और जिला प्रशासन के साथ अब यह मामला मुख्यमंत्री के दरबार तक पहुंच गया है। किसान नेता ने सीएम को भेजे शिकायती पत्र में जहां अपनी सुरक्षा की गुहार लगाई है । बीवी हलीमा से जुड़ी सभी संपत्तियों को किसी उच्च स्तरीय टीम की जांच कराए जाने और उसे शत्रु संपत्ति घोषित किए जाने की मांग की है। भारतीय किसान औनु गुट के पूर्व प्रदेश महासचिव गोपाल दुबे टांडा ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में कहा कि नगर के मोहल्ला विरतिया निवासी काजी अब्दुल कयूम ने अपनी सभी संपत्तियों को अपनी बेटी हलीमा बीवी को कहकर लिखी थी। कि इस भूमि की देखरेख की सारी जिम्मेदारी उसकी है भारत पाकिस्तान विभाजन के बाद अपने पिता की संपत्तियों की केयरटेकर बीवी हलीमा 1948 में पाकिस्तान चली गई ।इसके बाद से उनसे जुड़ी संपत्तियों पर भूमाफियाओं की नजर लग गई । छिबरामऊ देहात के अलावा कई अन्य गांव में भी उनकी लावारिस बड़ी संपत्ति को पहले तो भूमाफियाओं ने हलीमा बीवी का नगरपालिका से वर्ष 2018 में मृत प्रमाण पत्र बनवा लिया ।और फिर उनकी बेस कीमती जमीनों को फर्जी तरीके से वसीयत चढ़ावा कर बेचना शुरू कर दिया । किसान नेता ने बताया कि 14 म ई को उसने जिला अधिकारी को शिकायती पत्र दिया था।

। जिसमें शत्रु संपत्ति की बेस कीमती जमीन पर रोक लगाई जाने और भू माफियाओं से कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग की थी। अगले दिन 15 म ई को डीएम ने उप जिला अधिकारी को जांच के निर्देश दिए ।एसडीएम ने भू माफिया द्वारा फर्जी चढ़ाई गई कुछ जमीन को निरस्त कर दिया गया ।कई दिनों तक चली जांच के बाद एसडीएम ने 10 जून को हलीमा बीवी से जुड़ी 20 बीघा जमीन को राज्य सरकार में दर्ज कर दिया। किसान नेता बताया कि अभी भी उनकी सैकड़ो बीघा जमीन लावारिस हालत में पड़ी है जिसे भू माफियाओं से बचकर शीघ्र ही शत्रु संपत्ति घोषित कर सरकार अपने कब्जे में ले किसान नेता के मुताबिक बीवी हलीमा से जुडी जमीन नगर के मोहल्ला विरतिया में कुछ जमीनों पर बड़ी.बड़ी बिल्डिंग बनी हुई है ।जो की जमीन बीवी हलीमा की है छिबरामऊ देहात धमा के ताल फर्रुखाबाद रोड सराय सुंदर बहावलपुर अतराजपुर खोजी पुर सराय दायमगंज समधन इस्माइलपुर के साथ जनपद फर्रुखाबाद में भी जमीन पड़ी हैं किसान नेता ने बताया कि जब से उसने हलीमा बीवी से जुड़ी संपत्तियों का मामला उजागर किया है ।तभी से भूमि माफिया उसके खिलाफ सकरी हो गए हैं। पहले तो उसे प्रॉब्लम दिया गया ।जब उसे पर वह तैयार नहीं हुआ उसके परिवार को जान माल की धमकी दे रहे हैं ।किसान नेता ने अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए मुख्यमंत्री का दरवाजा खटखटाया ̧500 के स्टांप पर जमीनों का कर दिया गया दाखिल खारिज किसान नेता गोपाल दुबे टांडा बताया कि वह भी जानकारी में आया है कि वह भूमाफियाओं ने पांच.पांच ?500 के स्टांप पर जमीनों को विरासत दर्ज करने के बाद उनको ऊंचे रेटो में बिक्री कर दी।

गाटा संख्या 539 में दर्ज मंदिर की जमीन छिबरामऊ देहात से जुड़े गधा संख्या 539 जिसका रखवा 0¥4900 है इस गाटा संख्या में रामचंद्र जी महाराज श्री सीता जी महारानी श्री लक्ष्मण जी महाराज विराजमान मंदिर और ठाकुर द्वारा के नाम जमीन दर्ज हैं हालांकि इस गाटा संख्या में इसके अलावा करीब 25 उन लोगों के नाम भी शामिल हैं जिनमें कई नाम तो फर्रुखाबाद जनपद के अलावा कई अन्य जगहों के रहने वाले लोगों के नाम जमीन चढ़ेहै।

इसी हफ्ते आ सकती है केंद्र सरकार की टीम छिबरामऊ पाकिस्तान चली गई हलीमा बीवी से जुड़ी संपत्तियों का मामला गृह मंत्रालय तक पहुंच चुका है। उन संपत्तियों को सत्रु संपत्ति घोषित किए जाने के लिए उप जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी द्वारा पत्र भेजा जा चुका है। ऐसी स्थिति में किसान नेता ने बताया कि इसी हफ्ते में किसी भी दिन संपत्तियों की जांच करने केंद्र सरकार से जुड़ी गृह मंत्रालय की टीम आने की संभावना है।इसको लेकर अधिकारियों में भी हड़कंप मचा हुआ है।

## कोतवाली में अंगद की तरह पैर जमाये सिपाही

**छिबरामऊ कन्नौज ।** शहर कोतवाली में कई वर्षो से तैनात सिपाही अपनी छिबरामऊ में जाड़ जमा चुके हैं जाने का नाम नहीं ले रहे हैं। पुलिस अधीक्षक ने जिले में कानून व्यवस्था को सही रखने के लिए कोतवाली प्रभारी व उप निरीक्षक का फेर बदल किया था जिससे कि जनपद की कानून व्यवस्था सही सुचारू रूप से चल सके इसी क्रम में वर्षो से छिबरामऊ कोतवाली में टीके सिपाहियों की फेयर बदल होना चाहिए था ।

जिससे कि कानून व्यवस्था अपराध पर अंकुश लग सके क्योंकि छिबरामऊ कोतवाली में बरसों से टीके सिपाही अपनी शहर में मोहल्ले में जड़ों को जमा चुके हैं। जैसे की कच्ची शराब सटटा अधैध धंधों को चलवा रहे हैं और दलाली का अड्डा बना हुए हैं कानून व्यवस्था सही करने के लिए दरोगाओं व प्रभारी निरीक्षकों का तबादला होता है इन्हीं के साथ सिपाहियों का भी ट्रांसफर होना चाहिए क्योंकि वर्षो से टीके हर जगह इनको अपराध का अड्डा मालूम है वहां से अवैध वसूली करते रहते हैं नए प्रभारी को जानकारी नहीं होती है ।क्योंकि यह सिपाही पता ही नहीं लगने देते हैं। अवैध करोबार चल रहा है नए लोगों को मौका मिलना चाहिए स्थानीय लोगों कहना है कि कुछ थाने में बरसों से टीके जिनको 3 से 6वर्ष सिपाहियों को हो चुके हैं एक ही कोतवाली में उनकी कार्य प्रणाली पर भी सवाल है। लेकिनअधिकारियों की अनदेखी के चलते बदलाव नहीं हो पा रहा है ।बदलाव की मांग लगातार उठ रहा है ।लेकिन अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। पुलिसिंग को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक जमे हुए सिपाहियों का स्थानांतरण कर नए लोगों को लाया जाए नागरिकों का जनप्रतिनिधियों ने पुलिस अधीक्षक से इस विषय में पारदर्शी स्थानांतरण करने की मांग की है।

# एनसीसी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के समापन पर कैडेट्स को सम्मानित किया गया

**-शिविर में विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई**

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रुखाबाद ।** राजपूत रेजीमेंट सेंटर में चल रहे एनसीसी के 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले कैडेट्स को सम्मानित किया गया दस दिवसीय कैंप में विभिन्न प्रकार की क्विज भाषण सांस्कृतिक ड्रिल कंटिजेंट शूटिंग लाइन डिसिप्लिन वॉलीबॉल योगा कंपटीशन बेस्ट डिसिप्लिन कंपटीशन बेस्ट कैडेट तथा ओवरऑल बेस्ट इंस्टीट्यूशन की प्रतियोगिताएं हुई।

12 यूपी बटालियन एनसीसी फ्तेहगढ़ के कमांडिंग ऑफिसर तथा कैंप कमांडेंट के निर्देशन में कराई गई प्रतियोगिताओं को सफ्लतापूर्वक संपादन कराने में सहयोगी एनसीसी अधिकारियों में मेजर एस के माधव लेफ्टिनेंट गिरिजा शंकर लेफ्टिनेंट चंचल शर्मा लेफ्टिनेंट सिल्की मिश्रा चीफ अफ्सर सतीश चंद्र यादव थर्ड अफ्सर संतोष शुक्ला तथा थर्ड अफ्सर नरेंद्र सिंह जबकि 12 यूपी बटालियन एनसीसी फ्तेहगढ़ के एडम अफ्सर तथा डिप्टी कैंप कमांडेंट कर्नल अमनदीप सिंह खारोड के निर्देशन में कैंप इंचार्ज सूबेदार मेजर नवीन कुमार सूबेदार सुरेश कुमार सूबेदार शैलेंद्र सिंह सूबेदार दिनेश बी एच एम बृजराज हवलदार सोनू नागर आदि ने मिलकर अहम भूमिका निभाई।

17 जून को एस एन एम इंटर कॉलेज के प्रवक्ता सतीश चंद्र यादव को कैंप कमांडेंट कर्नल ए एस मलिक तथा डिप्टी कैंप कमांडेंट कर्नल अमनदीप सिंह खारोड ने चीफ़ अफ्सर की रैंक पहनाकर सम्मानित किया। क्लोजिंग अड्रेस में ओवरऑल कंपटीशन में आर्मी पब्लिक स्कूल को कैंप कमांडेंट ने विजेता घोषित कर ट्रॉफी दी गई। शूटिंग चैंपियनशिप म्युनिसिपल इंटर कॉलेज को दी गई जबकि ड्रिल में आर्मी पब्लिक स्कूल विजई रहा । बेस्ट सिंगर सीनियर डिवीजन में आयुष आर पी डिग्री कॉलेज प्रथम स्थान पर जबकि रूपम जे डी जे आई सी डी दूसरे स्थान पर रहे।

कल्चरल एक्टिविटी एस डी ध्एस डब्ल्यू में आर्मी पब्लिक स्कूल को ट्रॉफी दी गयी जबकि जे डीध् जे डब्ल्यू में केंद्रीय विद्यालय आरआरसी फ्तेहगढ़ को ट्रॉफी दी गयी। बेस्ट कैडिट में सीनियर डिवीजन आयुष आरपी डिग्री कॉलेज कमालगंज प्रथम स्थान पर अक्षय आर्मी पब्लिक स्कूल द्वितीय स्थान पर जबकि मानवी आर्मी पब्लिक स्कूल तृतीय स्थान पर रहे ।

जूनियर डिवीजन में निष्ठा मिश्रा केंद्रीय विद्यालय वैष्णवी सीपीबीएन तथा नीरज जवाहर नवोदय विद्यालय को मेडल तथा ट्रॉफी देकर कैंप कमांडेंट ने सम्मानित किया ।

वेस्ट लाइन डिसिप्लिन में सीनियर डिवीजन में एच एल बी एन इंटर कॉलेज छिबरामऊ तथा जूनियर डिवीजन में एस एन एम इंटर कॉलेज कायमगंज रहा । कैंप के समापन के अवसर पर कैंप कमांडेंट कर्नल ए एस मलिक ने सभी एनसीसी कैडेट्स को बधाई तथा शुभकामनाएं देते हुए सभी से अपेक्षा की गयी कि वह सभी एनसीसी के मोटो एकता और अनुशासन का अक्षरशः पालन करेंगे देश सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे अनुशासन के मामले में कभी कोई शिकायत का मौका नहीं देंगे ।



**फर्रुखाबाद । विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले कैडेट्स को कैंप कमांडेंट तथा डिप्टी कमांडेंट ने सम्मानित किया**

# यू पी सी एल डी एफके निर्माण कार्यों की गुणवत्ता खराब नोटिस जारी करने के निर्देश-डीएम

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता मे 1 करोड़ से अधिक के कार्यो की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया बैठक में जिले में चल रही 56 निर्माणाधीन योजनाओं की समीक्षा की गई ।

जिलाधिकारी ने पर्यटन विकास निगम लि0 को पांचाल घाट पर बन रहे घाट पर से मलवा हटाने व एजिंग में लगने बाली ईट की गुडवत्ता सही रखने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण को ढिलावल व सिरौली पेयजल परियोजना के निर्माण की धीमी गति पर नाराजगी जताई यू0पी0सी0एल0डी0एफ0 द्वारा कराये जा रहे कार्यो की गुडवत्ता सही न पाये जाने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गए यू0पी0सिडको के कार्यो की गति धीमी होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई सी0एंड डी0एस0 को ट्रांजिट हॉस्टल पुलिस लाइन की वाउंड्रीबल तत्काल बनबाने के लिये निर्देशित किया ।जिलाधिकारी ने पूर्ण हो चुके कार्यो को नियमानुसार हैंडओवर की कार्यवाही कराने के निर्देश दिये गये।

उन्होंने निर्देशित किया कि निर्माण कार्यो में मानक व गुडवत्ता का विशेष ख्याल रखा जाये व सभी कार्यो को ससमय पूर्ण किया जाये सभी अभियंता अपने प्रोजेक्ट का नियमित निरीक्षण करे व कोई भी समस्या होने पर अवगत कराएं बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्र जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी परियोजना निदेशक डीआरडीए कपिल कुमार समेत जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे




## जिले में वन विभाग 16 लाख पौधे लगवाएगा

स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रुखाबाद। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समितिए जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभगार फ्तेहगढ़ में आयोजित की गई।

बैठक में डी0एफ0ओ0 ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025.26 में जनपद में 370940 पौधे रोपने का लक्ष्य प्राप्त हुआ हैएजिसे जनपद में 27 विभागों द्वारा लगाया जायेगा।वन विभाग 16 लाख पौधे लगायेगा सभी विभागों की कार्ययोजना प्राप्त हो गई है जुलाई के प्रथम सप्ताह में बृक्षारोपण किया जाना हैएराजस्व विभाग व गृह विभाग द्वारा अभी तक गड्ढे खुदाई की रिपोर्ट उपलब्ध नही कराई है।नगरीय क्षेत्र के अंदर ऑक्सी बन बनाये जाएंगे जिससे पर्यावरण में सुधार हो सकेए ग्राम पंचायत स्तर पर ग्रीन चौपाल का गठन किया जायेगा बृक्षारोपण इलेक्शन मोड़ पर होगा वृक्षारोपण को जन आंदोलन बनाने के लिये इसका व्यापक प्रचार प्रसार किया जायेगाजिला गंगा समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि वृक्षारोपण की सभी तैयारियां जल्द से जल्द पूर्ण कर ली जाये बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डी0एफ0ओ0 अपर जिलाधिकारी न्यायिक पी0डी0 डी आर डी ए डी डी ओ व संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## महिला को बचाने में फिसली बाइक युवक की मौत

फर्रुखाबाद। अमृतपुर थाना क्षेत्र में बुधवार को दोपहर रोड पर हरसिंहपुर गांव के सामने एक महिला को बचाते समय करनपुर दत्त गांव निवासी 19 वर्षीय गोविंद पुत्र अवधेश बाइक से फिसल कर दूर जा गिरा जिससे उसके सर में गंभीर चोटें आई और वह घटना स्थल पर ही बेहोश होकर गिर गया ।

राहगीरों ने मौके पर पहुंचकर एंबुलेंस बुलाई और उसे तत्काल डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल भेजा गया यहां अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया युवक ने हेलमेट का प्रयोग नहीं किया था अन्यथा उसके सर में चोट नहीं लगती तेज रफ्तार वाहनों के आवागमन को लेकर जरियनपुर राजेपुर मार्ग पर मौतों का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। कभी किसी बडे वाहन से टकरा कर तो कभी बाइकों की आमने.सामने भिड़ंत जैसी घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है गोविंद पांच भाई बहनों में अविवाहित मृतक तीसरे नंबर का था।

# राजकीय कृषि बीज केंद्र पर किसानों की भीड़ ढेंचा तथा धान के बीज खत्म

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** कमालगंज की गल्ला मंडी स्थित राजकीय कृषि बीज केंद्र पर हर वर्ष दर्जनों फसलों के नवीन बीज सरकार की तरफ से किसानों के लिए अनुदान पर आते हैं जिन्हें बीज केंद्र पर तैनात कर्मचारी ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के अनुसार वितरित करते हैं वर्ष 2025 में वितरित करने के लिए बीज केंद्र पर ढेंचा धान तिल बाजरा ज्वार मक्का आदि फसलो के बीज आए थे जिनमें से ढेंचा तथा धान के बीज जल्दी खत्म हो गए तथा अन्य फसलों के बीजों का वितरण चालू है

केंद्र प्रभारी संजीव कुमार राजपूत ने बताया जिन किसानों के खातों में किसान सम्मन निधि की दस क़िस्त आ चुकी है उन्हें बीज वितरित किए जा रहे हैं तथा सभी बीजों पर 50 प्रतिशत अनुदान किसान के खाते में सरकार द्वारा दिया जाएगा मूल्य के हिसाब से तिल 190 किलो उर्द 73 रुपए किलो बाजरा 66 रुपए किलो ज्वार 72 रुपए किलो मक्का 255 रुपए किलो धान 64 रुपए किलो के हिसाब से केंद्र पर उपलब्ध है

केंद्र प्रभारी ने बताया कि अभी मूंग के बीज की पोर्टल पर फीडिंग नहीं हुई अति शीघ्र फीडिंग होने के बाद मूंग का वितरण भी शुरू कर दिया जाएगा केंद्र पर मौजूद किसान समर सिंह सुभाष चंद्र अशोक कुमार पवन कुमार आदि ने बताया कि मक्का की फसल की कटाई के बाद किसान हरी खाद के रूप में खेतों में ढेचा तिल मूंग और उड़द की बुवाई करता है जिसमें अधिकांश किसान ढैंचा की बुवाई करते हैं जिसका बीज पहले ही समाप्त हो चुका है किसानों का मानना है कि उन्हें अब बाजार से ऊंचे भाव में ढेंचा का बीज खरीदना पड़ेगा



## खबर एक नज़र

### विद्युत विभाग की टीम पर हमला दो पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद।** अमृतपुर थाना क्षेत्र के नगला हूसा गांव में बिजली विभाग की वसूली टीम पर उस वक्त जानलेवा हमला हो गयाए जब टीम बकायेदार उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने गई थी। घटना के दौरान दो उपभोक्ताओं विनय कुमार सिंह पुत्र प्रमोद सिंह और अनुराग पुत्र पुत्तु सिंह ने विभागीय कर्मचारियों के साथ लाठी.डंडों से मारपीट की। यही नहीं हमला करते हुए उन्होंने खुलेआम जान से मारने की धमकी भी दी। प्रभारी अवर अभियंता शिवम तिवारी ने मारपीट करने वाले दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है घटना की तहरीर विद्युत विभाग के प्रभारी अवर अभियंता शिवम तिवारी ने थाने में दी गई। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा नियमानुसार गांव में बिजली बकाया की वसूली हेतु कैंप लगाया गया था जिसमें बकाया भुगतान न करने वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे जा रहे थे। इस दौरान जब विनय सिंह और अनुराग के कनेक्शन काटे जाने की कार्रवाई हुई तो दोनों ने विभाग की टीम पर हमला बोल दिया।हमले में विभाग के दो कर्मचारी कुलदीप कुमार पुत्र ओमपालधर्मवीर पुत्र गयादीनको गंभीर चोटें आई हैं। दोनों पर लाठी.डंडों से प्रहार किया गया जिसके निशान स्पष्ट हैं। इसके अलावा हमलावरों ने धमकी दी कि अगर गांव में दोबारा आये तो जान से मार देंगे।पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है तथा आरोपियों को पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है

### डीआईजी ने एसपी के साथ किया पुलिस प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण



**स्वतंत्र भारत संवाददाता फर्रुखाबाद।** कानपुर रेंज के डीआईजी हरीश चन्दर ने एसपी आरती सिंह के साथ बुधवार को फ्तेहगढ़ पुलिस लाइन स्थित जेटीसी आरटीसी प्रशिक्षण केंद्र का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं आवासीय सुविधा एवं मूलभूत ढांचे का गहन जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने प्रशिक्षण कक्षों होस्टल भोजनालय स्नानागार शौचालय आदि स्थानों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं की गुणवत्ता परखीं। प्रशिक्षुओं को मिलने वाली सुविधाओं की समीक्षा करते हुए डीआईजी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसपी आरती सिंह ने कहा कि बेहतर पुलिसिंग के लिए सुदृढ़ प्रशिक्षण सबसे जरूरी है और इसके लिए आवश्यक है कि प्रशिक्षुओं को हर संभव सुविधा और अनुशासित माहौल मिले ।निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण की गुणवत्ता बढ़ाने साफसफाई बनाए रखने तथा भोजन व आवास व्यवस्था को मानक स्तर पर सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। डीआईजी हरीश चन्दर ने यह भी कहा कि समय.समय पर इस प्रकार के निरीक्षण जारी रहेंगे जिससे प्रशिक्षण में पारदर्शिता व अनुशासन बना रहे।

### बिना भेदभाव के सबको मिली नौकरियां.-हरिकिशोरी

**इटावा।** नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री कार्यकाल का 11 वर्ष अद्भुत और सफ्लतम पूर्ण होने पर भव्य आयोजन कुनेरा डूंगरी में सौरभ तिवारी सेक्टर संयोजक के संयोजकत्व में सैकड़ों ग्राम वासियों के बीच अपनी और उनकी बात के तहत संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि इंजीनियर हरिकिशोर तिवारी ने सुशासनए विदेश नीतिए ऑनलाइन भुगतान से आरामए नौकरियो में पारदर्शिताए बिना जात.पात देखें सबको शिक्षाए सबको शौचालयए घर घर सिलेंडरए सबको स्वास्थ्यए व्यवस्था पर प्रकाश डालते हुए इन 11 वर्षो को अद्वितीय बताया।

जहां तक संविधान को बदल देने की बात चुनाव में विरोधियों द्वारा उठाई जाती है उनसे पूछा जाए की एक ही देश में जम्मू कश्मीर और बाकी प्रदेशों में अलग.अलग संविधान चलाए जा रहे थे भारतीय जनता पार्टी सरकार ने जम्मू कश्मीर में भी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी का संविधान ही लागू कर दिया जो पिछ्ली सरकारे 70 साल में भी लागू नहीं कर पाए । यह एक बड़ा महत्वपूर्ण कार्य किया गया। संविधान ना कभी बदला है न कभी बदलेगा सिर्फ चुनाव में भ्रांतियां पैदा कर वोटों को हड़पने जैसा प्रयास भारतीय जनता पार्टी नहीं करती है वह काम करके दिखाती हैए वह अपना पराया नहीं करती हैए वह परिवार बाद नहीं करती हैए उसके यहां एक से एक लीडरशिप दशकों से चली आ रही है जो बहुत ही योग्य है और उनको ही योग्यता के आधार पर सत्ता सौंपी जाती है। पूरे देश में ऐसे कई राज्य है जहां पर तीन या चार बार से अधिक सरकार है भारतीय जनता पार्टी की बन रही है वे सभी जनता द्वारा प्यार देने के कारण ही बन रही हैं। कार्यक्रम में अतुल तिवारीए नीरज मिश्राए आशीष तिवारीए राजा अवस्थी;बूथ अध्यक्षए बृजेश तिवारीए सोनू यादवए विवेक तिवारी उपस्थित हुए।

### शिवपाल यादव का बीजेपी सरकार पर हमला

**इटावा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने केंद्र और प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि देश और प्रदेश में केवल झूठए दिखावा और भेदभाव की राजनीति चल रही है। वे बुधवार को इटावा शहर में एक निजी पेट्रोल पंप के उद्घाटन समारोह में शामिल होने आए थे। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि ईरान.इजरायल युद्ध में फंसे भारतीयों को सुरक्षित लाना केंद्र सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी हैए लेकिन सरकार की निष्क्रियता चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थितियों में सरकार को तुरंत और प्रभावी कदम उठाने चाहिए। कौशांबी में सपा नेताओं को रोके जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं बची है। सत्ता के संरक्षण में अन्याय और भेदभाव का खुला खेल चल रहा है। उन्होंने कहा कि यह सरकार पूरी तरह से जनता का भरोसा खो चुकी है और अब ज्यादा दिन चलने वाली नहीं है। शिवपाल यादव ने आरोप लगाया कि सरकार हर बड़ी घटना को छिपाने का प्रयास करती है ताकि विपक्ष और जनता को सच न पता चले। कौशांबी की घटना भी इसी का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता लगातार गांव.गांव जाकर जनता से संपर्क कर रहे हैं और समय आने पर पार्टी बड़े पैमाने पर जनआंदोलन करेगी। मोदी सरकार के 11 साल के कार्यकाल पर तंज कसते हुए उन्होंने कहाए उत्तर प्रदेश में 11 साल में एक भी ऐसा बड़ा काम नहीं दिखताए जो जनता को राहत दे। सिर्फ उत्पीड़नए बेईमानी और भ्रष्टाचार देखने को मिला है।

### विदाई से भावुक हो गए प्रभारी अग्निशमन अधिकारी

**इटावा।** प्रभारी अग्निशमन अधिकारी फायर विभाग सनद पटेल अग्निशमन अधिकारी फायर विभाग का स्थानांतरण जनपद संभल होने पर अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा ने उनका फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। पुरबिया टोला स्थित सांई टैंट हाउस में सनद पटेल के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। महासभा के पदाधिकारियों व कुर्मी समाज के लोगों ने उनका जोशीला स्वागत किया। महासभा से मिले सम्मान से भावुक होकर प्रभारी अग्नि शमन अधिकारी ने कहा कि मुझे इटावा में आने के कुछ समय बाद से जो स्नेह व प्यार मिला है। वह उसे कभी भूल नहीं पाएंगे। अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा से जिस तरह का दुलार और प्यार मिला हैए उससे यही लगता है जैसे सभी हमारे परिवार के सदस्य हैं। संचालन प्रवक्ता योगेश वर्मा ने किया। विदाई समारोह में महासभा के पूर्व उपाध्यक्ष राजेश कुमार वर्माए विजय शंकर वर्माए महासभा के अध्यक्ष अरुण कुमार वर्माए उपाध्यक्ष डॉण् ज्योति वर्माए रमेश कुमार चौधरीए करन सिंहए ओमनाथ वर्माए राजकुमार वर्मा जेईए विक्की वर्माए मुनिराज वर्माए तेज सिंह वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# हर हफ्ते दो दिन खेतों में किसानों के साथ गुजारेंगे शिवराज

## सीख और सबक के लिए विकसित कृषि संकल्प अभियान को शिवराज ने किया आगे भी जारी रखने का ऐलान



**नई दिल्ली, ब्यूरो।** कृषि क्षेत्र को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने के मकसद से आरंभ की गई विकसित कृषि संकल्प यात्रा के पहले चरण की समाप्ति के बाद हासिल परिणामों से संतुष्ट होकर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस अभियान को आगे भी जारी रखने का ऐलान किया है। इस अभियान के तहत बीते 19 मई से 12 जून के बीच वैज्ञानिकों, अधिकारियों व कृषि विशेषज्ञों की 2170 टीमों ने देशभर में 1.42 लाख से अधिक गांवों में पहुंचकर 1.34 करोड़ से ज्यादा किसानों से सीधा संवाद किया जिससे जमीनी स्तर पर मौजूद समस्याओं के बारे में विस्तार से पता चला है। अब इन परिणामों का अध्ययन एवं विश्लेषण कर ऐसी नीतियां और योजनाएं बनाई जाएंगी जिसकी वास्तव में किसानों को जरूरत है। खास तौर से इस अभियान के दौरान यह बात उभर कर आई कि अपेक्षित मानक एवं गुणवत्ता के बीज और कीटनाशक की उपलब्धता में किसानों को परेशानी हो रही है। शिवराज ने इस समस्या से किसानों को निजात दिलाने का संकल्प लेते हुए ऐलान किया है कि शीघ्र ही सीड एक्ट को और कड़ा बनाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। साथ ही उन्होंने कृषि क्षेत्र में ज्ञान, विज्ञान और अनुसंधान के बीच की दूरियों को पाटने के लिए देश के हर जिले में कृषि विज्ञान केंद्र यानी केवीके को खेती से जुड़े सभी हितधारकों की नोडल एजेंसी के तौर पर सक्रिय करने का ऐलान करते हुए कहा कि वह खुद सप्ताह में दो दिन खेतों में किसानों के साथ बिताएंगे जबकि केवीके के वैज्ञानिक अनिवार्य रूप से सप्ताह में तीन दिन खेतों में किसानों के बीच जाएंगे।

विकसित कृषि संकल्प अभियान का पहला चरण समाप्त होने के बाद इसके बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए शिवराज ने उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा कि कृषि के क्षेत्र में काम तो बहुत हो रहा है लेकिन उसमें तालमेल और तारतम्यता का अभाव होने के कारण जमीनी स्तर पर उसका पूरा लाभ नहीं मिल पाता था। मिसाल के तौर पर किसान अपने तरीके से खेती करते हैं, वैज्ञानिक अपने मनचाहे विषय पर शोध और अनुसंधान करते हैं, संस्थाएं और विभाग अपने हिसाब से नीति, नियम एवं योजनाएं बनाते हैं और इसी तरह तमाम हितधारक अपनी दिशा में अलग ही चलते दिखाई पड़ते हैं। ऐसे में इन सबको एक सूत्र में जोड़ने और 'वन नेशन-वन एग्रीकल्चर-वन टीम' का रूप देकर कृषि क्षेत्र को समृद्ध बनाने के मकसद से ही विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरुआत की गई है। इसमें सबको एक साथ मिलकर काम करना है और एक दूसरे की समस्याएं सुलझाने के साथ ही एक दूसरे का पूरक बनना है। इसके लिए खेतों में जाकर काम करने का जो अभियान हाथ लिया गया उसका ही नतीजा है कि किसानों की वास्तविक समस्याएं उभर कर सामने आई हैं और योजनाओं, नीतियों और अनुसंधानों को सीधे खेत और किसानों तक पहुंचाने में कामयाबी मिली है। शिवराज ने बताया कि आने वाले रबी सीजन में भी यह अभियान जारी रहेगा जिसमें केवल केन्द्र नहीं बल्कि राज्य सरकार और स्थानीय प्रतिनिधि भी जुड़ेंगे।

# दहेज के लिए विवाहिता की हत्या कर फांसी की फंदे पर लटकाया, पति के विरुद्ध मुकदमा

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मुड़पेली गांव में मंगलवार की रात्रि में दहेज को लेकर विवाहिता की हत्या कर फांसी के फंदे पर लटका दिया गया। सूचना पर मौके पर पहुँचे विवाहिता के मायका पक्ष के लोगो ने पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने विवाहिता के शव को कब्जे में लेकर विवाहिता की माँ की तहरीर पर विवाहिता के पति के विरुद्ध देहज मांग को लेकर विवाहिता की हत्या करने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने विवाहिता के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लालगंज थाना क्षेत्र के भिटहा गांव निवासी फूलवंती ने तहरीर देकर बताया है की पुत्री 25 वर्षीय संगीता की शादी मुड़पेली गांव निवासी कैलाश धरकार के साथ किया था। शादी के बाद से ही पुत्री को दहेज की मांग को लेकर पति कैलाश द्वारा प्रताड़ित कर रहे थे। मंगलवार की रात्रि में पुत्री को फांसी के फंदे पर हत्या कर लटका कर हत्या कर दिया जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवाहिता के शव को नायब तहसीलदार राजू यादव के देखरेख में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। विवाहिता को दो पुत्र है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया की विवाहिता की माँ की तहरीर पर विवाहिता के पति के विरुद्ध दहेज के लिए प्रताड़ित कर फांसी के फंदे पर लटका कर हत्या करने का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

## महिला ने जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर गाली गलौज देने का लगाया आरोप

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के देवरी पिपरा गांव निवासी दिलसिया ने बुधवार को थाने में तहरीर देकर मडहा उजाड़ने व मना करने पर जाति शूचक शब्दों का प्रयोग कर गाली गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

पुलिस मामले की जांच में जुटी। दिए गए तहरीर में बताया है की 16 जून की रात्रि 8 बजे विपक्षी क्यूम अंसारी, कुदस, समद, तौहीद निवासी मनिगढ़ा व कुछ अज्ञात लोगो के साथ दुकान पर आकर मेरा मडहा उजाड़ने लगे की मना करने पर जाति शूचक शब्दो का प्रयोग करते हुए गाली गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी दिया है।

बोले की कही शिकायत करोगी तो पुरे परिवार को जान से मार दूंगा। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## किशोरी के साथ युवक ने दुष्कर्म का किया प्रयास, जान से मारने के लिए गला दबाया

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी मंगलवार की रात्रि में लगभग 10.30 बजे घर से कुछ दूर पर स्थित शौचालय में शौच के लिए गई किशोरी के साथ पहले से ही घात लगाकर बैठे उसके गांव के एक युवक द्वारा किशोरी को दबोज कर जोर जबरदस्ती कर के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया।

किशोरी के शोर मचाने पर युवक ने किशोरी को मारपीट कर किशोरी का गला दबाकर हत्या करने का प्रयास किया और मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुँचे किशोरी के परिजनों ने घटना कि सूचना पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने किशोरी को एम्बुलेंस सेवा वाहन से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भिजवाया जंहा पर किशोरी का उपचार किया गया है। सुबह से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुँचे प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह व एसआई अच्छे लाल यादव ने किशोरी को उसके परिजनों के साथ थाने पर लाकर किशोरी से घटना कि जानकारी लेते हुए कार्रवाई करने में जुट गई है। किशोरी को महिला कांस्टेबल सलोनी दिवाकर के साथ मेडिकल परीक्षण के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।


इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि शौच के लिए गई किशोरी के साथ उसके ही गांव का युवक दुष्कर्म करने का प्रयास किया।

सफ्ल नहीं होने पर किशोरी को मारपीट कर गला दबाने का प्रयास करने कि सूचना मिलने पर किशोरी से घटना कि जानकारी लेने के बाद किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए महिला कांस्टेबल के साथ जिला मुख्यालय के लिए भेज दिया गया है।

# मित्रों के साथ गंगा में नहाते समय लापता दोनों छात्रों का शव उतराता मिला

**नरायनपुर (मिर्जापुर)।** अदलहाट थानाक्षेत्र के ग्राम शेरपुर के सामनेगंगा घाट पर स्नान करतेसमय लापता दोनों छात्रों काशव चौबीस घंटे के बाद नरायनपुर पंप कैनाल के पास उतराया मिला।शव मिलनेकी खबर लगते ही पुलिस चौकी नरायनपुर मेंभारीभीड़ जुट गई। शव ढूंढनेमेंप्रशासन की लापरवाही को लेकर ग्रामीणों नेआक्रोश जताया। जुबेर ने बताया कि दोनों छात्र तैरना नहीं जानते थे। कमर तक के पानी में पैर फिसलने के बाद घबड़ाहट में दोनों डूब गए थे। मंगलवार को ग्राम कोलउंद के 12 युवक गंगा में नहाने गए थे। इस बीच गंगा मेंतीन छात्र डूबने लगे। एक को ग्रामीणों नेसाड़ी के सहारेबचा लिया था।जबकि दो युवक 17 वर्षीय अर्शलान व 16 वर्षीय कैफ16 वर्ष लगभग ग्यारह बजेगंगा मेंडूब गयेथे। गांव के लोग अपनेस्तर सेछात्रों को ढूंढने का असफ्ल प्रयास भी किया। दुर्घटना के पांच घंटे बाद तक प्रशासन मूक दर्शक बना रहा। बाद में नाव मंगाकर ढूंढने की औपचारिकता पूरी कर चले गये। काफी विलम्ब सेपहुंची एनडीआरएफ की टीम मंगलवार को बिना प्रयास किये ही बैरंग वापस लौट गई । बुधवार को लगभग ग्यारह बजेघटना स्थल पर पहुंची एनडीआरएफकी टीम गांव के लोगों को साथ लेकर लापताछात्रों की तलाश मेंजुटी। घटनास्थल सेचार किलोमीटर दूर पंप कैनाल नरायनपुर के कुछ दूरी पर दोनों शव उतराया हुआ मिला। मृतक अर्शलान अपनेपिता का इकलौता जबकि कैफ पांच भाईयों में चौथे नम्बर पर था। नरायनपुर पुलिस को शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# बिजली कटौती के विरोध में आप कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन



**मिर्जापुर।** उत्तर प्रदेश में बदहाल विद्युत व्यवस्था और घंटों पॉवर कट को लेकर बुधवार को आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन दर्ज किया। प्रदर्शन का नेतृत्व पार्टी के प्रदेश सचिव एवं जिला प्रभारी सोनभद्र सुनील कुमार पांडेय एडवोकेट ने किया। इस दौरान हुई सभा में उन्होंने कहा कि प्रदेश में बिजली महंगी हो रही है। बिजली कीकटौती की मार झेल रही प्रदेश की जनता की कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। जनपद के ग्रामीण इलाकों में 10 से 12 घंटेतक बिजली की कटौती की जा रही है। जिसके चलते आम आदमी को अपने दैनिक जीवन में कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रोफेसरबी सिंह नेकहा कि किसानों को भी बिजली कटौती के कारण अपनी फ्सलों की सिंचाई करनेमेंपरेशानी हो रही है जिससे उनकी फसलें खराब हो रही है। सरकार इस समस्या से निपटने के बजाए लगातार बिजली की दरों में वृद्धि के काम में लगी हुई है। जिला महासचिव संतोष कुमार पांडेय, महिला विंग की जिलाध्यक्ष मीरा देवी पटेल ने आरोप बिजली विभाग की विजिलेंस टीम द्वारा गरीबजनता का शोषण किया जा रहा है। प्रदर्शन के बाद राजयपाल को संबोधित 6 सूत्री मांग पत्र जिलाधिकारी को सौंप कर तत्काल कार्रवाई की मांग किया। प्रदर्शन के दौरान राजबहादुर मौर्य, संतोष सोनी, राजन जायसवाल, भोलानाथ, कैलाश नाथ भारतीय,राधेश्याम भारती, जीत नारायण भारती, विंध्यवासिनी, बिंद्रा, संतोष यादव, नसीम खान, उदय कुमार, महेश कुमार सोनकर, मोनूसोनकर, गुलाबचंद सोनकर, संतोष विश्वकर्मा, रामराज जायसवाल, भारत भूषण यादव, महेश पांडेय आदि रहे।

## आकाशीय बिजली ने बरपाया कहर, एक दर्जन लोग अचेत, तीन भैंसों की मौत

**हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया थाना क्षेत्र के मतवार चौकी अंतर्गत मंगलवार की शाम तेज तड़तड़ाहट के साथ आकाशीय बिजली पड़ने से अलग अलग गांवों में तीन दुधारू जानवर भैंस की मौत सहित 10 लोग अचेत रामपुर नौडिहा निवासी श्यामा पाल की दो भैंस की मौत उमाकांत पाल का 10 वर्षीय पुत्र प्रज्ञान पाल अचेत वही बेलाही गांव निवासी रामबदन पाल के भैंस की मौत वही मझिगवां गांव निवासी सावित्री गुप्ता उसके दो पुत्र सुग्रीव व सूरज अचेत वही मतवार गांव के श्री तिवारी की दो पुत्र रागिनी व रिचा अचेत वही मतवार गांव के सरैहवा मुहल्ला निवासी बनबसिया कोल व रन्नू देवी अचेत वही भटवारी गांव निवासी सुरेश प्रसाद मौर्य का 16 वर्षीय पुत्र अनुराग मतवारिया गांव निवासी झल्लर मौर्य कैंसर से पीड़ित है। उनकी पत्नी नेवासी देवी 56 वर्षीय व 23 वर्षीय पुत्र छोटू उर्फ अवधेश और छोटे लाल हरिजन की पत्नी प्रमिला देवी 27 वर्षीय आकाशीय बिजली से अचेत हो गई।

इनका इलाज हलिया हॉस्पिटल पर जबकि अन्य का अलग अलग जगहों पर उपचार चल रहा है। हालत सामान्य इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया कि आकाशीय बिजली की चपेट में आकर दर्जनों लोग उपचार के लिए आए थे। उपचार के बाद सभी की हालत सामान्य होने पर डिस्चार्ज कर दिया गया है।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में चिकित्सक तथा एम्बुलेंस तैनाती के लिए प्रधानमंत्री को पत्र

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत मतवार के क्षेत्र पंचायत सदस्य राहुल प्रताप सिंह ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पत्र भेजकर नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में चिकित्सक तैनात करने तथा एम्बुलेंस सेवा तैनाती स्थल केंद्र पर अनवरत तैनात कराये जाने की मांग किया है। पत्र में बताया है की नक्सल प्रभावित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार के स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सको की तैनाती की जाय तथा चिकित्सक तैनाती स्थल पर उपस्थित रहे तथा एम्बुलेंस सेवा भी 24, घंटे उपलब्ध रहे जिससे की क्षेत्रवासियों को 24 घंटे स्वास्थ्य चिकित्सा सेवा मुहैया हो सके। वर्तमान समय में चार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार मे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर वर्तमान में तैनात चिकित्सक कामेश्वर तिवारी कभी भी उपस्थित नहीं रहते है और न ही कोई दवा आदि उपलब्ध है तथा ग्राम मुड़पेली बंजारी गलरिया में तैनात कोई भी एम्बुलेंस नहीं है जिससे मरीजों को उपचार हेतु काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। चिकित्सक विहीन नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर अविलम्ब चिकित्सक की तैनाती के साथ एम्बुलेंस सेवा वाहन भी उपलब्ध कराये जाने की मांग किया है। पत्र का प्रतिलिपि मुख्यमंत्री,सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, आयुक्त, जिलाधिकारी को भेजा है।

## जनपद में 20 जून से प्रारम्भ होगा खाद्यान्न का वितरण

**स्वतंत्र भारत बहराइच ।** जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त अन्त्योदय अन्न योजना तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को माह जून 2025 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत नियमित वितरण का कार्य 20 जून से 10 जुलाई 2025 तक होगा।

अन्त्योदय अन्न योजना के कार्डधारकों को प्रति राशन कार्ड 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न (21 कि.ग्रा. चावल 14 कि.ग्रा. गेहूँ) तथा पात्र गृहस्थी योजना कार्डधारकों को प्रति यूनिट 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न (03 कि.ग्रा. चावल तथा 02 कि.ग्रा. गेहूँ) का वितरण निःशुल्क किया जायेगा। इसके अतिरिक्त अन्त्योदय राशन कार्डधारकों को त्रैमास अप्रैल, मई व जून 2025 हेतु आवंटित चीनी का वितरण 03 किग्रा. चीनी प्रति कार्ड रू. 18 प्रति किग्रा की दर से (अर्थात रू. 54 में 03 किग्रा.) वितरण किया जायेगा। डीएसओ ने बताया कि वितरण की अन्तिम तिथि 10 जुलाई 2025 को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुएं प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं को मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जायेगा।

समस्त उचित दर विक्रेताओं को सचेत किया गया है कि वितरण अवधि में निर्धारित चौहद्दी में ही कार्डधारकों से ई-पास मशीन पर अंगूठा लगवाकर तत्समय ही लाभार्थी को मानक के अनुसार खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित करें।

यदि किसी विक्रेता के विरूद्ध अनियमितता की शिकायत प्राप्त होती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।


**अदालती सूचना**

न्यायालय अपर जिलाधिकारी सप्लाई मण्डल कानपुर जनपद तहसील
वाद सं. 9749/2024
कम्प्यूटरीकृत वाद सं. डी202403410009749
अरूण कुमार बनाम सचिन कुमार आदि
अन्तर्गत धारा 21(2) अधिनियम उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021
1. अरूण कुमार उम्र 47 वर्ष बालिग पुत्र स्व. मुन्ना लाल निवासी म.नं. जे–401, केशवपुरम योजनासं.–1 कल्यानपुर कानपुर नगर मो.नं. 9721182000
...आवेदक/भवन स्वामी
बनाम– 1. सचिन कुमार 2. सौरभ 3. संदीप सभी बालिग पुत्रगण स्व. धर्मेन्द्र निवासीगण म.नं. 78/109, फूलवाली गली अनवरगंज कानपुर नगर मो.नं. 7992057809
..प्रतिवादीगण/किरायेदार
4. राम औतार बालिग पुत्र स्व. मुन्ना लाल नि.म.नं. जे–401 केशवपुरम योजना सं.–1 कल्यानपुर कानपुर नगर पता बेरिसा नजीरपुर मल्लावा राधोपुर सीसला (4) हरदोई उ.प्र. ... प्रतिवादी/प्रोफार्मा पक्षकार/सहस्वामी
वाद अन्तर्गत धारा 21(2)(ख)(ड) एवं धारा–10 उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम सं. 16 सन् 2021 थाना अनवरगंज कानपुर नगर
हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 11.07.2025 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 17.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.–585/K-CN



**कानपुर विकास प्राधिकरण**
का०वि०प्रा०

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि क्वार्टर संख्या–59/15, ब्लाक–06 गोविन्द नगर कालोनी, कानपुर नगर की लीजडीड दिनांक 30.03.2007 को प्राधिकरण द्वारा श्रीमती अंजना देवी पत्नी श्री श्याम लाल द्विवेदी के पक्ष में निष्पादित की गयी थी। श्री श्याम लाल द्विवेदी पुत्र स्व0 फतेह चन्द्र द्विवेदी द्वारा प्रार्थना–पत्र के साथ स्वयं का शपथपत्र, सहमति शपथ पत्र, पहचान पत्र की छायाप्रति, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करते हुए वारिसान के आधार पर नामान्तरण किये जाने का अनुरोध किया है। प्रस्तुत किये गये मृत्यु प्रमाण पत्र के अनुसार श्रीमती अंजना देवी की मृत्यु दिनांक 08.11.2024 को हो चुकी है। कार्यालय उप जिलाधिकारी (सदर) कानपुर नगर द्वारा निर्गत पारिवारिक सदस्यता प्रमाणपत्र संख्या–20250115 26505031/पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र दिनांक 06.02.2025 के अनुसार मृतक स्व0 अंजना देवी के निम्नलिखित वारिसान हैं:–1.शाम लाल मृतका का पति उम्र 65 वर्ष 2.अमित द्विवेदी मृतका का पुत्र उम्र–39 वर्ष 3.शिवानी द्विवेदी मृतका की पुत्री (विवा0पुत्री) उम्र–38 वर्ष उपरोक्त के अतिरिक्त पारिवारिक सदस्यता प्रमाणपत्र में मृतक का अन्य कोई वारिसान नहीं बतलाया गया है। उपरोक्त क्रमांक–2 व 3 पर अंकित वारिसानों द्वारा उक्त क्वार्टर से अपने हक/अधिकार का परित्याग करते हुए क्रमांक संख्या–1 के पक्ष में नामान्तरण किये जाने हेतु सहमति शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है जिसके आधार पर उक्त क्वार्टर का नामान्तरण श्री श्याम लाल द्विवेदी पुत्र स्व0 फतेह चन्द्र द्विवेदी के पक्ष में किया जाना है। उक्त सम्पत्ति पर यदि अन्य कोई वारिसान हो, जोकि अपना हक/अधिकार रखता हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय साक्ष्यो सहित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध करा दें, निर्धारित समय सीमा के पश्चात् प्राप्त किसी भी आपत्ति पर विचार न करते हुए नियमानुसार आवेदक के पक्ष में किरायेदारी नामान्तरण सम्बंधी कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी।

तहसीलदार (किराया सम्पत्ति)

सी.आर.–585/K



**कानपुर विकास प्राधिकरण**
का०वि०प्रा०

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि क्वार्टर संख्या–59/16, ब्लाक–06 गोविन्द नगर कालोनी, कानपुर नगर की लीजडीड दिनांक 24.03.2007 को प्राधिकरण द्वारा श्रीमती अंजना देवी श्री श्याम लाल द्विवेदी के पक्ष में निष्पादित की गयी थी। श्री श्याम लाल द्विवेदी पुत्र स्व0 फतेह चन्द्र द्विवेदी द्वारा प्रार्थना–पत्र के साथ स्वयं का शपथपत्र, सहमति शपथ पत्र, पहचान पत्र की छायाप्रति, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करते हुए वारिसान के आधार पर नामान्तरण किये जाने का अनुरोध किया है। प्रस्तुत किये गये मृत्यु प्रमाण पत्र के अनुसार श्रीमती अंजना देवी की मृत्यु दिनांक 08.11.2024 को हो चुकी है। कार्यालय उप–जिलाधिकारी (सदर) कानपुर नगर द्वारा निर्गत पारिवारिक सदस्यता प्रमाणपत्र संख्या–20250115 26505031/पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र दिनांक 06.02.2025 के अनुसार मृतक स्व0 अंजना देवी के निम्नलिखित वारिसान हैं:–1.शाम लाल मृतका का पति उम्र 65 वर्ष 2.अमित द्विवेदी मृतका का पुत्र उम्र–39 वर्ष 3.शिवानी द्विवेदी मृतका की पुत्री (विवा0पुत्री) उम्र–38 वर्ष उपरोक्त के अतिरिक्त पारिवारिक सदस्यता प्रमाणपत्र में मृतक का अन्य कोई वारिसान नहीं बतलाया गया है। उपरोक्त कमांक 2 व 3 पर अंकित वारिसानों द्वारा उक्त क्वार्टर से अपने हक/अधिकार का परित्याग करते हुए कमांक संख्या–1 के पक्ष में नामान्तरण किये जाने हेतु सहमति शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है जिसके आधार पर उक्त क्वार्टर का नामान्तरण श्री श्याम लाल द्विवेदी पुत्र स्व0 फतेह चन्द्र द्विवेदी के पक्ष में किया जाना है। उक्त सम्पत्ति पर यदि अन्य कोई वारिसान हो, जोकि अपना हक/अधिकार रखता हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय साक्ष्यो सहित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध करा दें, निर्धारित समय सीमा के पश्चात् प्राप्त किसी भी आपत्ति पर विचार न करते हुए नियमानुसार आवेदक के पक्ष में किरायेदारी नामान्तरण सम्बंधी कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी।

तहसीलदार (किराया सम्पत्ति)

सी.आर.–585/K



**कार्यालय जिलाधिकारी, फतेहपुर**
**(खनिज अनुभाग)**

पत्रांक 660/खनिज/सार्वजनिक सूचना/2025–2026 दिनांक 13.06.2025

**सार्वजनिक सूचना**

मा० उच्च न्यायालय इलाहाबाद मे योजित रिट याचिका सं0–19454/2025 मेसर्स नेहा इण्टरप्राइजेज बनाम उ०प्र० राज्य व अन्य मे मा० उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा पारित आदेश दिनांक 10.06.2025 के कार्यकारी अंश निम्नवत् हैं :–

1- Heard learned counsel for the petitioner and learned Standing Counsel for the State.
2- Contention of the petitioner is that when the reserve price was Rs. 150/- and the petitioner had come up with a bid of Rs. 243/- per cubic meter, then there was no reason for canceling the tender /auction in which the petitioner had participated.
3- Learned counsel for the petitioner, therefore, submitted that the order dated 22.05.2025 be set aside.
4- Matter requires consideration.
5- Learned Standing Counsel, who appears for the respondents, prays for and is granted three weeks' time to file counter affidavit.
6- The petitioner shall have two weeks thereafter for filing rejoinder affidavit.
7- List thereafter.
8- Till the next date of listing, effect and operation of the order dated 22.05.2025 by which the earlier tenders were cancelled and the order dated 28.05.2025, by which re-tendering has been ordered, shall remain stayed.

अतः उपरोक्तानुसार मा० उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक 10.06.2025 के अनुपालन में कार्यालय विज्ञप्ति सं0–579/खनिज/ई–निविदा/2025–26 दिनांक 28.05.2025 के क्रमांक–1 पर विज्ञापित क्षेत्र ग्राम रानीपुर बालू/मोरम खण्ड सं0–आर–2 को मा० उच्च न्यायालय इलाहाबाद के अग्रिम आदेश तक उक्त विज्ञप्ति से पृथक किया जाता है। उक्त विज्ञप्ति के क्रमांक 2 व 3 पर विज्ञापित क्षेत्र ग्राम सलेमपुर बालू/मोरम खण्ड सं0–एसपी0–1 व 2 एवं ग्राम ओती के बालू/मोरम खण्ड सं0–ओती कम्पोजिट हेतु निर्धारित ई–निविदा प्रक्रिया यथावत् रहेगी।

जिलाधिकारी, फतेहपुर।

उ0प्र0 235072 दिनांक- 18.06.2025
Web.: www.upidadv.gov.in



**उत्तर मध्य रेलवे**

निविदा सूचना सं0-3420252026 — दिनांक - 17.06.2025

**ई-निविदा सूचना**

मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिये दो-पैकेट प्रणाली द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर ई-निविदा, दिनांक 11.07.2025 13:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है:-

| | |
|---|---|
| निविदा नं. : 113 | अनुमानित मूल्य (रू.) : 10,39,92,000.00 |
| कार्य का विवरण : सहायक मंडल अभियंता/उत्तर मध्य रेलवे/फतेहपुर के अधीन पारीछा (पी0आई0सी0) डिपो में 65 मि0मि0 गेज की रेलवे विशिष्टता आई0एस0/आर0डी0एस0ओ0-जी0ई0/0001:2023 - फरवरी-2023 के अनुसार मशीन द्वारा तोड़ी गई 1,50,000 क्यू0 मी0 ट्रैक बैलास्ट की आपूर्ति, स्टैकिंग तथा मशीनीकृत लोडिंग का कार्य। | |
| बयाने की रकम (रू.) : 6,70,000.00 | कार्य समापन की अवधि : 12 (बारह) माह |
| निविदा खुलने की तिथि : 11.07.2025 | |
| सिमिलर वर्क के लिये न्यूनतम वांछनीय आधार : मशीन द्वारा तोड़ा गया स्टोन बैलास्ट/मशीन द्वारा तोड़ा गया कोर्स स्टोन एग्रीगेट की आपूर्ति का कार्य। | |

नोट :-1- निविदाकारों को अपने निविदा प्रपत्र के साथ निम्नलिखित टेस्ट रिपोर्ट देना होगा, जो किसी मान्यता प्राप्त राजकीय प्रतिष्ठान/संस्थान, जिनकी सूची निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है, के द्वारा निर्गत होना चाहिये, अन्यथा उनकी निविदा अविचारणीय होगी। (i) साइज ग्रेडेशन टेस्ट, (ii) एब्रेशन वैल्यू टेस्ट, (iii) इम्पैक्ट वैल्यू टेस्ट, (iv) वाटर एबजार्पशन टेस्ट

नोटः- 2- 1. ई निविदा प्रपत्र सभी निविदादाताओं को निःशुल्क निर्गत किये जायेंगे। 2. उपर्युक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित वेबसाइट www.ireps.gov.in पर समय 13.30 बजे तक निविदा खुलने की निर्धारित तिथि 11.07. 2025 तक उपलब्ध है। 3. निविदा प्रस्ताव दो पैकेट प्रणाली के माध्यम से ऑनलाइन स्वीकार किया जाएगा (i) टेक्निकल बिड (ii) फाइनेन्सियल बिड। 4. उपर्युक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप से बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको I.T. Act-2000 के अर्न्तगत C.C.A. द्वारा जारी डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 5. निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेन्सियल रेट पेज पर ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म/लेटरहेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। 6. निविदादाता अपनी निविदा के साथ निर्धारित प्रोफार्मा पर एक प्रमाण-पत्र जैसा निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है, प्रस्तुत करेंगे, जिसके अभाव में उनकी निविदा अविचारणीय होगी तथा निरस्त कर दी जायेगी। 7. माल एवं/अथवा सेवाओं के सप्लायर/ठेकेदार समय-समय पर निर्धारित जी.एस.टी. एक्ट तथा नियमों के अन्तर्गत होंगे। 8. संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिये। 9. निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइट www.ncr.indianrailways.gov.in पर भी अपलोड कर दिया गया है। 10. बयाने की राशि केवल नेटबैंकिंग अथवा गेटवे भुगतान के रूप में ही स्वीकार की जायेगी। 11. किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 12. आनलाइन निविदा निविदा खुलने की तिथि 11.07.2025 को समय 13:30 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। 13. निविदादाता को जी.सी.सी. 2022 भाग-I के पैरा 10 से 18 के अनुपालन में उल्लिखित आवश्यक दस्तावेजों को निविदा के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करना है अथवा उनकी निविदा अपूर्ण मानी जायेगी एवं तदनुसार अविचारणीय होगी। 1051/25(AS)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR



**स्वतंत्र भारत वर्गीकृत**

**सूचना**
मैंने अपने छोटे पुत्र राम जी उर्फ करन वर्मा से उसके गलत चाल चलन के चलते अपने संबंध समाप्त कर उसे बेदखल कर दिया है, अब मेरा या परिवार के शेष सदस्यों का उससे कोई वास्ता नहीं है वह स्वयं जिम्मेदार माना जाए। कैलाश नाथ सोनी पुत्र स्व. रामनरायन सोनी नि0 ग्रा0 काधी थाना डेरापुर तह सिकंदरा कानपुर देहात।(48)

सी.आर.–585/K-48

**सूचना**
मैने अपने छोटे पुत्र अवधेश कुमार यादव के गलत कार्य व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेदकर समस्त चलअचल सम्पत्ति से बेदखलकर दिया है उसके द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के कार्य व लेनदेन एवं मुकदमों से मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नही होगा। छोटे लाल यादव पुत्र भगवानदीन नि. ग्राम भटपुरवा मजरा मेहर अलीपुर थाना सजेती तहसील घाटमपुर कानपुर नगर।(50)

सी.आर.–585/K-50

**सूचना**
मैने अपने पुत्र रविसिंह व पुत्रवधू उपासना सिंह के अमर्यादित क्रियाकलापों व आचरण से आजिज आकर सम्बन्ध विच्छेदकर चलअचल सम्पत्ति से बेदखलकर दिया है उनके किसी कृत्यो व लेनदेन की जिम्मेदारी मेरी ना होगी। उमेशपाल सिंह पुत्र स्व. जनकसिंह नि. 379/ए तिवारीपुर द्वितीय हरजेन्दरनगर कानपुर नगर।(35)

सी.आर.–585/K-35

**सूचना**
मैने अपनी पुत्री शीतल सिंह पत्नी विश्वराज प्रताप सिंह से व्यक्तिगत कारणों से सम्बन्ध विच्छेदकर लिए हैं उनके द्वारा किए गए नैतिक अनैतिक कार्यो के स्वयं जिम्मेदार होंगे। सरिता सिंह पत्नी स्व. राघवेन्द्र सिंह 57/13, बी श्याम नगर कानपुर।(35)

सी.आर.–585/K-35



पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।
सम्पादक : के.के. श्रीवास्तव
फोन : 0512-2332212, 0512-2330533
E-mail : swatantrabharat77@gmail.com
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।

आरएनआई रजि नं. 50969/89 डाक पंजीयन सं. के.पी./सिटी एल.पी.पी./2/96

कानपुर, बृहस्पतिवार, 19 जून, 2025

# इजरायल के पास 10 दिनों का ही रक्षा स्टॉक!

## अब अमेरिका की एंट्री का इंतजार



**न्यूयॉर्क।** ईरान के साथ जारी भीषण मिसाइल युद्ध में इजरायल भले ही ईरान के सैन्य ढांचे को गंभीर नुकसान पहुंचाने का दावा कर रहा हो, लेकिन उसकी मिसाइल रक्षात्मक प्रणाली पर जबरदस्त दबाव बन गया है। अमेरिका की खुफिया रिपोर्टों के हवाले से वॉल स्ट्रीट जर्नल ने बताया कि इजरायल के लॉन्ग-रेंज मिसाइल इंटरसेप्टर्स की आपूर्ति तेजी से खत्म हो रही है, जिससे उसकी रक्षा क्षमताओं की स्थिरता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ईरान ने पिछले शुक्रवार से अब तक इजरायल पर करीब 400 बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं। वहीं, इजरायल के पास लगभग 10-12 दिन का ही इंटरसेप्टर स्टॉक बचा है। यदि हमले इसी गति से जारी रहे तो इजरायल की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। सिर्फ ऐरो सिस्टम का एक इंटरसेप्टर लगभग 25 करोड़ रुपये का पड़ता है। इजरायली अखबार द मार्कर ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि रातभर के मिसाइल रक्षा पर 1 अरब शेकेल यानी कि 2380 करोड़ रुपये तक खर्च हो रहा है। ऑपरेशन राइजिंग लायन की शुरुआत के बाद से इजरायल ने ईरान पर कई हवाई हमले किए। सैन्य, परमाणु और संबंधित ठिकानों को निशाना बनाया गया। वॉल स्ट्रीट जर्नल के अनुसार, इजरायल ने ईरान के तीन में से एक मिसाइल लॉन्चर को तबाह कर दिया है। हालांकि, ईरान की 2000 मिसाइलों में से आधे से अधिक अब भी उसके पास मौजूद हैं। उनमें से कई गुप्त भूमिगत ठिकानों में छिपी होने की आशंका है। इजरायल की मल्टी-लेयर मिसाइल डिफेंस सिस्टम में आयरन डोम, डेविड्स स्लिंग, ऐरो और अमेरिका से मिली पैट्रियाट और थाड शामिल हैं। ये सभी अब अत्यधिक दबाव में हैं। एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से रिपोर्ट में बताया गया कि सिस्टम पहले ही थक चुका है। जल्द ही इजरायल को यह तय करना पड़ सकता है कि कौन सी मिसाइलों को इंटरसेप्ट किया जाए और किन्हें नहीं।

# बड़ी जंग की ओर बढ़ रहा मध्य-पूर्व में टकराव

## ईरान का दावा- इजरायल पर दागी फतह-1 हाइपरसोनिक मिसाइल, आवाज से भी तेज है रफ्तार



**तेहरान।** ईरान ने अपनी सबसे खतरनाक मिसाइल 'फतह-1' को इजरायल पर दागने का दावा किया है। यह एक हाइपरसोनिक मिसाइल है, जिसका टाइटल ईरान ने 'इजरायल-स्ट्राइकर' रखा है। रिपोर्ट के अनुसार, अगर ईरान का दावा सही है तो यह पहली बार है जब इस मिसाइल का मौजूदा संघर्ष में उपयोग किया गया है। इससे पहले अक्तूबर 2024 में भी इसे यरुशलम पर दागा गया था।

विशेषज्ञों का कहना है, फतह-1 मिसाइल का इस्तेमाल या दावा, दोनों ही इस बात का संकेत हैं कि पश्चिम एशिया एक बार फिर एक बड़ी जंग की ओर बढ़ रहा है। वहीं, इजरायल ने अब तक कोई ऐसी मिसाइल सार्वजनिक रूप से पेश नहीं की है जिसे 'हाइपरसोनिक' श्रेणी में रखा जा सके। यानी ऐसी मिसाइल जिसकी गति आवाज की गति से 5 गुना ज्यादा हो और जो उड़ान के दौरान दिशा बदल सके। इस मिसाइल की गति 6,100 किलोमीटर प्रति घंटा है और उड़ान के दौरान यह दिशा बदलने में सक्षम है। इसे इंटरसेप्ट करना भी मुश्किल है। इसके अलावा फतह-1 इजरायल के आयरन डोम जैसे हवाई रक्षा तंत्रों के लिए बड़ी चुनौती है क्योंकि आयरन डोम के लिए हाइपरसोनिक मिसाइलों को रोकना कठिन कार्य है।

फतह-1 को 2023 में पहली बार सार्वजनिक किया गया था और इसका नाम खुद ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने रखा था। इसे ईरान की पहली हाइपरसोनिक मिसाइल माना जाता है, जिसकी रफ्तार, सटीकता और दुश्मन की मिसाइल डिफेंस को चकमा देने की क्षमता इसे बेहद खतरनाक बनाती है।

तेहरान में इस मिसाइल के अनावरण के समय एक विशाल बैनर लगाया गया था, जिस पर हिब्रू में लिखा था, 'तेल अवीव तक 400 सेकंड में।' इसका मतलब है कि फतह-1 इतनी तेज गति से इजरायल तक पहुंच सकता है कि उसे रोकने के लिए इजरायल के पास बहुत कम समय रहेगा। विस्फोटक विशेषज्ञ ट्रेवर बॉल बताते हैं कि यह ईरान की सबसे नई मिसाइलों में से एक है। अगर यह इस्तेमाल की गई और नाकाम रही, तो इजरायल को इसकी क्षमताओं का पूरा अंदाजा हो जाएगा। ईरान इस मिसाइल का इस्तेमाल कर 'प्रोपेगेंडा' कर सकता है, लेकिन जोखिम भी बड़ा है।

## एक नज़र

### आंध्र प्रदेश में तीन माओवादी ढेर

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीतारामाराजू जिले में बुधवार सुबह तलाशी अभियान के दौरान पुलिस से हुई मुठभेड़ में तीन माओवादी मारे गए। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, तलाशी अभियान खुफिया सूचनाओं के आधार पर चलाया गया था। पुलिस ने कहा कि मृतकों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। अल्लूरी सीतारामाराजू जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अमित बरदार ने बताया, पुलिस से हुई मुठभेड़ में तीन माओवादी मारे गए।

### ट्रंप ने तीसरी बार बढ़ाई टिकटॉक बिक्री की समयसीमा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टिकटॉक की बिक्री की समयसीमा तीसरी बार बढ़ा दी है। अब ट्रंप ने टिकटॉक को बेचने के लिए 90 दिनों की राहत दी है। व्हाइट हाउस ने बताया कि ट्रंप टिकटॉक के चीनी मालिक को एप बेचने की समयसीमा बढ़ाने के लिए इस सप्ताह एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करेंगे। इससे पहले, ट्रंप ने अप्रैल की शुरुआत में टिकटॉक को 75 और दिन चलाने की अनुमति दी थी। इस आदेश पर हस्ताक्षर करने के बाद टिकटॉक को अमेरिकी कंपनी को बेचने का सौदा टल गया था। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा, राष्ट्रपति ट्रंप नहीं चाहते हैं कि टिकटॉक बंद हो जाए। यह विस्तार 90 दिनों तक चलेगा।

### रूस की मदद को फिर आगे आया उत्तर कोरिया

**सियोल।** उत्तर कोरिया एक बार फिर रूस की मदद के लिए एक बार फिर पहल की है। उत्तर कोरिया अब रूस के कुर्स्क क्षेत्र में पुनर्निर्माण कार्यों में मदद और बारूदी सुरंग हटाने के लिए हजारों सैन्य श्रमिकों भेजेगा। इससे उत्तर कोरिया और रूस के संबंधों में मजबूती आएगी। यूक्रेन के खिलाफ जंग में उत्तर कोरिया रूस की कई बार मदद कर चुका है। रूसी समाचार एजेंसी तास के अनुसार रूसी सुरक्षा परिषद के सचिव सर्गेई शोइगु ने कहा कि उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने कुर्स्क क्षेत्र में बारूदी सुरंगों को साफ करने के लिए एक हजार सैनिक और बुनियादी ढांचे को बहाल करने के लिए पांच हजार सैन्य निर्माण श्रमिकों को भेजने का फैसला लिया है। शोइगु ने कहा कि रूसी धरती से यूक्रेन के सैनिकों को खदेड़ने के बाद हम रचनात्मक सहयोग जारी रखने पर सहमत हुए हैं।

### पाकिस्तान : बम धमाके से जाफर एक्सप्रेस डिरेल

**जैकोबाबाद।** पाकिस्तान में बुधवार को रेलवे ट्रैक के पास रखे गए बम में हुए धमाके की वजह से जाफर एक्सप्रेस ट्रेन की छह बोगियां पटरी से उतर गईं। हादसा सिंध प्रांत के जैकोबाबाद जिले में हुआ। यह अशांत प्रांत बलूचिस्तान की सीमा से लगा हुआ है। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। विस्फोट जैकोबाबाद में मवेशी बाजार के पास रेलवे ट्रैक के पास हुआ, जिससे जाफर एक्सप्रेस की छह बोगियां पटरी से उतर गईं। विस्फोट के बाद पुलिस की एक बड़ी टुकड़ी ने इलाके की घेराबंदी कर दी।

### इंडोनेशिया के ज्वालामुखी पर्वत में विस्फोट

**जकार्ता।** दक्षिण-मध्य इंडोनेशिया में माउंट लेवोटोबी लाकी-लाकी ज्वालामुखी में विस्फोट हो गया। इसके बाद आसमान में गर्म राख के विशाल गोले हवा में फैलने लगे। अधिकारियों ने खतरे के क्षेत्र को क्रेटर से 8 किमी तक बढ़ाते हुए विस्फोट की उच्चतम स्तर की चेतावनी जारी की। इंडोनेशिया की भूवैज्ञानिक एजेंसी ने कहा कि मंगलवार दोपहर को 10,000 मीटर ऊंचे घने भूरे बादल दर्ज किए गए। ज्वालामुखी पर्वत पर सामान्य दैनिक 8 से 10 गतिविधियां होती हैं, जबकि दो घंटे में 50 ज्वालामुखी गतिविधियां दर्ज की गईं। इसके बाद राख का मशरूम आकार का बादल 90 से 150 किलोमीटर दूर शहरों से दिखाई दिया। अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है।

### पीएम मोदी के बिहार दौरे पर तेजस्वी ने कसा तंज

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक नेता अपने प्रचार अभियान को तेज़ कर रहे हैं, और आगामी चुनावों में अपनी मज़बूत स्थिति सुनिश्चित करने के लिए विपक्षी नेताओं पर तीखे हमले कर रहे हैं। आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने भाई-भतीजावाद के आरोपों को लेकर बीजेपी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पलटवार करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पारिवारिक मूल्यों की बात करते हैं, लेकिन बिहार में जो हो रहा है उसे अनदेखा कर रहे हैं। तेजस्वी यादव ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर 20 जून को उनके बिहार दौरे से पहले निशाना साधा और कहा कि वह राष्ट्रीय दामाद आयोग (एनडीए) की बैठक में शामिल होने आ रहे हैं। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी रोजगार बांटने, गरीबी खत्म करने या पलायन रोकने नहीं बल्कि बिहार के लोगों को एक बार फिर धोखा देने आ रहे हैं। तेजस्वी यादव ने पटना में संवाददाताओं से कहा कि प्रधानमंत्री बताएंगे कि एनडीए का क्या मतलब है। वे राष्ट्रीय दामाद आयोग की बैठक में शामिल होने और शुभकामनाएं देने आ रहे हैं।

### भारी बारिश से कर्नाटक के कुछ हिस्सों में अलर्ट

**बेंगलुरु।** दक्षिण-पश्चिम मानसून के जोर पकड़ने के साथ ही, बेंगलुरु और कर्नाटक के अधिकांश हिस्सों में बारिश से भीगा हुआ सप्ताह देखने को मिल सकता है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने मौसम संबंधी कई अलर्ट जारी किए, जिसमें तटीय क्षेत्र के कुछ हिस्सों के लिए रेड अलर्ट और बेंगलुरु शहरी क्षेत्र सहित अन्य क्षेत्रों के लिए ऑरेंज और येलो अलर्ट शामिल हैं। आईएमडी ने अगले चार दिनों तक कर्नाटक में लगातार बारिश और तेज़ हवाओं का अनुमान जताया है। तटीय और आंतरिक जिलों के निवासियों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है, खासकर रेड और ऑरेंज अलर्ट वाले इलाकों में। कुछ इलाकों में हवा की गति 50 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंचने की उम्मीद है। दक्षिण कन्नड़, उत्तर कन्नड़, उडुपी, चिकमगलुरु, कोडागु और शिवमोग्गा के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है, जो अत्यधिक भारी बारिश का संकेत देता है।

### झारखंड में पत्नी ने जहर देकर पति को मार डाला

**रांची।** झारखंड के गढ़वा जिले में हैरान करने वाला मामला सामने आया है। झारखंड में एक 20 वर्षीय शादीशुदा महिला ने अपने ही पति की हत्या कर दी। इस घटना के सामने आने के बाद पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया है। आरोप है कि महिला ने अपने ही पति को जहर देकर मार डाला। महिला के खिलाफ उसकी सास ने शिकायत की है। सास द्वारा शिकायत किए जाने के बाद महिला को गिरफ्तार किया। इसके बाद अदालत में महिला को पेश किया गया है। मंगलवार को महिला को जेल भेजा गया है।

# शादी के लिए गोवा गई युवती की मिली लाश, प्रेमी गिरफ्तार

**पणजी।** दक्षिण गोवा के प्रतापनगर क्षेत्र के जंगल में एक 22 साल की लड़की की गला कटी लाश मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने इस मामले में उसकी हत्या के आरोप में बेंगलुरु निवासी संजय केविन एम को गिरफ्तार किया है। दोनों प्रेमी जोड़े थे। पुलिस के अनुसार, लड़की की पहचान रोशनी मोसेस एम के रूप में हुई है। वह उत्तर बेंगलुरु की रहने वाली थी। दोनों हाल ही में बेंगलुरु से गोवा शादी करने के इरादे से आए थे। किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। इसके बाद संजय ने रोशनी की गला रेतकर हत्या कर दी और शव को जंगल में फेंककर बेंगलुरु भाग गया।

घटना का खुलासा सोमवार शाम को हुआ। प्रतापनगर के जंगल में स्थानीय लोगों को एक युवती की लाश मिली। मौके पर पहुंचे दक्षिण गोवा के पुलिस अधीक्षक टिकम सिंह वर्मा ने बताया, यह हत्या प्रेम-प्रसंग, विवाह प्रस्ताव और उससे उत्पन्न विवाद के कारण हुई है। पुलिस ने घटनास्थल की छानबीन के बाद जांच शुरू की और कुछ सुरागों के आधार पर आरोपी संजय केविन एम की पहचान और लोकेशन ट्रेस की। 24 घंटे के भीतर आरोपी को बेंगलुरु से गिरफ्तार कर लिया गया।

## गाजा में 51 फिलिस्तीनी और मारे गए

**गाजा।** गाजा पट्टी में आवश्यक खाद्य सामग्री लेकर आने वाले ट्रकों के क्षेत्र में प्रवेश करने की प्रतीक्षा कर रहे फलस्तीनियों पर हुए हमले में कम से कम 51 लोगों की मौत हो गयी और 200 से अधिक लोग घायल हो गए। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय और एक स्थानीय अस्पताल ने यह जानकारी दी। क्षेत्र में ये लोग संयुक्त राष्ट्र और वाणिज्यिक ट्रकों के जरिये की जाने वाली राहत सामग्री की आपूर्ति का इंतजार कर रहे थे। फिलिस्तीनी प्रत्यक्षदर्शियों ने एपी को बताया कि इजराइली सेना ने खान यूनिस में भीड़ पर गोलीबारी करने से पहले पास के एक घर पर हवाई हमला किया। इजराइली सेना के मुताबिक, सैनिकों ने खान यूनिस में फंसे एक सहायता ट्रक के पास लोगों को इकट्ठा होते हुए देखा था।

# बंगाल में मनरेगा योजना फिर शुरू करने के निर्देश

## कलकत्ता हाईकोर्ट का निर्णय

**कोलकाता।** कलकत्ता हाई कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में एक अगस्त, 2025 से मनरेगा को फिर से शुरू करने का आदेश दिया है। केंद्र सरकार से कहा है कि वह कोई विशेष शर्त लगा सकती है, ताकि अतीत में हुई अनियमितताएं दोबारा न हों। पश्चिम बंगाल में मार्च 2022 में इस योजना को निलंबित कर दिया गया था। केंद्र ने मार्च 2022 में पश्चिम बंगाल को मनरेगा के तहत मिलने वाली राशि को निलंबित कर दिया था। इस योजना के क्रियान्वयन में व्यापक अनियमितताएं पाई गई थीं। आरटीआई के जवाबों के अनुसार, यह निर्णय 63 कार्यस्थलों के निरीक्षण के बाद लिया गया, जिसमें 31 स्थानों पर अनियमितताएं पाई गईं। पश्चिम बंगाल को वित्तीय वर्ष 2021-22 में मनरेगा के तहत 7,507.80 करोड़ रुपये मिले, लेकिन अगले तीन वित्तीय वर्षों में उसे कोई धनराशि नहीं मिली। अप्रैल में, कलकत्ता हाई कोर्ट ने कहा था कि राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी (एनआरईजी) अधिनियम शिकायतों के कारण योजना के कार्यान्वयन को अनिश्चित काल के लिए स्थगित करने की अनुमति नहीं देता है। इसने इस बात पर जोर दिया था कि उचित समय सीमा के भीतर उचित उपाय किए जाने चाहिए।

## असम में आठ करोड़ का मादक पदार्थ जब्त

**गुवाहाटी।** असम के श्रीभूमि जिले में आठ करोड़ रुपये मूल्य का मादक पदार्थ जब्त कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, मादक पदार्थ रोधी अभियान में श्रीभूमि पुलिस ने सदरशी में एक वाहन को रोका और आठ करोड़ रुपये मूल्य की याबा की 40,000 गोलियां जब्त कीं। एक तस्कर अब सलाखों के पीछे है। आवश्यक कानूनी प्रक्रियाएं पहले ही शुरू कर दी गई हैं।

# भारत-कनाडा में बहाल होंगे उच्चायुक्त, पीएम मोदी-कार्नी का बड़ा फैसला

**कनानास्किस।** कनाडा के कनानास्किस में आयोजित जी7 सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडा के नए प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के बीच पहली औपचारिक मुलाकात हुई। इस दौरान दोनों नेताओं ने दोनों देशों की राजधानियों में उच्चायुक्तों की नियुक्ति बहाल करने पर सहमति जताई। उन्होंने आपसी सहयोग को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया और अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद एवं विदेशी दमन जैसे मुद्दों पर सहयोग का वचन दिया। मोदी ने इस बैठक को बेहद आवश्यक बताया, जबकि कार्नी ने इसे सम्मानजनक करार दिया। इस मुलाकात ने राजनयिक तनाव को समाप्त करने और आपसी विश्वास बहाली की दिशा में मजबूत कदम उठाया।



दोनों नेताओं ने तकनीक, शिक्षा, कृषि और ऊर्जा सुरक्षा के क्षेत्रों में सहयोग की व्यापक संभावनाओं पर काम करने की प्रतिबद्धता जताई। कार्नी ने विशेष रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग की संभावनाओं पर जोर दिया। साथ ही, खालिस्तान जैसे संवेदनशील मुद्दों पर स्पष्ट और मजबूत कूटनीतिक समझ विकसित करने पर सहमति बनी, जो क्षेत्रीय सुरक्षा को सुनिश्चित करने में सहायक होगी। कार्नी का मोदी को जी7 में आमंत्रित करना और खालिस्तान समर्थकों की आपत्तियों को नजरअंदाज करना इस बात का संकेत है कि कनाडा की नई सरकार भारत को एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार के रूप में देखती है। मुलाकात के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भारत और कनाडा के संबंध कई मायनों से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। बता दें कि कनाडा की कई कंपनियां भारत में निवेश कर रही हैं, और ऐसे में दोनों देशों के रिश्ते लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित हैं। उन्होंने कहा, हमें लोकतंत्र और मानवता को और मजबूत करना होगा। वहीं, कनाडाई पीएम कार्नी ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी की जी7 में मेजबानी करना मेरे लिए गर्व की बात है। भारत 2018 से जी7 में हिस्सा ले रहा है, जो आपके देश, आपके नेतृत्व और वैश्विक मुद्दों के महत्व को दर्शाता है। हम एआई, ऊर्जा सुरक्षा, ऊर्जा परिवर्तन, अंतरराष्ट्रीय दमन और आतंकवाद जैसे मुद्दों पर मिलकर काम करना चाहते हैं। साथ ही कहा कि आपका यहां होना मेरे लिए सम्मान की बात है।

### पीएम मोदी ने की कई वैश्विक नेताओं से की मुलाकात

**टोरंटो।** कनाडा के कानानास्किस में चल रहे जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को सम्मेलन से इतर दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्यंग और मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम पार्डो ओब्रादोर समेत कई वैश्विक नेताओं से मुलाकात की। इस दौरान पीएम मोदी ने ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं सहित प्रमुख वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी बातचीत की। सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज, जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज की द्विपक्षीय बैठक हुई।

### हमारी दोस्ती बहुत खास है : मेलोनी

**कनानास्किस।** इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने कनानास्किस में जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। मुलाकात के बाद मेलोनी ने इटली और भारत को एक महान मित्रता से जुड़ा बताया। मेलोनी की पोस्ट पर पीएम मोदी ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने लिखा, मैं आपसे पूरी तरह सहमत हूं, प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी। इटली के साथ भारत की दोस्ती और मजबूत होती जाएगी, जिससे हमारे लोगों को बहुत लाभ होगा!

## नई पहचान और ढेर सारा अपनापन!

भारत के सबसे पसंदीदा मनोरंजन चैनलों में से एक, ज़ी टीवी हमेशा से सिर्फ कहानियों का जरिया नहीं रहा, बल्कि वो हर दर्शक के लिए एक साथी जैसा रहा है, जो ज़िंदगी के हर मोड़ पर साथ चलता आया है। इसी मजबूत रिश्ते को आगे बढ़ाते हुए चैनल ने अब अपनी नई पहचान के साथ एक नया अध्याय शुरू किया है - 'आपका अपना ज़ी'। 'साथ आने से बात बनती है' की सोच पर आधारित यह नई पहचान ज़ी टीवी के उन मूल्यों को फिर से याद दिलाती है, जो हमेशा से इसके सफर का हिस्सा रहे हैं। इसमें अपनेपन का एहसास, सच्ची कहानियां और दिल की गहराइयों में उतर जाने वाले जज़्बात शामिल हैं! इस खूबसूरत मौके को खास बनाने के लिए ज़ी टीवी ने ज़ी परिवार यानी उन कलाकारों को एक प्यारा-सा तोहफा भेजा, जो इन कहानियों को पर्दे पर जीते हैं और उन्हें ज़िंदा कर देते हैं। जैसे हम अपने घर में परिवार के साथ बैठकर गर्म चाय की चुस्कियों के बीच कोई पसंदीदा शो देखते हैं, बिल्कुल वैसे ही यह उपहार भी उसी अपनेपन और अपनों के साथ का एहसास कराता है। 'जाने अनजाने हम मिले' की रीत यानी आयुषी खुराना ने कहा, ''ज़ी टीवी का नया लोगो एक खूबसूरत बदलाव है।'' 'कुमकुम भाग्य' के शिवांश यानी नमिक पॉल ने कहा, ''ज़ी टीवी हमेशा मेरे लिए घर जैसा रहा है। इस नई पहचान में जो बात मुझे सबसे ज्यादा पसंद आई, वो यह है कि अब कहानियां असल ज़िंदगी से और भी ज्यादा जुड़ रही हैं।'' 'वसुधा' की वसुधा यानी प्रिया ठाकुर ने कहा, ''ज़ी टीवी के इस नए सफर का हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत खास है।'' 'जमाई नं.1' के नील यानी अभिषेक मलिक ने कहा, ''नए लोगो और नई सोच के साथ ज़ी टीवी का यह बदलाव बड़ी खूबसूरती से यह दिखाता है कि चैनल अपने दर्शकों के साथ-साथ लगातार आगे बढ़ता जा रहा है।''

## नौशीन अली सरदार का खूबसूरत घूमर परफॉर्मेंस



लोकप्रिय शो 'वसुधा' अपनी दिल छू लेने वाली कहानी और गहरे किरदारों के जरिए देशभर के दर्शकों से जुड़ गया है। इस हफ्ते कहानी में एक भावुक मोड़ आएगा, जब वसुधा (प्रिया ठाकुर) टूट जाती है क्योंकि अब चौहान परिवार को देवांश (अभिषेक शर्मा) के लिए मेघा (मनदीप कौर) सबसे सही जीवनसाथी लगने लगी है। आने वाले सीक्वेंस में देवांश और मेघा की सगाई का जश्न मनाया जाएगा, जहां माहौल पूरे उत्साह, संगीत और परंपराओं से सजा होगा। लेकिन सगाई के इस जश्न में एक पल ऐसा होगा जो सबका दिल जीत लेगा - शो में चंद्रिका का किरदार निभा रहीं नौशीन अली सरदार का बेहद खूबसूरत घूमर परफॉर्मेंस। राजस्थान की परंपरा से जुड़ा घूमर महिलाओं द्वारा किए जाने वाला एक पारंपरिक लोकनृत्य है, जो नई शुरुआत के मौके पर किया जाता है। और नौशीन ने इसे पूरे सम्मान और सच्चाई के साथ पेश किया। दमदार घूमर, भावों से भरी हाथों की मुद्राएं और उनकी करिश्माई मौजूदगी, ये सबकुछ मिलकर इस परंपरा की खूबसूरती को ज़िंदा कर रहे थे। इस सीन के लिए नौशीन ने चार दिन तक जमकर रिहर्सल की, प्रोफेशनल कोरियोग्राफर से ट्रेनिंग ली और घूमर की हर बारीकी को समझने में पूरा ध्यान दिया, चाहे वो कदमों की रफ्तार हो या भावों की गहराई। नौशीन अली सरदार ने कहा, ''शूटिंग के दिन मैंने कई रीटेक्स में पूरे 22 घूमर किए ताकि इस सीन को अलग-अलग एंगल्स से शूट किया जा सके। यह परफॉर्मेंस शारीरिक रूप से काफी चुनौतीपूर्ण थी, लेकिन उस वक्त का जोश और जज़्बात मुझे लगातार आगे बढ़ाते रहे। मैं चाहती थी कि सिर्फ डांस में ही नहीं, बल्कि मेरे जोश में भी वो गहराई नजर आए।'' मालूम हो कि ज़ी टीवी पर 'वसुधा' रोज रात सवा दस बजे ज़ी टीवी पर प्रसारित है।

बाजार दर्पण

